आश्विन शुक्ल पक्ष पंचमी उपरांत 11:18 षष्ठी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 8 अक्टूबर 2024

वर्ष 34 , अंक 250, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गैस की धारा छोड़ रहे बर्फीले पिंड की खोज 16

शर्वरी ने दिखाया फिटनेस का जलवा 15

## 117 वर्षों बाद दुधवा में मिला दुर्लभ सांप पेंटेड कीलबैक

संवाददाता, पलिया कलां (लखीमपुर खीरी)

- बायोलॉजिस्टों ने की इस गैर विषैले सांप की पहचान और पुष्टि

**अमृत विचार :** दुधवा टाइगर रिजर्व में 117 साल बाद दुर्लभ प्रजाति का गैर विषैला सांप पेंटेड कीलबैक मिला है। दुधवा टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक डा. रंगा राजू टी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले में वर्ष 1907 में पेंटेड कीलबैक देखे जाने के बाद अब इसकी उपस्थिति दुधवा में दर्ज की गई है। पेंटेड कीलबैक को नकौआ नाले के पास स्थित दीमक के एक टीले के निकट मृत पाया गया। उसके शरीर के लाल-नारंगी रंग सहित अन्य विशेष चिन्हों और स्किल पैटर्न से बायोलॉजिस्टों ने इसकी पहचान प्रिंटेड कीलबैक के रूप में की।



विश्व प्रकृति निधि के क्षेत्रीय अधिकारी रोहित रवि, बायोलॉजिस्ट विपिन सैनी एवं अपूर्व गुप्ता आदि ने गजन जांच कर पेंटेड कीलबैक की पहचान और पुष्टि की।

## दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार

**स्टॉकहोम।** माइक्रो आरएनए की खोज के लिए अमेरिकी वैज्ञानिकों विक्टर एंब्रोस और गैरी रुवकुन को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा सोमवार को की गई। नोबेल असेंबली ने कहा कि इन वैज्ञानिकों की खोज जीवों के विकास और कार्यप्रणाली के लिए मौलिक रूप से महत्वपूर्ण साबित हो रही है। नोबेल समिति के महासचिव थॉमस पर्लमैन ने कहा कि एंब्रोस ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में वह शोध किया जिसके कारण उन्हें यह पुरस्कार दिया जाएगा। रुवकुन का अनुसंधान मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में किया गया।

# विकसित भारत का लक्ष्य पूरा होने तक चैन से नहीं बैठूंगा

नई दिल्ली, एजेंसी

### प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक पद पर 23 वर्ष पूरे होने पर देशवासियों का जताया आभार

पहले गुजरात और फिर केंद्र में सरकार के मुखिया के रूप में सार्वजनिक पद पर रहते हुए 23 वर्ष की अवधि पूरी करने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भारतीयों को आश्वस्त किया कि वह और भी अधिक जोश के साथ अथक परिश्रम करते रहेंगे तथा तब तक चैन की सांस नहीं लेंगे जब तक कि विकसित भारत का सामूहिक लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता।

मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में बहुत कुछ हासिल किया गया है लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि सरकार के मुखिया के रूप में 23 वर्ष की अवधि पूरे होने पर सभी लोगों का हार्दिक आभार। सात अक्टूबर, 2001 को मैंने गुजरात के मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाली थी। तब गुजरात कई चुनौतियों 2001 का कच्छ भूकंप, इससे पहले सुपर साइक्लोन, भयंकर सूखा और कई दशकों के कांग्रेस का कुशासन जैसे लूट, सांप्रदायिकता और जातिवाद का सामना कर रहा था। जनशक्ति से प्रेरित होकर हमने गुजरात का पुनर्निर्माण किया और इसे प्रगति की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, यहां तक कि कृषि जैसे क्षेत्र में भी जिसके लिए राज्य को पारंपरिक रूप से नहीं जाना जाता था। उन्होंने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके 13 वर्ष के कार्यकाल के दौरान समृद्धि सुनिश्चित हुई।

#### एक दशक में अनेक चुनौतियों का किया समाधान

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में हम अपने देश के समक्ष मौजूद अनेक चुनौतियों का समाधान करने में सफल रहे हैं। 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी के चंगुल से बाहर निकल गए हैं। भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और इससे विशेष रूप से हमारे एमएसएमई, स्टार्ट-अप क्षेत्र तथा अन्य को मदद मिली है। उन्होंने कहा कि मेहनतकश किसानों, नारी शक्ति, युवा शक्ति और गरीबों के साथ-साथ समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों के लिए समृद्धि के नए रास्ते खुल गए हैं।



#### विश्व हमारी सफलता का हिस्सा बनने को उत्सुक

मोदी ने कहा कि विश्व हमारे साथ जुड़ने, हमारे लोगों में निवेश करने और हमारी सफलता का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक है। भारत वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर काम कर रहा है, चाहे वह जलवायु परिवर्तन हो, स्वास्थ्य सेवा में सुधार हो, सतत विकास लक्ष्य हासिल करना हो या अन्य। कहा कि मैं देशवासियों को आश्वस्त करता हूं कि मैं लोगों की सेवा में और भी अधिक जोश के साथ अथक परिश्रम करता रहूंगा। जब तक विकसित भारत का सामूहिक लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता, मैं चैन से नहीं बैठूंगा।




# संजय रॉय ने ही किया था प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या

### आरजी कर मामलाः सीबीआई ने दाखिल किया आरोपपत्र, सामूहिक दुष्कर्म का उल्लेख नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर दिया है।

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि सीबीआई ने कोलकाता की एक विशेष अदालत में दाखिल अपने आरोपपत्र में कहा है कि स्थानीय पुलिस के साथ स्वयंसेवक के रूप में काम करने वाले रॉय ने 9 अगस्त को अस्पताल के सभागार में घटना को तब अंजाम दिया था जब प्रशिक्षु चिकित्सक वहां सोने के लिए गई थी।

अधिकारियों के अनुसार, एजेंसी ने आरोपपत्र में सामूहिक बलात्कार के आरोप का उल्लेख नहीं किया है, जिससे संकेत मिलता है कि रॉय ने अकेले ही अपराध को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि कोलकाता पुलिस ने रॉय को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 10 अगस्त को गिरफ्तार किया था, जिसमें वह 9 अगस्त की सुबह सेमिनार रूम में प्रवेश करते हुए दिखा था। सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 14 अगस्त को जांच का जिम्मा संभाला था। सीबीआई ने रॉय को हिरासत में लिया और उससे विस्तृत पूछताछ की, जिसके बाद पॉलीग्राफ टेस्ट कराया गया।

रॉय ने नार्को विश्लेषण के लिए सहमति देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद सीबीआई परीक्षण पर आगे नहीं बढ़ सकी। मामले में ताला पुलिस थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल और मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। घोष कथित भ्रष्टाचार से संबंधित सीबीआई के एक अन्य मामले का भी सामना कर रहे हैं। प्रशिक्षु चिकित्सक का शव नौ अगस्त को सुबह 9.30 बजे उसके एक सहकर्मी ने वार्ड में राउंड शुरू करने से पहले उसकी तलाश के दौरान देखा था। ताला पुलिस थाने को एक महिला के बेहोशी की हालत में पड़े होने के बारे में सूचित किया गया था और उसका दल पूर्वाह्न करीब 10.30 बजे मौके पर पहुंचा। प्रशिक्षु चिकित्सक की हत्या के बाद देशभर में रेजिडेंट डॉक्टर ने बेहतर सुरक्षा की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।



- 9 अगस्त को अस्पताल के सभागार में दिया था घटना को अंजाम

#### 9 से देश व्यापी भूख हड़ताल करेंगे चिकित्सक

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में कनिष्ठ चिकित्सक के बलात्कार और हत्या के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए) ने सोमवार को देशव्यापी भूख हड़ताल की घोषणा की। चिकित्सकों के संघ ने आज एक बैठक की और घोषणा की कि भूख हड़ताल बुधवार को शुरू होगी। नौ अगस्त को पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या की घटना सामने आई थी। एफएआईएमए के अध्यक्ष सुवर्णकर दत्ता ने कहा कि हम पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के साथ निकट संपर्क में हैं और अपने रुख पर एकजुट हैं। दत्ता ने कहा कि व्यापक विचार-विमर्श के बाद हमने पश्चिम बंगाल में अपने सहयोगियों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए देशव्यापी भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया है।

### मुख्यमंत्री योगी ने कहा-हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान हो

# महापुरुषों के प्रति टिप्पणी अस्वीकार्य लेकिन अराजकता भी बर्दाश्त नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने अधिकारियों के साथ की कानून-व्यवस्था की समीक्षा
- त्योहारों पर माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर करें कार्रवाई

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसी भी जाति, मत-मजहब अथवा संप्रदाय से जुड़े हुए ईष्ट देवी-देवता, महापुरुषों और साधु-संतों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सोमवार को मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव गृह, एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की अपने सरकारी आवास पर समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के प्रति प्रत्येक नागरिक के मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, लेकिन इसके लिए बाध्य नहीं किया सकता और जबरन किसी पर थोपा भी नहीं जा सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, महापुरुषों, देवी-देवता, संप्रदाय आदि की आस्था के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कठोरता पूर्वक सजा दिलवाई जाएगी, लेकिन सभी मत, मजहब, सम्प्रदाय के लोगों को एक-दूसरे का सम्मान करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोध के नाम पर अराजकता, तोड़-फोड़ अथवा आगजनी स्वीकार नहीं है, जो कोई ऐसा दुस्साहस करेगा, उसे उसकी कीमत चुकानी होगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि शारदीय नवरात्रि, विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो, यह हर जिला-प्रत्येक थाना को सुनिश्चित करना होगा। माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करें। कानून के विरुद्ध कार्य करने वालों के साथ सख्ती से निपटें। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### पर्वों पर आमजन को न होने पाए परेशानी



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे के पहले सोमवार की शाम ग्राउंड जीरो पर उतरकर विकास परियोजनाओं का जायजा लिया। अधिकारियों के साथ शिलान्यास और लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं, विकास कार्यों और कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने दुर्गा पूजा, विजयादशमी एवं अन्य पर्वों पर पूरी चौकसी बरते जाने के साथ ही सुरक्षाकर्मियों की तैनाती पर जोर दिया। योगी ने कहा कि पर्वों पर किसी भी प्रकार से आमजन को परेशानी न होने पाए।

### एक नजर

#### हाईकोर्ट में इस माह 13 दिन होंगे न्यायिक कार्य

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में 15 अक्टूबर तक दशहरा अवकाश रहेगा। इसके चलते 8 दिनों तक हाईकोर्ट में कोई भी न्यायिक कार्य नहीं होगा। नए दाखिल केसों की सुनवाई अब 15 अक्टूबर के बाद होगी। दशहरा एवं उसके बाद दीपावली अवकाश के कारण हाईकोर्ट अक्टूबर माह में केवल 13 दिनों के लिए ही खुला रहेगा। न्यायिक कार्य पूरे माह में मात्र 13 दिन ही होना है।

#### बस पलटने से तीन यात्रियों की मौत, कई घायल

**पालनपुर (गुजरात), एजेंसी।** गुजरात के बनासकांठा जिले में सोमवार को सुबह अंबाजी मंदिर से तीर्थ यात्रियों को लेकर जा रही एक निजी बस के पलट जाने से उसमें सवार तीन यात्रियों की मौत हो गई और लगभग 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक अक्षय राज ने बताया कि तीन यात्रियों की मौत होने के साथ नौ गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि 25 अन्य को मामूली चोटें आईं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

#### दो इनामी समेत चार नक्सली गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** बिहार के नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) टीम की संयुक्त कार्रवाई में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा-माओवादी के दो जोनल कमांडर समेत चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि किसी नक्सली घटना को अंजाम देने के लिए अवैध हथियार और कारतूस के साथ कुछ नक्सली बघोई टोला सत्यदेव नगर में सत्येन्द्र सिंह के घर पर रुके हुए हैं, जिस पर पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई की।

## कासगंज में पुलिस की पिटाई से आहत दलित ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** रामलीला मंचन के दौरान दलित युवक का कुर्सी पर बैठना पुलिस कर्मियों को नागवार लगी, उन्होंने उसे जातिसूचक गालियां देते हुए पिटाई की। जिससे आहत होकर उसने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। उसकी पत्नी ने आरोपी दो पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सोरों कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के पीछे गांव के ही कुछ लोगों की साजिश की बात कही जा रही है।

सोरों के गांव सलेमपुर में रामलीला का मंचन चल रहा है। रविवार को गांव निवासी 50 वर्षीय रमेश दिवाकर पुत्र कन्हई लाल पंडाल में पड़ी कुर्सी पर बैठकर रामलीला देख रहे थे। आरोप है कि रामलीला कमेटी के इशारे पर पुलिस कर्मी विक्रम और एक अन्य कांस्टेबल ने रमेश का गिरेबान पकड़कर उठा लिया और अलग ले जाकर पिटाई कर जातिसूचक गालियां दीं। पिटाई से आहत रमेश ने घर आकर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन सिपाहियों पर आरोप लगाकर कर्रवाई की मांग करने लगे। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने मौका मुआयना कर ग्रामीणों और परिजनों से जानकारी ली। मृतक की पत्नी रामरती देवी ने तहरीर में कहा कि विक्रम नाम के सिपाही ने भरे पंडाल में मारपीट की। इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ तहरीर दी गई है। जांच की जा रही है।



#### भीम आर्मी जिलाध्यक्ष ने जताई नाराजगी

भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विशाल कुमार ने नाराजगी जताते हुए कहा कि रमेश दिवाकर कुर्सी पर बैठे थे। इसी पर पुलिस कर्मियों ने मारपीट की। उनके सम्मान को ठेस पहुंची। ग्राम प्रधान गुड्डू ने कहा कि कुछ लोगों के इशारे पर पुलिस कर्मियों ने मारा पीटा।

#### विधान भवन के सामने युवक ने लगाई आग

**लखनऊ।** विधान भवन के सामने सोमवार दोपहर करीब 3 बजे युवक ने शरीर पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा लिया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन कंबल डालकर आग बुझाई फिर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक टेंट हाउस मालिक रंजीत चक्रवर्ती से लेनदेन का विवाद था। टेंट हाउस मालिक को हिरासत में लिया गया है। पुराना चबूतरा दालमंडी सआदतगंज निवासी मुन्ना विश्वकर्मा (40) आलमबाग के बंगाल टेंट हाउस में बिजली का काम करता था। एक महीने पहले शिकायत करने पर आलमबाग थाने की मवैया चौकी पुलिस ने दोनों को बुलाया। आरोप है कि पुलिस ने टेंट हाउस मालिक का साथ देते हुए उसे चौकी से भगा दिया। आर्थिक तंगी के कारण वह बेटे की फीस भी नहीं भर पा रहा था।

## आप सांसद संजीव अरोड़ा के ठिकानों पर ईडी का छापा

**जालंधर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा तथा अन्य लोगों के खिलाफ जमीन धोखाधड़ी के एक मामले में सोमवार को जालंधर, लुधियाना, गुरुग्राम तथा दिल्ली में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सांसद के पंजाब के लुधियाना और हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित आवास समेत करीब 16-17 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। जालंधर में जिन स्थानों पर तलाश ली जा रही है उनमें रियल एस्टेट कारोबारी हेमंत सूद और एक अन्य व्यक्ति चंद्र शेखर अग्रवाल के परिसर भी शामिल हैं। अरोड़ा ने कहा कि उन्हें नहीं पता है कि असल में किस कारण से तलाशी की जरूरत पड़ी।

## विधान भवन के सामने युवक ने खुद लगाई आग, गंभीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सिविल अस्पताल में चल रहा इलाज 50 प्रतिशत से अधिक झुलसा

**अमृत विचारः** विधान भवन के सामने सोमवार दोपहर करीब 3 बजे युवक ने शरीर पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा लिया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन कंबल डालकर आग बुझाई। इसके बाद सिविल अस्पताल लेकर गए। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार 50 प्रतिशत से अधिक झुलस गया है। पुलिस के मुताबिक टेंट हाउस मालिक से लेनदेन का विवाद था। पूछताछ के लिए टेंट हाउस मालिक को हिरासत में लिया गया है।

पुराना चबूतरा दालमंडी सआदतगंज निवासी मुन्ना विश्वकर्मा (40) आलमबाग के बंगाल टेंट हाउस में बिजली का काम करता था। टेंट हाउस मालिक रंजीत चक्रवर्ती से उसका लेनदेन का विवाद था। एक महीने पहले आलमबाग थाने की मवैया चौकी की पुलिस ने शिकायत मिलने पर दोनों को बुलाया। मुन्ना का आरोप है कि पुलिस ने टेंट हाउस मालिक का साथ देते हुए उसे चौकी से भगा दिया। उसकी एक बात नहीं सुनी। आर्थिक तंगी के कारण वह अपने बेटे की फीस भी नहीं भर पा रहा था। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी के मुताबिक मुन्ना 50 प्रतिशत झुलस गया है।

## गोंडा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, दो की मौत

संवाददाता, गोंडा

- तीन की हालत गंभीर, एसपी व सीओ ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**अमृत विचार :** तरबगंज थाना क्षेत्र का बेलसर बाजार सोमवार को धमाके से दहल उठा। बाजार से सटे एक मकान में अवैध रूप से चल रही एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। विस्फोट की जद में आकर लल्लू (30) व आकाश (15) की मौत हो गई। जबकि अयूब (17), कृष्ण कुमार (24) व इश्तियाक (40 ) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही तरबगंज एसएचओ राजेश सिंह व सीओ विनय सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस की मदद से पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन अस्पताल के डाक्टरों ने घायलों की हालत को देखते हुए उन्हे लखनऊ रेफर कर दिया। कुछ देर बाद एसपी विनीत जायसवाल व तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय भी घटनास्थल पर पहुंच गए। एसपी ने बताया कि दो लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। जबकि तीन घायल हैं। उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है। मौके पर डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम बुलाई गई है। पटाखा फैक्ट्री बिना लाइसेंस के चल रही थी।

# 35 करोड़ की ठगी का आरोप, 6 बैंक खातों में सिर्फ 640 रुपये



इसी मशीन से जवान बनाने का किया दावा।

### जवानी की मशीन से बूढ़ों को युवा बनाने का आरोपी पहुंचा डीसीपी कार्यालय, दर्ज कराए बयान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बोला, मैं ठग नहीं, आरोप लगाने वाले ब्लैकमेलर, कभी नहीं कहा कि इजराइल से मंगाई मशीन
- डीसीपी और एसीपी ने की पूछताछ, अब आरोपी के दावों की सत्यता परख रही है एसआईटी



**अमृत विचार :** बुजुर्गों को जवान बनाने का झांसा देकर 35 करोड़ रुपये की ठगी का आरोपी स्वरूप नगर निवासी राजीव दुबे सोमवार दोपहर डीसीपी साउथ कार्यालय पहुंचा और बयान दर्ज कराए। खुद को बेकसूर बताते हुए उसने कहा कि उसके 6 बैंक खातों में मात्र 640 रुपये हैं। कंपनी ने कुल 40 लाख का ट्रांजेक्शन किया है। मैं ठग नहीं हूं, आरोप लगाने वाले ब्लैकमेलर हैं। मैंने कभी नहीं कहा था कि जवानी की मशीन इजराइल से मंगाई है। डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा और एसीपी बाबूपुरवा अंजली विश्वकर्मा ने काफी देर तक उससे पूछताछ की, बाद में पुलिस उसे साकेत नगर स्थित जिम ले गई। एसआईटी टीम अब आरोपी के दावों की जांच कर रही है।

जवानी की मशीन से लोगों को झांसा देकर ठगी के आरोपी राजीव दुबे के डीसीपी कार्यालय पहुंचने पर उसे देखने वालों की भीड़ जमा हो गई। इस पर किदवई नगर थाने से फोर्स बुलाना पड़ा। पुलिस को दर्ज कराए बयान में आरोपी ने 35 करोड़ की ठगी का आरोप निराधार बताते हुए कहा कि वह और पत्नी रश्मि दुबे बेकसूर हैं। आरोपी ने रिपोर्ट दर्ज कराने वाली रेनू सिंह चंदेल को ब्लैकमेलर बताते हुए कहा कि वह और उनके साथी पीछे पड़े हैं। उसके पास आडियो साक्ष्य हैं, पहले 5 लाख फिर 10 लाख, बाद में 18 लाख रुपये की मांग की गई। राजीव ने पुलिस को बताया कि उसने कभी नहीं कहा था कि मशीन इजराइल से मंगाई है। अगर ठगी करनी होती तो पत्नी के नाम का सहारा क्यों लेता और मूल दस्तावेजों का उपयोग क्यों करता। उसके विदेश भागने की बात कही जा रही है, आरोप लगाने वालों को नहीं पता है कि उसका पासपोर्ट डेढ़ वर्ष पहले एक्सपायर हो चुका है।

एसआईटी टीम अब आरोपी के बयान की सत्यता परखने के साथ उसके बैंक खातों की जांच कर रही है। देर शाम आरोपी को साकेत नगर स्थित रिवाइवल वर्ल्ड के ऑफिस ले जाया गया। इसी संस्था के नाम से उस पर ठगी करने का आरोप है। बीती 20 सितंबर को स्वरूप नगर निवासिनी रेनू सिंह चंदेल द्वारा राजीव दुबे और पत्नी रश्मि पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद आफिस और कथित मशीन पहले ही सील की जा चुकी है।

> किदवई नगर थाने में पंजीकृत मुकदमे में स्वरूप नगर निवासी राजीव दुबे और पत्नी रश्मि पर आरोप था कि इजराइल की मशीन से 60 साल के बूढ़ों को 25 साल का जवान बना दिया जाएगा। इस मामले में सोमवार को राजीव दुबे बयान दर्ज करने डीसीपी कार्यालय पहुंचे। अभी जो धाराएं उन पर लगी हैं, उनमें गिरफ्तारी नहीं है। मामले की सघन जांच की जा रही है, इसके बाद धाराएं बढ़ाई जाएंगी। आरोपी के बैंक अकाउंट के ट्रांजेक्शन देखे जा रहे हैं। आरोप लगाने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। - **अंकिता शर्मा**, डीसीपी साउथ।

## एक नजर

### वृंदावन और गाजीपुर में महिला शरणालय बनेंगे

अमृत विचार, लखनऊ : मथुरा स्थित वृंदावन और गाजीपुर में में निराश्रित महिलाओं के लिए शरणालय बनेंगे। शक्ति सदन (होम फॉर विडोज) योजना के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग ने वृंदावन में एक हजार क्षमता के सदन संचालन के लिए दो करोड़ 42 लाख 75 हजार रुपये का प्रावधान किया गया है, इसके सापेक्ष 81 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। गाजीपुर में निर्माणाधीन राजकीय महिला शरणालय के निर्माण कार्य के लिए 6 करोड़ 29 लाख 79 हजार रुपये के सापेक्ष एक करोड़ 50 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं, जबकि पहली किस्त के तौर पर दो करोड़ रुपये पूर्व में अवमुक्त की जा चुकी है।

### बाल सामान्य योजना के लिए मिला बजट

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के लिए बजट मिल गया है। 25 सौ पात्रों के खाते में दो दिन के भीतर राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। बाल सेवा योजना सामान्य में पात्रों को तिमाही भुगतान किया जाता है। पात्र को प्रतिमाह 25 सौ रुपये के हिसाब से दिए जाते हैं। वहीं, वहीं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के लिए आंशिक बजट मिला है। पात्रों को 4 हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जाती है और सहायता छमाही दी जाती है। जिले के 912 पात्रों के लिए 2 करोड़ 18 लाख 88 हजार रुपये की जरूरत है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि एक-दो दिन में बजट आ जाएगा। बजट आते ही पात्रों के खाते में धनराशि हस्तांतरित की जाएगी।

### नशीले पदार्थ की तस्करी के गिरोह का सरगना गिरफ्तार

अमृत विचार , लखनऊ : नशीले पदार्थ की तस्कर करने वाले गिरोह के सरगना को एसटीएफ ने 4 अक्टूबर को भुवनेश्वर से गिरफ्तार किया है। उस पर उप्र पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। सीजेएम खोरदा के न्यायालय में पेश कर 72 घंटे की रिमांड हासिल कर आरोपी को ललितपुर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया गया है। एसटीएफ के एएसपी सत्यसेन यादव के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी राम कुमार बारिक ओडिसा के कंटामल स्थित रुण्डीमल का रहने वाला है। यह गिरोह उड़ीसा से झारखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान होते हुए श्रीनगर-कन्याकुमारी राष्ट्रीय राजमार्ग से तस्करी करता है। 25 सितंबर को इस गिरोह के दो सदस्यों को 2.90 करोड़ के नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। इस मामले में ललितपुर के कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसी मामले में रामकुमार बारिक फरार चल रहा था।

# बृजेश नारायण बने सहकारी समितियों के प्रभारी आयुक्त

## दो आईएएस अफसरों का किया गया स्थानांतरण, नौ पीसीएस को मिली कुलसचिव पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य सरकार ने दो आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण करने के साथ उप्र. के 10 राज्य विश्वविद्यालयों में आईएएस (एक) व पीसीएस (नौ) अधिकारियों को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है।

आईएएस अधिकारी बृजेश नारायण सिंह को विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा से प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक सहकारी समितियां उप्र. बनाया गया है। वहीं, राजेश प्रकाश को अपर आयुक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद से प्रभारी निदेशक मत्स्य उप्र. बनाया गया है। इनके अलावा आईएएस अधिकारी राजेश कुमार अपर आयुक्त आगरा को वर्तमान पद के साथ कुलसचिव डा. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

**▶▶ अपर आयुक्त आगरा राजेश कुमार को अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलसचिव का अतिरिक्त प्रभार**

पीसीएस अधिकारियों में पुष्पराज सिंह अपर आयुक्त प्रयागराज मंडल को कुलसचिव प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विवि प्रयागराज का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। हरिओम शर्मा अपर आयुक्त गोरखपुर मंडल को कुलसचिव दीनदयाल उपाध्याय विवि गोरखपुर, विजय कुमार सिंह अपर आयुक्त अलीगढ़ को कुलसचिव राजा महेंद्र प्रताप सिंह विवि अलीगढ़ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। प्रमोद कुमार अपर आयुक्त न्यायिक बलरामपुर को कुलसचिव मां पाटेश्वरी विवि बलरामपुर, डा. विश्राम अपर आयुक्त मिर्जापुर को कुलसचिव मां विंध्यवासिनी विवि मिर्जापुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

शशि भूषण अपर आयुक्त मुरादाबाद को कुलसचिव गुरु जंभेश्वर विवि मुरादाबाद, दुर्गेश मिश्रा अपर नगर आयुक्त नगर निगम गोरखपुर को कुलसचिव मदन मोहन मालवीय प्राविधिक विवि गोरखपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अंजू वर्मा उप श्रमायुक्त असंगठित क्षेत्र श्रम आयुक्त संगठन मुख्यालय कानपुर नगर को कुलसचिव हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विवि कानपुर और निरंकार सिंह अपर नगर आयुक्त नगर निगम गोरखपुर को कुलसचिव महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विवि गोरखपुर का अतरिक्त प्रभार दिया है।

### कुलसचिव कॉडर के अफसरों की थी कमी

उच्च शिक्षा विभाग ने कुलसचिव कॉडर के अधिकारियों की कमी होने के चलते नियुक्ति विभाग से विश्वविद्यालयों में कुलसचिव तैनात करने का अनुरोध किया था। नियुक्ति विभाग ने इसके आधार पर यह तैनातियां की है।

# 22 पीपीएस बनेंगे आईपीएस अफसर

## 1995 व 1996 बैच के अधिकारियों की हुई डीपीसी, दो का लिफाफा रहा बंद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. पुलिस के 24 पीपीएस अधिकारियों को आईपीएस संवर्ग में प्रोन्नति देने के लिए विभागीय प्रोन्नति कमेटी की बैठक (डीपीसी) हुई। इनमें से 22 पीपीएस अधिकारियों को आईपीएस पद पर प्रोन्नत करने पर सहमति बनी। दो पीपीएस अधिकारियों की जांच लम्बित होने के कारण प्रमोशन का लिफाफा बंद रखा गया।

लोकभवन में सोमवार को साल 1994, 95 व 1996 बैच के पीपीएस अधिकारियों को प्रोन्नति के लिए लोकसेवा आयोग के सदस्य, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार की मौजूदगी में बैठक हुई। आईपीएस संवर्ग में जाने वाले इन अफसरों में बजरंग बली, डॉ. दिनेश यादव, समीर सौरभ, मो. इरफान अंसारी, अजय प्रताप, नेपाल सिंह, अनिल कुमार, कमलेश बहादुर, राकेश कुमार सिंह, अनिल भरत कुमार पाल, रश्मी रानी, अनिल कुमार यादव, संजय कुमार, शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लक्ष्मी निवास मिश्र, राजेश कुमार श्रीवास्तव, चिरंजीव नाथ सिन्हा, विश्वजीत श्रीवास्तव, मनोज कुमार अवस्थी, अमृता मिश्रा, रोहित मिश्रा, शिवराम यादव, अशोक कुमार और दीपेंद्र नाथ चौधरी शामिल हैं। डीपीसी में कागजी औपचारिकताओं में कमी पाये जाने के चलते 1996 बैच के शैलेन्द्र श्रीवास्तव पर सहमति नहीं बनी। जबकि, अजय प्रताप से जुड़े अभियोजन के एक मामले और साल 1993 बैच के पीपीएस अधिकारी संजय कुमार यादव की लंबित जांच के कारण इन दोनों की प्रोन्नति पर फिलहाल फैसला नहीं लिया जा सका।

### दंपतियों को भी मिला प्रमोशन

विभागीय प्रोन्नत समिति की बैठक में दिवाली से पहले प्रोन्नति की खुशखबरी पाने वालों में से एक बाराबंकी में तैनात एडिशनल एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा और अभिसूचना इकाई में तैनात उनकी पत्नी रश्मि रानी हैं। जबकि दूसरे शाहजहांपुर में कार्यरत एडिशनल एसपी मनोज अवस्थी और स्थापना में तैनात उनकी पत्नी अमृता मिश्रा हैं।

# राष्ट्र-धर्म की रक्षा और निर्दोषों को बचाने के लिए हिंसा धर्म सम्मत

**वाराणसी में बोले मुख्यमंत्री**

## एक वर्ग हिंदू धर्म के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी व मूर्तियों को खंडित करना समझता है अपना जन्मसिद्ध अधिकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हिंदू धर्म किसी का अंत नहीं चाहता। वह 'अहिंसा परमो धर्मः' की बात कहता है, लेकिन वह 'धर्म हिंसा तथैव च...' की भी बात करता है। अर्थात अहिंसा परम धर्म है, लेकिन राष्ट्र-धर्म की रक्षा और निर्दोषों को बचाने के लिए हिंसा करनी पड़े तो यह धर्मसम्मत मान्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी में भारत सेवाश्रम संघ सिगरा में दुर्गा पूजा समारोह में बोल रहे थे।

योगी ने कहा कि 'अहिंसा परमो धर्मः' का पक्ष कहता है कि हम सेवा के कार्य से जुड़ें। दीन-दुखियों की सेवा के लिए जीवन समर्पित करें, लेकिन एकता-अखंडता को कोई चुनौती देगा और सीमाओं का अतिक्रमण करेगा तो राष्ट्र की सुरक्षा-संप्रभुता, देश की रक्षा के लिए धर्म सम्मत हिंसा के पक्षधर भी हैं, जो जनता को सुरक्षा प्रदान कर सके और भारत को एक भारत-श्रेष्ठ भारत रख सके। योगी ने कहा कि एक तबका हिंदू धर्म के देवताओं के खिलाफ अपमान जनक टिप्पणी, महापुरुषों को अपमानित व मूर्तियों को खंडित करना जन्मसिद्ध अधिकार समझ लेता है। यदि किसी के द्वारा विद्वेष में कोई शब्द कहे जाते हैं तो उसे लेकर जमीन-आसमान एक करने का कुत्सित प्रयास होता है। मुख्यमंत्री ने आगाह किया कि कानून को हाथ में लेने का दुस्साहस न करें। ऐसा करने वालों को कानून की गिरफ्त में आना ही होगा। अराजकता को बढ़ावा देने वाले से कानून सख्ती से पेश आएगा। योगी ने कहा कि हर मत, पंथ व संप्रदाय की आस्था का सम्मान है, लेकिन कानून को हाथ में लाने की स्वतंत्रता नहीं होगी।



मुख्यमंत्री को स्वामी प्रणवानंद का संदेश भेंट करते भारत सेवाश्रम संघ के लोग।

### बंगाल में असहाय दिखता है सनातन धर्म

योगी ने कहा कि जिस बंगाल में जगतजननी मां भगवती के अनुष्ठान का शुभारंभ होता है, उस बंगाल में आज सनातन धर्म असहाय व असुरक्षित दिखता है। जिस बंगाल ने जगदीश चंद्र बसु, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, स्वामी प्रणवानंद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसा सपूत भारत माता को प्रदान किया। आज उस बंगाल में क्या हो रहा है। वहां पर्व-त्योहार मनाने के लिए दस बार सोचना पड़ रहा है। इस अवसर पर कोलिफोर्निया से आए भारत सेवाश्रम संघ के अध्यक्ष स्वामी पूर्ण आत्मानंद आदि मौजूद रहे।

# आक्रामक प्रचार व सदस्यता अभियान दिलाएगा उप चुनाव में जीत

## भाजपा कोर कमेटी की बैठक में मुख्यमंत्री ने दिया जीत का मंत्र, प्रत्याशी के चयन पर पदाधिकारियों के साथ किया मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक में मंत्र दिया कि आक्रामक प्रचार और घर-घर सदस्यता अभियान से ही पार्टी को न सिर्फ 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में बल्कि 2027 में भी प्रचंड बहुमत दिलाएगा।

सोमवार को उन्होंने सरकार और संगठन के शीर्ष नेताओं के साथ उपचुनाव के लिए प्रत्याशी चयन पर मंथन के साथ विजयश्री की कार्ययोजना बनाई। साथ ही बचे हुए बोर्ड और आयोग के पदाधिकारियों के चयन पर चर्चा भी की। बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के साथ प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह समेत कई मंत्री शामिल हुए। सदस्यता अभियान के पहले चरण में प्रतिनिधियों समेत सांगठनिक इकाइयों के खराब प्रदर्शन पर चर्चा के दौरान ऐसे लोगों को चिन्हित करके दूसरे चरण में प्रेरित करने की रणनीति के साथ सख्त संदेश देने पर भी सहमति बनी। मुख्यमंत्री योगी ने साफ संदेश दिया कि जो घर-घर जाकर लोगों को भाजपा से जोड़ नहीं सकता, वह कैसा नेता। सदस्यता अभियान के जरिए विपक्ष खासकर इंडी गठबंधन के नेताओं-कार्यकर्ताओं के हर जाति-वर्ग के साथ छल-क्षद्म और सत्ता पाने के पीछे लूट-खसोट की मंशा को जन-जन तक पहुंचाना होगा। इसमें प्रतिनिधि और संगठन के बीच समन्वित आक्रामक तैयारी धरातल पर दिखनी चाहिए।

### हर सीट पर तय हुए दो दावेदार

भाजपा ने अक्टूबर माह उपचुनाव की तिथियों के संभावित एलान के मद्देनजर 10 में से 9 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी को लेकर चर्चा की। गठबंधन के तहत मुज़फ्फरनगर की मीरापुर सीट पर प्रत्याशी राष्ट्रीय लोक दल तय करेगा। संगठन ने हर सीट पर तीन नामों की सूची प्रस्तुत की, जिसमें से एक-एक नाम सर्वानुमति से काटे गए। तय हुआ कि संगठन के नेताओं और सरकार के 30 मंत्रियों की क्षेत्रवार बनीं टीम से जीत के सभी समीकरणों पर एक और रिपोर्ट अगली बैठक में चर्चा के लिए प्रस्तुत होगी। इसके बाद प्रत्याशी के नाम को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### भाजपा-सपा की प्रतिष्ठा दांव पर

करहल, मिल्कीपुर, सीसामऊ, कुंदरकी, गाजियाबाद, फूलपुर, मझवां, कटेहरी, खैर और मीरापुर सीट पर होने वाले उपचुनाव भाजपा और सपा दोनों की प्रतिष्ठा दांव पर है। योगी ने मिल्कीपुर और कटेहरी सीट को जिताने की जिम्मेदारी अपने हाथों में ली है। वैसे 2022 के चुनाव में इन 10 में से पांच सीटों पर भाजपा जीती थी, लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 में खराब प्रदर्शन से पुरानी जीत दोहराना चुनौती है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 8 तारीख के बाद किसी भी दिन उपचुनाव की घोषणा हो सकती है। इसी को लेकर पार्टी स्तर पर व्यापक तैयारियां चल रही है।

### मोदी शासन के 23 वर्ष हर जनप्रतिनिधि के लिए मार्गदर्शक : योगी

अमृत विचार, लखनऊ : सेवा, सुशासन और सुरक्षा को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक 23 वर्ष हर जनप्रतिनिधि के लिए उत्कृष्ट मार्गदर्शक और पाथेय हैं। यह बात मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सोमवार को पोस्ट की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के स्वप्नदृष्टा, 140 करोड़ देशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए अविराम साधनारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मां भारती की सेवा और लोक-कल्याण को समर्पित गौरवशाली 23 वर्ष सोमवार को पूर्ण हो गए हैं। मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में बिना थके, बिना रुके, बिना डिगे 23 वर्षों की लोक साधना में आस्था, अस्मिता, आधुनिकता, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को संरक्षण-संवर्धन मिलने के साथ ही हर स्तर पर वंचित को वरीयता प्राप्त हुई है।

# विश्व स्तरीय हैचरी लगाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार नोएडा के जेवर एयरपोर्ट के पास एक्सपोर्ट हब की स्थापना करने जा रही है। यहां तीन विश्व स्तरीय हैचरी भी स्थापित की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी ने यूपी एग्रीज योजना के तहत उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एंड रूरल इंटरप्राइजेज इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग (यूपी एग्रीज) परियोजना से कृषि उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए जेवर एयरपोर्ट के पास एक्सपोर्ट हब की स्थापना की जाएगी। इसके जरिये, हाई वैल्यू कृषि उत्पाद जैसे मूंगफली, सब्जी, काला नमक चावल, तिल आदि को विदेशों में एक्सपोर्ट किया जाएगा। इसके लिए यहां 30,750 क्लस्टर फार्मर्स ग्रुप को विकसित किया जाएगा। वहीं, एक्सपोटर्स के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना की जाएगी।

### स्पेशल इकोनॉमी जोन भी बनेंगे

यूपी एग्रीज परियोजना के तहत प्रदेश के कृषि उत्पाद की 2 से 3 उपज को बड़े पैमाने पर निर्यात करने के लिए कृषि (स्पेशल इकोनॉमी जोन) एसईजेड की स्थापना की जाएगी। इन्हें प्रदेश के 11 जिलों में विकसित किया जाएगा। जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक विश्व स्तरीय कार्बन क्रेडिट मार्केट की स्थापना की जाएगी। अन्नदाताओं को मौसम की सटीक की सूचना देने के लिए स्थानीय मौसम स्टेशन की स्थापित किया जाएगा।

# परिषदीय छात्रों का परिणाम पोर्टल पर होगा ऑनलाइन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : परिषदीय प्राथमिक स्कूलों व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ रहे सभी छात्रों का परीक्षा परिणाम प्रेरणा पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध होगा। विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से प्रत्येक स्कूल के परिणाम का विश्लेषण भी किया जाएगा। खराब प्रदर्शन वाले स्कूलों के परिणाम में सुधार के लिए सख्त उपाय किए जाएंगे।

स्कूली शिक्षा महानिदेशालय की ओर से प्रेरणा पोर्टल पर ऑनलाइन परिणाम अपलोड करने का विकल्प जोड़ दिया गया है। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इन स्कूलों में वर्ष भर में दो सत्रीय परीक्षाएं होती हैं। कुल 1.32 लाख परिषदीय प्राथमिक स्कूल व उच्च प्राथमिक स्कूल हैं। इन विद्यालयों में कुल 1.54 करोड़ विद्यार्थी पढ़ते हैं।

**▶▶ विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से प्रत्येक स्कूल के परिणाम का विश्लेषण भी किया जाएगा**

# छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपी मुठभेड़ में घायल

अमृत विचार, लखनऊ : देवरिया के तरकुलवा इलाके में स्कूल से घर जा रही छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपियों तरकुलवा निवासी धीरज पटेल और रितिक यादव से रविवार देर रात पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दोनों के पैर में गोली लगी। दोनों को पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। चौथा नाबालिग है। उसकी तलाश की जा रही है।

# एएलटी न्यूज के संचालक के खिलाफ रिपोर्ट

## भाजपा महिला नेता ने यति नरसिंहानंद के वीडियो को वायरल करने का लगाया आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : यति नरसिंहानंद के वीडियो को तोड़-मरोड़कर वायरल करने के आरोप में एएलटी न्यूज के संचालक मोहम्मद जुबैर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

गाजियाबाद के कविनगर थाने में सोमवार दोपहर दी गई शिकायत में भाजपा महिला मोर्चा की नेता उदिता त्यागी ने कहा कि एएलटी न्यूज के सहसंस्थापक मोहम्मद जुबैर ने 3 अक्टूबर की रात किसी कार्यक्रम का वीडियो डालकर मुसलमानों को भड़काया । इसके लिए यति नरसिंहानंद के पुराने भाषणों का जिक्र किया गया। इसके बाद 4 अक्टूबर की रात को डासना देवी मंदिर पर हजारों कट्टरपंथियों ने हमला कर दिया। जुबैर ने 5 अक्टूबर को भी यति नरसिंहानंद के कई वीडियो क्लिप पोस्ट किए। इससे पहले गाजियाबाद के लोनी में बुजुर्ग की दाढ़ी काटने के मामले में दो साल पहले भी मोहम्मद जुबैर के खिलाफ केस दर्ज हुआ था।

उदिता त्यागी का आरोप है कि जुबैर ने भाजपा के 10 नेताओं की लिस्ट बनाते हुए उन्हें इस्लाम विरोधी घोषित किया। इस लिस्ट में यूपी के मुख्यमंत्री योगी, नंद किशोर गुर्जर और उनका नाम था। इसके बाद इन नेताओं को धमकी दी जाने लगी।

### ज्ञापन देने जा रहे एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष को रोका

अमृत विचार , लखनऊ : यति नरसिंहानंद के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीजीपी को ज्ञापन देने जा रहे एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली को सोमवार दोपहर में पुलिस मुख्यालय के गेट पर रोक दिया गया। शौकत अली ने कहा कि हमने मुख्यालय में तैनात अधिकारी को ज्ञापन सौंप दिया है। ज्ञापन में हमने डीजीपी से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## सार-संक्षेप



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सदस्यता ग्रहण करते उमाशंकर वाजपेयी।

### उमाशंकर वाजपेयी कांग्रेस में शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री व कानपुर निवासी उमाशंकर वाजपेयी ने सोमवार को अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह के समक्ष उन्होंने सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले समर्थकों में कुमारा वाजपेयी, अक्षय कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, मनीष श्रीवास्तव, विकास दीक्षित, आर्यन वाजपेयी, मनीष वाजपेयी, मोहम्मद अख्तर आदि शामिल रहे।



सपा, बसपा व कांग्रेस छोड़ राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हुए विभिन्न दलों के नेता।

### राजनीतिक दलों के अधिवक्ता सदस्य रालोद में शामिल

अमृत विचार, लखनऊ :विभिन्न राजनीतिक दलों के अधिवक्ता सदस्य सोमवार को हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता रामनरेश शुक्ला की अगुवाई में सपा, बसपा व कांग्रेस छोड़ कर राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हो गए। रालोद में आने वालों को पार्टी मुख्यालय पर आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व विधायक शिव करन सिंह की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण कराई। सदस्यता लेने वालों में एसके त्रिपाठी, केके तिवारी पीके मिश्रा, सीपी निगम, एके अवस्थी . अमित शर्मा, विष्णु नारायण . चंद्रकांत मिश्रा आदि शामिल रहे।

# छात्र हितों से जुड़े मामलों में देरी अस्वीकार्य : योगेंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उच्च शिक्षा विभाग में प्राप्त सभी प्रकरणों और संदर्भों का निस्तारण त्वरित और निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाए।

उन्होंने कहा कि छात्रहितों और शैक्षिक सुधारों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की देरी अस्वीकार्य है, और सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाना चाहिए। इस दिशा में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उच्च शिक्षा मंत्री ने सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। इस बैठक में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल, विशेष सचिव शिपू गिरी, गिरिजेश त्यागी, निदेशक उच्च शिक्षा प्रयागराज डॉ. अमित भारद्वाज सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



विधान भवन में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय।

# मुख्यमंत्री आवास योजना का काम पूरा

अमृत विचार, लखनऊः मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति को लेकर राज्य स्तरीय निगरानी समिति की बैठक की गई। मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक कुल 2.57 लाख आवास निर्माण लक्ष्य के सापेक्ष 2.52 लाख आवास का कार्य पूरा हो चुका है, 3,929 आवास निर्माणाधीन हैं।

# विजिलेंस टीम ने सीएंडडीएस अफसरों के बैंक लॉकर खंगाले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : विजिलेंस टीम सोमवार को सीएंडडीएस अधिकारियों के तीन बैंक लॉकर खंगाले। लॉकर से जेवरात, संपत्तियों के दस्तावेज मिले जिनकी कीमत 42 लाख रुपये हैं।

विजिलेंस से जारी रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश जल निगम की इकाई सीएंडडीएस (कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज) के सहायक अभियंता व प्रोजेक्ट मैनेजर राघवेंद्र कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियंता सत्यवीर सिंह चौहान, अजय रस्तोगी, परियोजना प्रबंधक व सहायक अभियंता कमल कुमार खरबंदा, प्रोजेक्ट मैनेजर कृष्ण कुमार पटेल की अघोषित बैंक खातों लॉकरो के संबंध में कोर्ट से सर्च वारंट हासिल कर सोमवार को कार्रवाई की गई।

**▶▶ लॉकर की जांच में मिले 42 लाख की संपत्ति के दस्तावेज**

**योजना** | यूपीसीडा और इनवेस्ट यूपी की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में निवेशकों को मिलेगी सुविधाएं

# निवेश से लेकर कमाई तक राज्य सरकार देगी साथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : औद्योगिक परियोजनाओं में तेजी से हो रहे निवेश और प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार उद्योग घरानों को कई नई सुविधाएं देने जा रही है। इसके तहत यूपीसीडा और इनवेस्ट यूपी की ओर से 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में इकाई की स्थापना से लेकर संचालन व लाभ कमाने तक सरकार का साथ मिलेगा।

प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री योगी ने दो अहम कदम उठाने जा रहे हैं। उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) में निवेश में सुधार का विस्तृत सिस्टम बनाया जाएगा। इसके जरिए निवेश प्रोत्साहन और प्रक्रिया सरलीकरण में मदद मिलेगी। इसी प्रकार, इन्वेस्ट यूपी द्वारा निवेश मित्र पोर्टल के सिंगल विंडो प्रणाली को और दुरुस्त करने पर फोकस किया जा रहा है। प्रक्रिया के अंतर्गत दो चरणों में बिजनेस यूजर्स के लिए यूनिफाइड जी2बी इंटरफेस, माइक्रो सर्विस आर्किटेक्चर, इंटीग्रेशन व एफिशिएंट कंटेंट मैनेजमेंट प्रणाली को पोर्टल से जोड़ा जाएगा।

**▶▶ निवेश प्रक्रिया के सरलीकरण व परियोजनाओं से वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का लक्ष्य पाएंगे**

### आईपीआरएस रैंकिंग फ्रेमवर्क को विकसित करने पर फोकस

यूपीसीडा इंडस्ट्रियल पार्क रेटिंग सिस्टम (आईपीआरएस रैंकिंग), विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में विकास व निवेश के अवसर तलाशने और गैप ऐनालिसिस के माध्यम से सुधार के क्षेत्रों में काम करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसके अतिरिक्त, इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्ट्रैटजी के विकास व विस्तार, बिजनेस प्रॉसेस री-इंजीनियरिंग, नॉलेज क्रिएशन, डाटाबैंक मैनेजमेंट, बिजनेस प्रमोशन व मार्केटिंग, जीआईएस सिस्टम के इवैल्युएशन समेत विभिन्न प्रकार के कार्यों का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 3 वर्षों की कार्यावधि के लिए एक कंसल्टेंसी एजेंसी को कार्य सौंपा जाएगा जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है।

# गोआश्रय स्थलों पर रात में रुकें अधिकारी : धर्मपाल

अमृत विचार, लखनऊः पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि केयरटेकर के तौर पर कार्यरत अधिकारी रात में गोआश्रय स्थलों पर रुकें। पशुचिकित्साधिकारी सप्ताह में दो बार अपने क्षेत्र के गौआश्रय स्थल पर जाएं और गोवंश के स्वास्थ्य, चिकित्सा व औषधि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पशुधन विकास मंत्री सोमवार को विधानभवन में गोवंश संरक्षण को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे।

# गोवंश के गले में पहनाई जाएगी रेडियम पट्टी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में सड़कों पर आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे गोवंश को बचाने के लिए अब इनके गले में रेडियम पट्टी पहनाई जाएगी। गो संरक्षण पर गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता की मुख्यमंत्री योगी के साथ मुलाकात के बाद शासन ने इस सिलसिले में आदेश जारी कर दिया। प्रमुख सचिव के रवींद्र नायक की ओर से सभी जिलाधिकारियों को आदेश को लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

मालूम हो कि गोवंश को रेडियम पट्टी बांधे जाने का प्रयोग छत्तीसगढ़ में पहले ही शुरू हो चुका है। प्रदेश में भी यह मांग काफी समय से उठाई जा रही थी। उत्तर प्रदेश गो संरक्षण एवं संवर्धन कोष नियमावली 2019 में गोसंरक्षण के लिए गठित कोष में पचास लाख की धनराशि आरक्षित किए जाने का प्रावधान है। अब ऐसे मामलों में पचास लाख से ऊपर की धनराशि खर्च हो सकेगी।



मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करते गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता व अन्य।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।




मलिहाबाद से विधायिका श्रीमती जयदेवी कौशल हवन-पूजन कर साईं बाबा की अनुकम्पा की पात्र बनती हुई।

नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10, 9839163047 / 9956384848

## षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवीं रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

**बीज मंत्र - क्लीं श्री त्रिनेत्राय नम:।**

# युवती से सरेराह छेड़छाड़, पीटा और फाड़ डाले कपड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पारा थाना क्षेत्र में बाजार से लौट रही युवती से शोहदे से छेड़छाड़ की। विरोध पर मारपीट करते हुए कपड़े फाड़ दिए। पिता बचाव में दौड़े तो शोहदे ने उन्हें भी मारा। पीड़िता के पिता ने रविवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार ने बताया कि आरोपी की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

आलमनगर निवासी पिता ने बताया कि बेटी शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे बाजार से घर लौट रही थी। इस बीच मोहल्ले में रहने वाले पवन चौरसिया ने युवती का हाथ पकड़कर खींच लिया। विरोध पर उसे पीटने लगा। युवती ने धक्का देकर भागने का प्रयास किया तो आरोपी ने धक्का देकर गिरा दिया और कपड़े फाड़ डाले। जानकारी होने पर पिता ने मौके पर पहुंचकर विरोध किया तो पवन ने हाथापाई की। शोर सुनकर आसपड़ोस के लोग दौड़े तो पवन धमकाते हुए भाग निकला। पीड़िता के पिता ने बताया कि कई माह से पवन बेटी को परेशान कर रहा था। आते जाते उस पर अभद्र कमेंट करता था। कई बार उसे समझाया भी गया था। बदनामी के कारण पुलिस में शिकायत नहीं की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छेड़छाड़, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बेटियों पर अत्याचार



### शोहदे से परेशान छात्रा ने खुद को घर में किया कैद

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी छात्रा ने शोहदे की हरकतों से तंग आकर खुद को घर में कैद कर लिया। बेटी की आपबीती सुनकर मां ने कृष्णानगर कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी परिवार संग रहती है। मां का आरोप है कि शोहदा सूरज अवस्थी आए दिन स्कूल आते-जाते सरेराह बेटी पर अश्लील फब्तियां कसता है। विरोध पर हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करते हुए धमकाता है। शोहदे की हरकत से पीड़िता बुरी तरह सहम गई। बेटी को गुमसुम देख मां ने बात की तो उसने आरोपी की हरकत के बारे में बताया। साथ ही शोहदे के भय से स्कूल जाना छोड़ दिया। बेटी को तनाव में देख मां ने कृष्णानगर कोतवाली पर शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सिरफिरे ने एसिड अटैक और आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी दी

**अमृत विचार, लखनऊ/पीजीआई :** थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती को सिरफिरा एक माह से परेशान कर रहा है। फोन पर बात न करने पर शोहदे ने युवती को एसिड अटैक की धमकी देते हुए अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की तो उसे रास्ते में रोककर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर रविवार देर शाम पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता ने बताया कि केतन शुक्ला कई दिनों से परेशान कर रहा है। 11 सितंबर को केतन ने फोन किया लेकिन युवती ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद पीड़िता के भाई को फोन कर उसकी बहन पर तेजाब फेंकने और उसकी आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी दी। आरोप है कि काफी दिनों से वह युवती के रिश्तेदारों को फोन कर आपत्तिजनक बातें करके उसे बदनाम कर रहा था। पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल और महिला हेल्पलाइन में शिकायत की थी। इसकी जानकारी होने पर केतन ने रास्ते में उसे रोक लिया। अपना रौब दिखाते हुए बोला कि जो पुलिस से शिकायत की है उसपर कोई कार्रवाई नहीं होगी। घटना के बाद से पीड़िता सदमे में है। पीड़िता ने कहा कि अगर आरोपी के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो वह गलत कदम उठाने पर मजबूर होगी और उसका जिम्मेदार केतन ही होगा। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपी केतन की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# जीएसटी चोरी के लिए निकाला नया तरीका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बस में दिल्ली से गोरखपुर ले जाया जा रहा था सामान
- प्रपत्र न होने पर जीएसटी टीम ने वसूला 3.75 लाख जुर्माना

**अमृत विचार:** त्योहारी सीजन में जीएसटी चोरी करने वालों ने नया तरीका ढूंढ निकाला है। रेल रूट और मालवाहक वाहनों की बजाए निजी और डग्गामार यात्री बसों से माल लाया जा रहा है। रविवार देर शाम अवध हॉस्पिटल चौराहे पर एसआईबी (विशेष अनुसंधान शाखा) टीम ने दिल्ली से गोरखपुर जा रही यात्री बस में माल पकड़ा। बस के अंदर और छत में रखे माल का कोई प्रपत्र नहीं मिला।

एडीशनल कमिश्नर अमरेश त्रिपाठी के निर्देश पर लंबी दूरी वाले मार्गों पर अभियान चलाया जा रहा है। प्रवर्तन दल के ज्वाइंट कमिश्नर आरपीएस कौन्तेय के अगुवाई में सहायक आयुक्त जितेंद्र पांडेय और संजय सरोज ने अवध हॉस्पिटल चौराहे पर रेकी कर बस को पकड़ लिया। बस की छत पर भारी गट्ठर लदे थे और अंदर भी बड़ी संख्या में माल मिला। बड़ी और भारी पैकिंग में रेडीमेड गारमेंट्स, होजरी, स्टोव, ऑटो पार्ट्स समेत कई चीजें थीं। कौन्तेय ने बताया कि माल के प्रपत्र मौके पर नहीं मिले। 3.75 लाख रुपये जुर्माना जमा कराया गया है।

**पिछले महीने पकड़ी थीं तीन गाड़ियां :** बीते माह अवध हॉस्पिटल चौराहे पर तीन गाड़ियों में रेडीमेड गारमेंट्स और अन्य सामान पकड़ा गया था। बसों में बड़ी संख्या में यात्री भी थे। बसें दिल्ली से गोरखपुर जा रही थीं। टीएसटी चोरी पर 7 लाख 35 हजार रुपया जुर्माना वसूला गया था। उस समय भी आरटीओ दल का सहयोग नहीं मिल पाया था।



बस की छत पर लदा सामान।

### सूचना के बावजूद नहीं पहुंचे आरटीओ प्रवर्तन

संयुक्त आयुक्त ने बताया कि इस संबंध में आरटीओ प्रवर्तन को सूचना दी गई, लेकिन उनकी टीम नहीं पहुंची। इस रूट पर काफी समय से बसों में माल लाकर कर चोरी की जा रही है। ज्वाइंट चेकिंग को लेकर भी सूचना दी गई है, परिवहन विभाग की टीम हरकत में नहीं आई है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

## मौसम

हल्के बादल छाए रहेंगे, उमस होगी, बारिश की संभावना भी है।

| 34.4° | 24.5° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## शहर में आज



- परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक भाकपा (माले) के सीतापुर जिला सचिव को जिलाबदर करने के विरोध में प्रदर्शन- 1:00 बजे।

# राजधानी में बनेंगी पांच ड्रोन चौकियां

## जेसीपी कानून-व्यवस्था ने तैयार किया प्रस्ताव, शासन को भेजा गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

- प्रत्येक चौकी एक एसआई व दो कांस्टेबल किए जाएंगे तैनात

**अमृत विचार :** प्रदेश में पहली ड्रोन चौकी की स्थापना राजधानी में की जाएगी। इसके लिए जेसीपी कानून-व्यवस्था ने प्रस्ताव बनाकर पुलिस कमिश्नर को भेजा है, जिसे शासन को भेज दिया गया है। वहां से हरी झंडी मिलते ही चौकी स्थापित कर आसमान से निगरानी शुरू कर दी जाएगी। ऐसे चौकियां कमिश्नरेट के पांचों जोन में खोली जाएंगी।

चौकी में एक एसआई, दो कांस्टेबल तैनात करने के साथ ड्रोन एक्सपर्ट की मदद ली जाएगी। चौकी से क्राइम कंट्रोल, कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था के सुधार में मदद ली जाएगी। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था अमित वर्मा ने बदल रहे अपराध के तरीकों, शहर के बढ़ते क्षेत्रफल, अपराध को अंजाम देकर संकरी गलियों से भाग जाने वाले अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए ड्रोन चौकियों की योजना बनाई है। इससे यातायात व्यवस्था में सुधार और दबिश के दौरान पुलिस टीम पर हमले की घटना को रोकने में भी सफलता मिलेगी।

### यातायात कंट्रोल में निभाएंगी भूमिका

राजधानी में सुबह 9 से 11 बजे और शाम 5 से 9 बजे तक सभी मार्गों पर वाहन रेंगते हुए चलते है। चौराहे पर यातायात पुलिसकर्मी हैं या नहीं इसकी जानकारी नहीं हो पाती है। ऐसे में ड्रोन चौकियों की पेट्रोलिंग से इसकी जानकारी आसानी से हासिल की जा सकेगी। वहीं, सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। जाम से लोगों को तत्काल राहत दिलाया जा सकेगा।

### ड्रोन से की जाएगी पेट्रोलिंग

जेसीपी कानून-व्यवस्था के मुताबिक शुरुआती स्तर पर एक चौकी में ड्रोन कैमरा, सब इंस्पेक्टर और दो कांस्टेबल मौजूद रहेंगे। जैसे पुलिसकर्मी और अफसर फील्ड पर गश्त पर रहते हैं वैसे ही ड्रोन चौकी के कर्मी और ड्रोन पेट्रोलिंग करेंगे। रोजाना चौकी प्रभारी ड्यूटी चार्ट बनायेगा। सभी पांच चौकियां निजी ड्रोन विशेषज्ञ की मॉनिटरिंग में काम करेंगी। खासकर उन इलाकों में इसका प्रयोग किया जाएगा जहां पुलिस के वाहन नहीं जा पाते हैं। तंग गलियों वाले क्षेत्र में इससे निगरानी रखी जाएगी। दबिश के दौरान भी इनका प्रयोग किया जाएगा। ताकि अप्रिय घटना होने के पहले पुलिस सतर्क हो जाए।

# पूर्वी यूपी से गुजर रही ट्रफ लाइन के कारण हो रही बारिश

**अमृत विचार, लखनऊ:** पूर्वी उत्तर प्रदेश से गुजर रही ट्रफ लाइन के कारण मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। बारिश ने उमस और गर्मी से राहत दी। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार तक मौसम ऐसा बना रह सकता है और हल्की बारिश हो सकती है।

रविवार को आधे शहर में एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई थी। सोमवार को सुबह से चटख धूप खिली थी। दिन चढ़ने के साथ उमस बढ़ गई। दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए और आधे शहर में 15 मिनट तक बारिश हुई।

## एक नजर

### साबूदाना, घी, रिफाइंड और नमकीन नमूने लिए

**अमृत विचार, लखनऊ :** त्योहारों के अवसर पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग दुकानों में छापे मारकर खाद्य सामग्री के नमूने संग्रहित कर रहा है। सोमवार को 15 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। सहायक आयुक्त विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में छह टीमों ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर खाद्य सामग्री की जांच की। टीम ने सिंघाड़ा आटा, साबूदाना, घी, कुट्टू आटा, किशमिस, कुकिंग मीडियम (रिफाइंड सोयाबीन आयल), नमकीन, काजू, छुवारा, मूंगफली दाना और रामदाना आदि के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे। प्रतिष्ठान स्वामियों को हिदायत दी कि एक्सपायरी तिथि का माल किसी भी दशा में न बेचें। सहायक आयुक्त खाद्य ने कहा कि अगर एक्सपायरी तिथि का माल बेचते कोई पकड़ा गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों ने चित्रों और स्लोगन से दिया सारस बचाने का संदेश

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** सारस का बचाव, पर्यावरण का रखाव, न बनाओ उनसे दूरी, संरक्षण है जरूरी जैसे स्लोगनों से चिड़ियाघर में सोमवार को स्कूली बच्चों ने लोगों को जागरूक किया। बच्चों ने चित्रों के माध्यम से पर्यावरण के लिए जीवों का संरक्षण कितना जरूरी है, इसका संदेश दिया।

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में फोटोग्राफी और सारस संरक्षण पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने पर्यावरण और सारस मानव जीवन के लिए कितने उपयोगी विषय पर चित्र बनाए व स्लागन लिखे। चिड़ियाघर की निदेशकअदिति शर्मा ने सारस से जुड़ी जानकारी छात्र-छात्राओं को दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 18 स्कूलों के 250 बच्चों ने प्रतिभाग किया। चित्र प्रतियोगिता में जज जज प्रखर कृष्ण, मनोज छाबड़ा, स्लोगन प्रतियोगिता के जज डॉ.अशोक कश्यप पशु चिकित्सक चिड़ियाघर, वीना पी स्वामी प्रोफेसर केकेवी डिग्री कॉलेज रहे। मुख्य अतिथि डॉ. उत्कर्ष शुक्ला ने द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार जीतने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। प्रथम विजेता को समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।



चिड़ियाघर में आयोजित प्रतियोगिता में चित्र बनाते बच्चे। अमृत विचार

# जुरासिक पार्क में सस्ता होगा बच्चों का टिकट

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनेश्वर मिश्र पार्क में बने जुरासिक पार्क का टिकट सस्ता होगा। 4 से 12 वर्ष के बच्चों के लिए 90 रुपये का टिकट ही लगेगा। इससे ऊपर के लोगों को 120 रुपये देना होगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सम्बंधित अधिकारियों को इसके निर्देश जारी कर दिए हैं। जल्द ही टिकट की नई दरें लागू कर दी जाएंगी।

जुरासिक पार्क में 3 साल तक के बच्चों का टिकट नहीं लगता है। इससे अधिक आयु के लोगों को 120 रुपये का टिकट लगता है। दोपहर 2 से रात 9 बजे तक पार्क दर्शकों के लिए खुला रहता है। 5 एकड़ में बने जुरासिक पार्क में डायनासोर देखने के लिए भीड़ उमड़ रही है। इसे देखते हुए प्राधिकरण प्रशासन ने बच्चों की टिकट दर कम करने का निर्णय लिया है।

# 20 मॉडल वेंडिंग जोन बनेंगे, फ्री वाई-फाई

## पहला मॉडल वेंडिंग जोन विभूति खंड में तैयार, जल्द होगा शुरू

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमती नगर के विभूति खंड में नगर निगम का पहला वेंडिंग जोन बनकर तैयार है। इसका उद्घाटन इसी नवरात्र में होना है। नगर निगम ऐसे ही 20 और मॉडल वेंडिंग जोन बनाएगा। इनमें ग्राहकों के बैठने के लिए कुर्सियां, छाया के लिए छतरी और फ्री वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

मॉडल वेंडिंग जोन में वेंडर की सभी दुकानें एक रंग में नजर आएंगी। हरियाली के लिए गमले भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा वाहनों के लिए पार्किंग की जगह भी निर्धारित की जाएगी। नए माडल वेंडिंग जोन इन्दिरा नगर, गोमती नगर, महानगर, एलडीए कालोनी, कानपुर रोड, आशियाना, निशातगंज मेट्रो सिटी के सामने, लखनऊ विश्वविद्यालय के पास गोमती नगर विस्तार और जानकीपुरम में बनाए जाएंगे। इसके लिए नगर निगम ने जगह चिह्नित कर ली है।

**विभूति खंड मॉडल वेंडिंग जोन में 40 दुकानें :** विभूति खंड के पहले हाईटेक वेंडिंग जोन में 40 दुकानें बनाई गई हैं। इनमें चार्जिंग प्वाइंट से लेकर बैठने की भी व्यवस्था की गई है। हर दुकान के बाहर डस्टबिन रखा गया है। इसके अलावा 44 मॉडल वेंडिंग ट्राली का निर्माण किया गया है। जिससे इस मॉडल वेंडिंग जोन की खूबसूरती और बढ़ गई है।

### सभी वार्डों में वेंडिंग जोन के लिए जगह की तलाश

वेंडर्स को व्यवस्थित करने के लिए नगर निगम सभी वार्डों में वेंडिंग जोन बनाएगा। फ्लाईओवर के नीचे भी जगह देखी जा रही है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने सभी जोनल अधिकारियों को जगह देखने के निर्देश दिए थे। साधारण वेंडिंग जाने के साथ ही 20 20 मॉडल वेंडिंग जोन बनाए जाने हैं। इसके लिए जल्द टेंडर निकाले जाएंगे।

### चार निर्माण सील किए

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने सोमवार को काकोरी क्षेत्र में मानक विपरीत बनाए जा रहे व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स व गोदाम समेत चार निर्माण सील कर दिए। जोन-3 में चन्द्र यादव व अन्य द्वारा काकोरी के कटिंगरा में लगभग 1,500 वर्गफीट में दुकानें, गोदाम व स्टोर रूम का निर्माण कराया जा रहा था। प्रांजल मिश्रा व अन्य द्वारा बड़ा गांव में लगभग 2,500 वर्गफीट में व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जा रहा था। हरिराम, सचिन कुमार व अन्य द्वारा मोहान रोड पर पानखेड़ा में तीन मंजिला व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण करवाया जा रहा था।

## उपलब्धि

### 10 बिजली सखियों ने करोड़ों रुपये के बकाया बिल की वसूली कर कमाया मोटा कमीशन

# कॉरपोरेशन का खजाना भरा, घर भी किया खुशहाल

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत पावर कॉरपोरेशन में बिल वसूली के लिए लगाई गईं 10 हजार बिजली सखियों में 10 ने मिसाल कायम की है। इन सखियों ने कारपोरेशन के खजाने में करोड़ों रुपये बकाया बिल जमाकर अपने घर-परिवार को भी खुशहाल कर दिया है। इन सखियों ने 87 हजार रुपये तक कमीशन प्राप्त किया है।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रदेश भर में ग्रामीण में बिल वसूली के लिए 10 हजार से अधिक बिजली सखियों को जिम्मेदारी दी गई है। इनमें 10 सखियों ने वसूली में रिकार्ड बनाया है। इन सखियों ने एक महीने में 6.40 करोड़ रूपये बकाये बिल की वसूली की। इसमें उन्हें 60 हजार रुपये कमीशन मिला है। इन बिजली सखियों ने जुलाई में न्यूनतम 45 हजार से 87 हजार रूपये तक बिल वसूली की थी। अगस्त, सितंबर में उपभोक्ताओं पर बकाया 8 करोड़ रुपये वसूल कर पावर कॉरपोरेशन के खाते में जमा किए। लेसा के काकोरी, मलिहाबाद, मोहनलालगंज, बक्शी का तालाब डिवीजनों मे बिजली सखियों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

मुख्य अभियंता सिस गोमती रजत जुनेजा ने कहा कि, ग्रामीण इलाकों में बिजली सखियां बकाए बिलों की वसूली में अहम भूमिका निभा रही हैं। जरूरत पड़ने पर इन सखियों की संख्या को बढ़ाकर बिलो की वसूली के काम को तेज किया जाएगा।

### इन बिजली सखियों ने कमाए हजारों रुपये

आगरा की विनेज भी विद्युत सखी हैं। उन्होंने 87 हजार से अधिक की कमाई की। बाराबंकी की राजश्री शुक्ला ने 81 हजार रूपये, मैनपुरी की प्रीति ने 74 हजार से अधिक, मेरठ की संगीता ने 61 हजार और रामपुर की फिरदौस उस्मानी ने 55 हजार कमीशन के रूप में कमाए।

### सरोजनीनगर,बंगला बाजार और न्यू आलमबाग में गुल रहेगी बिजली

**अमृत विचार,लखनऊ :** सरोजनीनगर, न्यू आलमबाग, आशियाना,बंगला बाजार और इंदिरानगर में विद्युतीय कार्य के चलते मंगलवार को बिजली कटौती की जाएगी। इससे एक लाख उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा। सरोजनीनगर में छुहारा खेड़ा सहित आसपास के इलाके में सुबह 11 से शाम 6 बजे तक, कानपुर रोड़ के इंद्रलोक उपकेंद्र से जुड़े न्यू लमबाग,आशियाना, बंगला बाजार, एलपीएस स्कूल, साई मंदिर, पानी की टंकी के क्षेत्र में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बंद रहेगी। इंदिरानगर के हरिहरनगर में रामसेवकपुरम और आसपास भी सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई ठप रहेगी।

# गलत दिशा से बाइक लाए, सिपाही को जड़े थप्पड़

## कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज, आरोपी भाई और बहन गिरफ्तार किए गए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बल्दीखेड़ा मोड़ पर ट्रैफिक सिपाही ने टोका था, बाइक वापस लाकर गाली गलौज भी की थी

**अमृत विचार:** कृष्णानगर स्थित बल्दीखेड़ा मोड़ पर विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार भाई-बहन को ट्रैफिक के सिपाही ने टोका और बाइक की फोटो खींच ली। इस पर भाई बहन ने सिपाही से गाली गलौज कर थप्पड़ जड़ दिए। राहगीरों को जुटता देख दोनों भाग निकले। देर शाम पुलिस ने दोनों गिरफ्तार कर लिया गया।

टीपी लाइन में तैनात सिपाही सत्य प्रकाश सिंह की ड्यूटी शनिवार को बल्दीखेड़ा मोड़ पर थी। शाम को जाम लग गया। सिपाही जाम खुलवाने का प्रयास करने लगा। इसी बीच विपरीत दिशा से बाइक पर युवक युवती आ गए। सिपाही ने टोका तो गाड़ी लहराते हुए भागने लगे। सिपाही को फोटो खींचता देख बाइक सवार लौटे और गाली गलौज शुरू कर दी। इसके बाद सिपाही का थप्पड़ जड़कर भाग निकले। सिपाही ने बताया कि जानकारी पर पता चला कि बाइक सवार साहिल और उसकी छोटी बहन आशियाना के पराग तिकोना पार्क के पास रहते हैं। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि नामजद रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### अमिताभ ने ट्रैफिक सिपाही पर लगाया अभद्रता का आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्व आईपीएस व आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर और उनकी पत्नी डॉ. नूतन ठाकुर ने ट्रैफिक सिपाही पर अभद्रता का आरोप लगाया। बताया कि सोमवार सुबह 11 बजे मोती महल लॉन वाल रास्ते से वह कोर्ट जा रहे थे। इस दौरान ट्रैफिक सिपाही ने सामने आकर गाड़ी को जोर से पीटने लगा। विरोध करने पर अभद्रता की। डीजीपी को पत्र लिखकर शिकायत की है।

पूर्व आईपीएस का आरोप है कि सिपाही ने कहा कि डीएम की गाड़ी आ रही है, तुरंत वाहन आगे बढ़ाओ। इस पर उन्होंने डीएम की गाड़ी के सामने जाकर विरोध जताया। आरोप है कि डीएम के सुरक्षाकर्मी वहां पहुंच गए और धक्का-मुक्की करते हुए धमकीभरी भाषा का इस्तेमाल किया। भीड़ जमा होने पर डीएम ने उनसे बात की और कार्रवाई का आश्वासन दिया। पूर्व आईपीएस ने एक्स पर पोस्ट कर मामले की शिकायत की। इसके बाद लखनऊ पुलिस ने ट्रैफिक सिपाही को उस ड्यूटी स्थल हटा दिया। उनका कहना है कि वह कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। डीजीपी को पत्र लिखकर शिकायत की है। मामले की जांच मंडलायुक्त से कराने की मांग की है।

## एक नजर

### नई सहकारी समितियों के गठन के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने नई मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के गठन के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है। सहायक निदेशक मत्स्य/मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण डॉ. महेश चौहान ने बताया है कि सरकार ने मछुआ समुदाय के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। मत्स्य विभाग ने बहुउद्देशीय नई मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के गठन के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है। समिति के गठन के लिए आफ लाइन और ऑनलाइन आवेदन विभागीय पोर्टल http://fisheries.up.gov.in पर मांगे जा रहे हैं। इस पोर्टल से मछुआरों को सहकारी समितियों में शामिल होने और रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया है कि समिति गठन के लिए न्यूनतम 27 सदस्य होना अनिवार्य है।

### उच्च शिक्षा निदेशालय में स्थानांतरण पर मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में नवनियुक्त सहायक निदेशक को स्थानांतरित करने का मामला मुख्यमंत्री के पास पहुंच गया है। गोंडा जिले के मेहनौन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नियम विरुद्ध स्थानांतरण रोकने की मांग की है। दरअसल उच्च शिक्षा निदेशालय में सहायक निदेशक के तीन पदों पर चार नियुक्तियां हो गई हैं। इससे वेतन से कार्य विभाजन तक में विसंगतियां होने लगी हैं। छह वर्ष से तैनात सहायक निदेशक को स्थानांतरित करने के बजाए तीन माह पूर्व आए एक सहायक निदेशक का तबादला कर दिया गया। इस वर्ष डॉ. केसरी नंदन मिश्र, डॉ शशिकांत सुमंत पांडे और डॉ.अजीत सिंह की नियुक्ति की गई है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में विधायक ने कहा है कि नव नियुक्त सहायक निदेशक का तबादला नियमों के खिलाफ है। इस स्थानांतरण आदेश को रद्द किया जाना चाहिए।

# पंडित खेड़ा में नाला निर्माण में बाधा बने खंभे, अतिक्रमण हटेगा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ


अमृत विचार में प्रकाशित खबर महापौर को दिखाते पंडित खेड़ा के लोग।


विकास से कोसों दूर पंडित खेड़ा, गांव से भी बदतर हालात

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

▸▸ महापौर को दिखाई अमृत विचार में प्रकाशित खबर

**अमृत विचार :** सरोजनी नगर प्रथम वार्ड के पंडित खेड़ा में नाला निर्माण में बाधा बना अतिक्रमण और बिजली के खंभे हटाए जाएंगे। खंभे हटाने के लिए नगर निगम बिजली विभाग को पत्र लिखेगा।

3 करोड़ से निर्माणाधीन नाले का निर्माण 3 महीने से रुका है। 100 मीटर निर्माण हुआ है। 50 मीटर में अतिक्रमण और बिजली के खंभे होने से ठेकेदार ने काम रोक दिया है। इसे देखते हुए नगर निगम ने शेष नाले को पाइप डालकर बनाने का निर्णय लिया था। जिसका क्षेत्रीय नागरिक विरोध कर रहे थे। अमृत विचार ने क्षेत्र की समस्या को सोमवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर का संज्ञान लेते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह से समस्याओं पर बात की। जिसके बाद नगर आयुक्त ने खंभे हटाने के लिए विभाग को पत्र लिखने की बात कही है। अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा।

### महापौर से मिले लोग

पंडित खेड़ा के लोगों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को महापौर सुषमा खर्कवाल से कैम्प कार्यालय पर मिला। उन्हें अमृत विचार समाचार पत्र में प्रकाशित खबर दिखाकर समस्याएं बताईं। महापौर ने नगर आयुक्त को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इसके बाद लोग नगर आयुक्त से मिले। नगर आयुक्त ने नाले का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश सम्पत्ति अधिकारी को दिए। प्रतिनिधिमंडल में अरुण अरुण शुक्ला, विनीत मिश्रा, लवलेश भाटिया, प्रदीप राजपाल, अमित सिंह, वीरेंद्र तिवारी,आरबी दूबे, सत्यनारायण प्रजापति, यमुना शंकर त्रिवेदी, अजय शुक्ला, आशीष शर्मा, मंजीत सिंह, एसएन तिवारी, अजय शुक्ला सहित 55 लोग शामिल रहे।

# पॉलिटेक्निक छात्रों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बड़ी संख्या में छात्र हुए हैं फेल बोर्ड पर लगाया गंभीर आरोप

**अमृत विचारः** पॉलीटेक्निक सम सेमेस्टर वार्षिक परीक्षा जून 2024 के रिजल्ट से छात्र-छात्राओं में नाराजगी है। छात्रों ने राजधानी समेत कई जिलों में प्रदर्शन किया। राजधानी में बोर्ड के सचिव अजीत कुमार मिश्रा ने समस्या के समाधान का आश्वास दिया है।

छात्रों ने बोर्ड पर परीक्षा के बाद अनुपस्थित दिखाकर अनुत्तीर्ण करने का आरोप लगाया है।बोर्ड की तरफ से पुर्ननिरीक्षण का विकल्प दिया गया। किंतु

छात्रों ने लखनऊ बोर्ड कार्यालय के साथ रायबरेली, मथुरा, मुजफ्फर नगर, हाथरस, हमीरपुर व अन्य जिलों की पॉलीटेक्निक में सोमवार को प्रदर्शन किया। प्राविधिक शिक्षा परिषद कार्यालय में बड़ी संख्या में छात्र पहुंचे और नारेबाजी की।

### बोर्ड ने अनुपस्थित छात्रों का विवरण मांगा

सचिव ने परीक्षा देने के बाद भी अनुपस्थित दिखाए गए छात्रों की समस्या के समाधान के लिए प्रयास शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि छात्रों का अहित नहीं होने दिया जाएगा। ऐसे छात्र जो परिणाम में अनुपस्थित है उनका विवरण सभी कॉलेज के प्रधानाचार्यों से मांगा है। सचिव ने कहा कि कभी कभी छात्र अनुक्रमांक लिखने में गलती कर देते हैं, जिस कारण कॉपी मैच नहीं करती है। ऐसे छात्रों की समस्या का समाधान एक सप्ताह में कर दिया जाएगा।

### पुनर्मूल्यांकन आवेदन की तिथि बढ़ाई गई

पॉलीटेक्निक छात्रों के रोष को देखते हुए बोर्ड ने पुनर्मूल्यांकन आवेदन की तिथि को 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक विस्तारित कर दिया है। छात्रों का कहना है कि कॉपी की जांच गलत हुई है इसलिए बोर्ड को पुनर्मूल्यांकन निशुल्क कराना चाहिए। बोर्ड पर तैयार नहीं दिख रहा है। पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रत्येक विषय के लिए 500 रुपए शुल्क लिया जा रहा है। शुल्क जमा करने का लिंक भी सोमवार को काम नहीं कर रहा था।

# छात्रों को अभ्युदय में मिलेगी अध्ययन की अधिक सामग्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पोर्टल को ई-लर्निंग प्लेटफार्म के तौर पर किया जा रहा विकसित

▸▸ अधिक से अधिक वीडियो क्लासेज अपलोड किए जाएंगे

**अमृत विचारः** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से अब ज्यादा अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। अभ्युदय पोर्टल को ई-लर्निंग प्लेटफार्म के तौर पर विकसित कर अधिक से अधिक वीडियो क्लासेज भी अपलोड कराए जाएंगे।

समाज कल्याण विभाग ने 16 फरवरी 2021 को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना शुरू की थी। इसके तहत निर्बल आय वर्ग के प्रतिभाशाली एवं मेधावी छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने के लिए प्रशिक्षण केंद्र खोले गए हैं।

75 जिला मुख्यालयों पर योजना का संचालन किया जा रहा है। सभी मंडलों में एक-एक परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। इसमें छात्रों को आफलाइन व आनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

खास बात यह है कि यूपीएससी, नीट, लेखपाल समेत अन्य परीक्षाओं में अभी तक 777 का चयन हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2021-2022 में 6000, 2022-2023 में 25,380, 2023-2024 में 27,634 ने प्रतियोगियों ने परीक्षाओं की तैयारी की।

वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 22,969 प्रतिभागी पंजीकृत हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों का चयन अधिक संख्या में हो सके इसको ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है।

### लविवि के वाणिज्य विभाग में एसेसमेंट 22 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के एम कॉम तृतीय सेमेस्टर का इंटरनल असेसमेंट 22 से 26 अक्टूबर तक चलेगा। विभाग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 22 अक्टूबर को सेक्शन ए की कारपोरेट अकाउंटिंग और सेक्शन बी का ह्यूमन रिर्सोस मैनेजमेंट का एसेसमेंट होगा। 23 को सेक्शन ए में ह्यूमन रिर्सोस मैनेजमेंट और सेक्शन बी में आधारभूत अकाउंटिंग और टैक्सेसन होगा। 24 को सेक्शन ए में आधारभूत अकाउंटिंग और टैक्सेसन पर होगा जबकि सेक्शन बी में कारपोरेट अकाउंटिंग पर होगा। 25 अक्टूबर को सेक्शन ए में स्ट्रेटिजिक कास्ट अकाउंटिंग, श्रम कल्याण, ग्राहक संबंध पर होगा जबकि सेक्शन बी में विशेषज्ञ अकाउंटिंग, डिजिटल मार्केटिंग, सांगठनिक व्यवहार पर होगा। 26 अक्टूबर को सेक्शन ए में विशेषज्ञ अकाउंटिंग, डिजिटल मार्केटिंग, सांगठनिक व्यवहार पर होगा। जबकि सेक्शन बी में स्ट्रेटिजिक कास्ट अकाउंटिंग, श्रम कल्याण, ग्राहक संबंध पर आयोजित किया गया है।

# लविवि में आठ शिक्षकों को मिली पदोन्नति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चार नए असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति की गई

▸▸ कार्यपरिषद की बैठक में लिया गया निर्णय

**अमृत विचारः** लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक हुई। इसमें विश्वविद्यालय के आठ शिक्षकों का पदोन्नति किया गया और चार नए असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की गई।

7 असिस्टेंट लाईब्रेरियन नियुक्त करने का फैसला भी लिया गया। विवि के डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने रक्षा अध्ययन विभाग के डॉ ओपी शुक्ला, संस्कृत और प्राकृत भाषा विभाग की डॉ रिचा पाण्डेय, डॉ अशोक कुमार सत्यार्थी, डॉ भुवनेश्वरी, डॉ सत्यकेतु और डॉ अभिमन्यु, ओरिएंटल स्टडीज डॉ प्रेरणा माथुर, डॉ. सियंकेश कुमार तिवारी को पदान्नति दी गई है।सीधी भर्ती में समाज कार्य विभाग, संस्कृत और प्राकृत भाषा विभाग, संस्कृत ओरिएंटल स्टडीज चार असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की गई है।

### भाषा विवि में संविदा शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में संविदा शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया दोबारा शुरू कर दी गई है। विश्वविद्यालय ने नियुक्ति के लिए आवेदन लेने शुरू कर दिए हैं। 116 पदों पर संविदा शिक्षकों के पदों के लिए छह महीने पहले आवेदन मांगे गए थे। करीब 300 आवेदन आए थे, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही से भर्तियां लटकी रहीं। अब फिर विश्वविद्यालय ने संविदा पर निदेशक, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर पदों के लिए आवेदन मांगें हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर है। सेल्फ फाइनेंस कोर्स के लिए भर्तियां की जा रही हैं। दरअसल विवि में नैक की टीम कुछ माह में आनी है। छात्र-शिक्षक अनुपात ठीक नहीं है, इस कारण आनन-फानन भर्तियां निकाली गई हैं। 15 विभागों में अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए करीब 30 पदों पर विज्ञापन निकाले गए हैं।

### सेरेब्रल पल्सी दिवस पर हुआ वेबिनार

**अमृत विचार,लखनऊः** विश्व सेरेब्रल पल्सी दिवस पर डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग व पुनर्वास केंद्र पर वेबिनार का आयोजन किया गया। इसका आयोजन सेरेब्रल पल्सी विकार और उपचार पुनर्वास विषय पर किया गया। मुख्यवक्ता एसवीएनआईआरटीआर के पूर्व निदेशक डॉ शक्ति प्रसाद दास ने सीपी के शुरुआती लक्षणों की पहचान व उपचार के लिए आर्थोटिक उपकरणों की उपयोगिता पर चर्चा की। सहवक्ता एसवीएनआईआरटीआर के निरंजन ओझा ने विभिन्न प्रकार के थेरेपी व ऑर्थोसिस की जानकारी दी। कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह और कुलसचिव रोहित सिंह ने सराहना की।

### विज्ञान क्विज का आयोजन

**अमृत विचार, सरोजनीनगर।** ब्लॉक में खंड शिक्षा अधिकारी आरपी यादव के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान क्विज का अयोजन हुआ। इसमें 56 विद्यालय से 168 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रथम चरण में लिखित, परीक्षा हुई। इसमें 25 बच्चों का चयन किया गया। दूसरे चरण में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। सर्वाधिक अंकों के आधार पर 10 बच्चों को विजेता घोषित किया।

# चयनित हज यात्री 21 तक जमा करें पहली किस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ वेबसाइट hajcommittee.gov.in पर जमा कर सकते हैं

▸▸ हज सुविधा एप पर क्रेडिट- डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग भी विकल्प

**अमृत विचारः** हज कमेटी आफ इंडिया ने शुक्रवार को सकुर्लर-8 जारी किया है, जिसमें हज-2025 के चयनित हज यात्रियों को अपनी प्रथम किस्त 1,30,300 रुपये जमा करने के निर्देश दिये गये हैं। पहली किस्त 8 से 21 अक्टूबर के बीच जमा की जा सकेगी।

चयनित हज यात्री धनराशि ऑनलाइन वेबसाइट https://.hajcommittee.gov.in व हज सुविधा एप पर क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग या यूपीआई के माध्यम से जमा कर सकते हैं। धनराशि हज कमेटी आफ इंडिया के स्टेट बैंक आफ इंडिया व यूनियन बैंक आफ इंडिया के खाते में भी जमा कर सकते हैं. वेबसाइट https://.hajcommittee.gov.in, www.hajcommittee.up.gov.in पर उपलब्ध सूची में प्रत्येक कवर नम्बर के सामने अंकित बैंक रेफरेंस नम्बर को पे-इन-स्लिप डाउनलोड कर उस पर अंकित कर धनराशि जमा करनी होगी।



धनराशि जमा कर पे-इन-स्लिप/ऑनलाइन जमा रसीद, हज आवेदन फार्म व घोषणा पत्र, मेडिकल स्क्रीनिंग और फिटनेस सर्टिफिकेट पर स्वहस्ताक्षरित अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट की फोटोप्रति उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के पते पर डाक अथवा दस्ती दिनांक 23 अक्टूबर या उससे पूर्व जमा करना होगा।

चयन होने की सूचना प्रत्येक कवर हेड के मोबाइल नम्बर पर एसएमएस के माध्यम से भेजी गयी है। मेडिकल और फिटनेस सर्टिफिकेट जनपद स्तर पर सरकारी एलोपैथिक पद्धति के चिकित्सक द्वारा निर्धारित प्रारुप पर ही मान्य होगा। अन्य किस्तें हवाई जहाज का किराया व अन्य व्ययों के निर्धारित होने पर अलग से सूचित किया जायेगा।

# खुशी के महत्व पर लविवि के मनोविज्ञान विभाग में चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में लखनऊ प्रबंधन संघ के सहयोग से शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए खुशी विषय पर पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। आलोक रंजन ने सफलता के लिए एक प्रेरक शक्ति के रूप में खुशी के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रोफेसर मधुरिमा प्रधान ने मन की शक्ति और खुशी की आंतरिक प्रकृति पर जोर दिया। डॉ. अर्चना शुक्ला ने आत्म-नियमन, आत्मनिरीक्षण और भावनात्मक नियंत्रण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को अपनी ताकत और कमजोरियों को समझने के लिए प्रोत्साहित किया।



लविवि मनोविज्ञान विभाग में चर्चा करते विशेषज्ञ। अमृत विचार

प्रो. अरविंद मोहन ने खुशी कोअर्थशास्त्र से जोड़ते हुए कहा कि आर्थिक चुनौतियां व्यक्तिगत कल्याण को कैसे प्रभावित करती हैं।

समापन भाषण में रंजन ने छात्रों से वर्तमान क्षण को अपनाने और अंतिम लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय सफलता प्राप्त करने की प्रक्रिया से खुशी प्राप्त करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रो. मधुरिमा प्रधान, प्रो. अरविंद मोहन, डॉ. अर्चना शुक्ला, राहुल दत्त मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति पर कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाविद्यालय राजाजीपुरम 7 अक्टूबर 2024 को महिलाओं पर सुरक्षा एवं स्वालंबन पर संरक्षक प्राचार्य द्वारा नई स्मिता के यूनियन के विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजाजीपुरम महाविद्यालय में प्रचार आरसी वर्मा ने छात्राओं को कर्तव्य एवं दायित्वों का निर्वाह लिए जागरूक किया। सड़क सुरक्षा जागरूक पखवाड़ा पर एसीपी ट्रैफिक इंद्रपाल सिंह, नोडल अधिकारी नेहा जैन ने महाविद्यालय में भी जानकारी दी। एसीपी ने सड़क सुरक्षा प्रतिबद्धता की शपथ भी दिलाई।

# नई हज पालिसी से और मुश्किल हो जाएगी हजयात्रा : अनीस मंसूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने हज-2025 के सम्बन्ध में अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों व नई हज पॉलिसी में कमियों की वजह से हज-2025 पिछले साल की अपेक्षा और भी मुश्किल भरा होने वाला है।

उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हज की जो पॉलिसी बनाई है उसमें सबसे बड़ी विसंगति यह है कि एक ही परिवार के महिला और पुरुष हज यात्रियों को मक्का -मदीना में अलग-अलग होटल व भवनों में ठहराने की व्यवस्था की है. इसी वजह से हज यात्रियों ने बहुत कम आवेदन किया।

भारतीय हज यात्रियों के लिए यह सबसे बड़ी कष्ट दाई बात है कि उनके परिवार की महिलाओं को किसी और होटल या भवन में ठहराया जाए। भारत से हज जाने वाले 90 फीसदी पुरुष और महिलाएं वृद्ध होते हैं। यह सभी बीमारी की वजह से दवाओं और देखरेख पर आश्रित होते हैं। अलग-अलग रहने की वजह से इनको बड़ी तकलीफ होगी।

अनीस मंसूरी ने कहा कि यही कारण है कि 65 वर्ष आयु वर्ग के आरक्षित श्रेणी के मात्र 14728 लोगों ने ही आवेदन किया है, इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट (बिना महरम ) की मात्र 3717 महिलाओं ने ही आवेदन किया है। इस बार उत्तर प्रदेश के बजाये सब से अधिक 17397 लोग महाराष्ट्र से जायेंगे।

**आंदोलन** — उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा मांग पत्र

# पुरानी पेंशन और समान वेतन के लिए शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने पुरानी बेंशन बहाली, समान कार्य-समान वेतन समेत 24 सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को शिक्षा भवन पर प्रदर्शन किया। इसके बाद 24 सूत्री मांगों का पत्र मुख्यमंत्री को भेजा। शिक्षकों की मांग 26 बिंदुओं पर है, इसमें दो मांगें स्वीकार की जा चुकी हैं।

शिक्षकों का कहना था कि चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 12, 18 और 21 का समावेश किया जाए। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आरपी मिश्र ने बताया कि निशुल्क चिकित्सा,


जगत नारायण मार्ग स्थित संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय पर नारेबाजी करते माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी व सदस्य।

व्यावसायिक शिक्षकों को भी पूर्णकालिक का दर्जा दिए जाने कम्प्यूटर शिक्षक का पद सृजित कर तत्काल नियुक्ति, सामूहिक बीमा फिर से चालू करने, आठवें वेतन आयोग के गठन आदि की मांगें की गई हैं। प्रदर्शन में संगठन के संरक्षक रामेश्वर उपाध्याय, तुलसी मिश्र, जगजीवन शुक्ल, डॉ आर के त्रिवेदी, नरेंद्र कुमार वर्मा, कौशल किशोर, अमीर अहमद, उमाशंकर तिवारी, डा माता श्रीवास्तव, राजीव कुमार मिश्र, दीन मोहम्मद रिजवी, राजीव कुमार मिश्र, किसान चौरसिया, अनिल शर्मा, महेश चंद्र, राकेश कुमार मिश्र, शैलेश कुमार बाजपेई, श्याम मूर्ति शुक्ल, विशाल वर्मा, पंकज श्रीवास्तव, संजय कुमार, शिवभान सिंह चौहान, दिनेश कुमार गुप्त प्रदेश और जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### धारा 80 के 150 से अधिक वाद लंबित

**अमृत विचार, लखनऊः** छह जिलों में धारा 80 से संबंधित 150 से अधिक वाद लंबित होने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि वादों का समय से निस्तारण न होने पर उद्यमी हतोत्साहित होते हैं और आर्थिक प्रगति बाधित होती है।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों को लेकर जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। उन्होंने कहा कि लंबित वादों में सर्वाधिक धारा-24, धारा-34 एवं धारा-80 के हैं। धारा 24 और 34 में दर्ज वादों को निर्धारित अवधि में निस्तारण न होने पर वादी-प्रतिवादी के बीच आपसी विवाद, फौजदारी आदि के मामले बढ़ते हैं।

**सूचना**
मैने अपना नाम AKHIL PRATAP SINGH से बदलकर AKHIL YADAV रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o-RAM AVTAR YADAV 9, BAJRANG NAGAR LUCKNOW-226023 (UP)

**सूचना**
पहले मेरा नाम SAEEDUR RAHMAN AZMI था अब मैंने बदलकर अपना नाम SAEED AL AZAMI रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: MOHAMMAD AIYUB R/O: MAKTABA-E-FIRDAUS, MUKARIM NAGAR BARAULIA, DALIGANJ,NIRALA NAGAR, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226020

अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैने अपना नाम SADADAM पुत्र SHAJAAD ALI से बदलकर SADDAM रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O-SHAHZAD ALI NIYAMATPUR, NEOLI DANAPUR, BARABANKI-225404 (UP)

**सूचना**
मेरे पुत्र पंकज कुमार उर्फ शेरा व पुत्रवधू निशा कुमारी का चालचलन ठीक नहीं है तथा पुत्र पंकज शराबी व जुआरी है। मेरी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। बहू खाना नहीं देती व गालीगलौज करती है। पुत्र ने दबंगों से कर्ज ले रखा है। मैं कर्ज का डेढ़ लाख का कर्ज व 50 हजार का जेवर छुड़वा चुका है। इसके बाद भी पुत्र-पुत्रवधू परेशान कर रहे हैं। अतः मैं दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके किसी भी कार्य के लिए वे जिम्मेदार होंगे, मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।- **उमेश चंद्र पुत्र राम भरोसे, नि.मो. बजरिया, छिबरामऊ**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **राजा सोनकर पुत्र अनूप चन्द्र सोनकर, निवासी-137/67, तकिया गणेश गंज, लखनऊ,** मैने अपनी पुत्री का नाम नाव्या सोनकर जन्मतिथि-03.02.2010 के स्थान पर माही सोनकर रख लिया है अब मेरी पुत्री को नाव्या सोनकर के स्थान पर माही सोनकर के नाम से जाना व पहचाना जाये तथा माता का नाम श्यामली सोनकर है।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि **मेरा वास्तविक नाम गंगा देइ पत्नी दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम हयातनगर पोस्ट शुजागंज रूदौली,अयोध्या है।** मेरी जीवन बीमा की पॉलिसी संख्या-215379913 में मेरा नाम रामावती सोनी पत्नी दुर्गा प्रसाद सोनी हो गया है जबकि वास्तविक आधार पर मैं गंगा देई पत्नी दुर्गा प्रसाद के नाम से जानी व पहचानी जाती हूं।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित करना है कि मैं **गंगा प्रसाद पुत्र स्व0 काली चरण, निवासी- आर्य नगर, नगर पंचायत महराजगंज, जिला- रायबरेली** अपने तीन पुत्रों में से दो पुत्र सुरेंद्र कुमार व नरेन्द्र कुमार को उनके गलत चाल चलन के चलते अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। आज के बाद से अपने गलत कृत्यों के जिम्मेदार वह स्वयं होंगे, मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है ।

**सूचना**
मेरे आधार व पैन कार्ड में मेरा नाम चन्द्रिका पुत्र रामकिशोर दर्ज है जबकि ड्राइविंग लाइसेंस में भूल बस चन्द्रिका प्रसाद पुत्र राम किशोर लिख गया है ।दोनों नाम मेरे ही हैं। चन्द्रिका पुत्र राम किशोर नाम सही है जो लिखा व पढ़ा जाए। - **चन्द्रिका पुत्र राम किशोर निवासी ग्राम ककराही पोस्ट चिलौला थाना लालगंज रायबरेली।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक नंबर 4245431 वर्ष 2011 का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **दिव्य कुमार पुत्र राम कुमार, निवासी शंकरपुर, पोस्ट पखरौली, जनपद सुल्तानपुर।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक नंबर 2448242 वर्ष 2005 एवं इंटर मीडियट अनुक्रमांक नंबर 1935927 वर्ष 2007 का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **आलोक कुमार पुत्र राम कुमार, निवासी शंकरपुर, पोस्ट पखरौली, जनपद सुल्तानपुर।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश कादरी नजर मोहम्द पुत्र मोहम्मद बशीर जन्मतिथि 01-01-1966 दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम नजर मोहम्मद पुत्र मोहम्मद बशीर जन्म तिथि 01-10-1965 है, इसे ही भविष्य में लिखा पढा जाए। **-नजर मोहम्मद पुत्र मोहम्द बशीर, निवासी- कस्बाखास, पो0 बभनजोत, थाना- खोडारे जिला गोंडा।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में कमर जहां पत्नी नजर मोहम्द कादरी त्रुटिवश दर्ज हो गया है, मेरे पति का वास्तविक नाम नजर मोहम्मद है जिसे भविष्य में पढ़ा व लिखा जाए। पता कमर जहां (QAMAR JAHAN) पत्नी नजर मोहम्द (NAZAR MOHAMMAD) निवासी कस्बाखास, पो0- बभनजोत, थाना- खोडारे, जिला गोंडा।

## एक नजर

### 12 से दौराई-बढ़नी वाया लखनऊ होकर चलेगी स्पेशल ट्रेन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगामी दशहरा, दीपावली एवं छठ पूजा पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने ट्रेन नंबर 09657/09658 दौराई-बढ़नी साप्ताहिक त्योहार स्पेशल वाया लखनऊ 12 अक्टूबर से 16 नवम्बर तक 6 फेरों के लिये चलाने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन नंबर 09657 दौराई-बढ़नी साप्ताहिक पूजा स्पेशल दौराई से 12 अक्टूबर से 16 नवम्बर, तक प्रत्येक शनिवार को दौराई से दोपहर 3 बजे रवाना होगी जो कि अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर, बांदीकुई, भरतपुर, मथुरा जं., दूसरे दिन हाथरस सिटी, कासगंज, कायमगंज, फर्रुबाद, कन्नौज, कानपुर अनवरगंज, कानपुर सेन्ट्रल, ऐशबाग सुबह 8.18 बजे, बादशाहनगर 08.41 बजे, गोमतीनगर 08.49 बजे, बाराबंकी, गोंडा, बलरामपुर, तुलसीपुर होकर बढ़नी दोपहर 1.25 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 09658 बढ़नी-दौराई साप्ताहिक पूजा स्पेशल 13 अक्टूबर से 17 नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को बढ़नी से शाम 7:15 बजे रवाना होकर दूसरे दिन गोमतीनगर मध्यरात्रि 12.50 बजे, बादशाहनगर 1.00 बजे, ऐशबाग 2.15 बजे, होकर दौराई शाम 7.20 बजे पहुंचेगी।

### बिना टिकट यात्रियों से डेढ़ करोड़ से ज्यादा वसूला जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आशुतोष गुप्ता के दिशा निर्देश पर सितम्बर माह में लखनऊ मंडल के गोरखपुर-खलीलाबाद-बस्ती, लखनऊ-बाराबंकी, ऐशबाग-सिधौली एवं लखनऊ-बिसवां-तहसील फतेहपुर के मध्य रेल खंडा पर मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग की गई। गोरखपुर जं., गोण्डा जं., बस्ती स्टेशनों से गुजरने वाली 133 यात्री ट्रेनों पर बिना टिकट, अनियमित रेल यात्रियों के विरूद्ध वाणिज्य विभाग द्वारा व्यापक अभियान चलाया गया। इस चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनियमित यात्रा के 24,783 मामले पकड़े गये। जिससे एक करोड़, 67 लाख, 7 हजार, 739 रुपये जुर्माना वसूला गया। इस अभियान के दौरान अनबुक्ड लगेज के 147 मामले पकड़े गये, जिससे 20,910 रुपये के राजस्व की प्राप्त हुई। सितंबर में चेकिंग अभियान में 1,67,28,649 रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई। इस अभियान को सफल बनाने में मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, सहायक मंडल वाणिज्य प्रबन्धक एवं मुख्य चल टिकट निरीक्षकों और आरपीएफ का विशेष योगदान रहा।

# 7 दिन में डेंगू के 324 मरीज मिले

## मामलों में कमी न आने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जताई चिंता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले में डेंगू का प्रकोप कम नहीं हो रहा। एक सप्ताह में डेंगू के 324 और मलेरिया के 13 मरीज मिले हैं। मामलों में कमी न आने के कारण स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में खलबली मची हुई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो जनवरी से लेकर अब तक डेंगू के कुल 801 और मलेरिया के 426 मरीज होने का दावा है।

सीएमओ प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कि सोमवार को डेंगू के 22 नए मरीज मिले। ये मरीज चन्दरनगर-8, सरोजनीनगर-3, सिल्वर जुबली-2, अलीगंज-3, एनके रोड-2, चिनहट-1, इन्दिरानगर-2 और टूड़ियागंज सीएचसी क्षेत्र का 1 मरीज है। इसके अतिरिक्त मलेरिया का भी 1 मरीज मिला है। सभी मरीजों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है



लार्वा की जांच करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी। अमृत विचार

**15 भवन मालिकों को दी गई नोटिस :** टीम ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 2183 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों की जांच की। इनमें से 15 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया। नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों ने भी निरीक्षण कर लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव कराया। टीम ने लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक भी किया।

**एक सप्ताह में डेंगू और मलेरिया के मामले**

| तारीख | डेंगू | मलेरिया |
|---|---|---|
| 7 अक्टूबर | 22 | 1 |
| 6 अक्टूबर | 61 | 4 |
| 5 अक्टूबर | 55 | 7 |
| 4 अक्टूबर | 60 | 5 |
| 3 अक्टूबर | 15 | 0 |
| 2 अक्टूबर | 49 | 0 |
| 1 अक्टूबर | 62 | 0 |

## 51 शक्तिपीठ में हुई स्कंदमाता की आराधना

**अमृत विचार, लखनऊ:** नन्दना बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्र उत्सव के 5वें दिन सोमवार को भक्तों ने मां स्कंदमाता की अराधना की। स्कंदमाता के पिंडी पूजन का अवसर मलय रस्तोगी व मणि रस्तोगी को मिला। आचार्य धनंजय पाण्डेय ने पिंडी पूजन के बाद दुर्गा सप्तशती पाठ कराया। शाम को भजन संध्या में तृप्ति तिवारी ने मैया तेरे चरणों की रज धूल जो मिल जाये, शानदार अंदाज में सुनाया। आज मां का हरितांबर श्रृंगार किया गया। नवरात्र के अवसर पर मंदिर के आचार्य धनंजय पांडे ने मां की महिमा का बखान करते हुए कहा कि शक्ति आराधना के पांचवें दिन भगवती का पूजन स्कंदमाता के रूप में किया जाता है। स्कंदमाता ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति की समग्रता की एकल प्रतीक कार्तिकेय की जननी हैं।

## गैंग्रीन से ग्रसित 15 मरीजों के पैर कटने से बचाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ लोहिया संस्थान में गैंग्रीन मरीजों का इलाज शुरू

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में गैंग्रीन की बीमारी से ग्रसित मरीजों का इलाज शुरू हो गया है। संस्थान के डॉक्टरों ने 15 ऐसे मरीजों को विकलांग होने से बचा लिया। जिन्हें अन्य चिकित्सा संस्थानों में पैर काटने की सलाह दी गई थी।

रेडियो डायग्नोसिस विभाग के डॉ. तुशांत कुमार ने बताया की गैंग्रीन से ग्रसित मरीजों का समय पर इलाज जरूरी है। इंटरवेंशनल कर मरीज के पैर बचाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक डायबिटिक फुट से पीड़ित 15 गंभीर मरीजों के पैर कटने से बचाया जा चुका है। इन मरीजों को दूसरे मेडिकल संस्थान के डॉक्टरों ने घुटने के नीचे या ऊपर से पैर काटने की सलाह दी थी। संस्थान में मरीज आए। इन मरीजों का इलाज किया। एंजियोग्राफी की।

उन्होंने बताया ज्यादातर मरीजों के पैर की नसों में 15 से 20 सेंटीमीटर का ब्लॉकेज था। इतना बड़ा ब्लॉकेज खोलना काफी कठिन था। जिसे बैलुनिंग कर खोला गया। तीन मरीजों में छल्ला (स्टंट) डालने की जरूरत पड़ी। इस प्रक्रिया के बाद पैर में खून का बहाव सामान्य जैसा हो गया। धीरे-धीरे मरीज सामान्य हो गए। दो मरीजों के पैर की उंगली नहीं बचा पाए। पूरी प्रक्रिया में तीन से चार घंटे का समय लगा।

## विश्व डिस्लेक्सिया दिवस की पूर्व संध्या पर लगेगी प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ प्रदर्शनी का थीम ह्वाट इज योर स्टोरी रखा गया

**अमृत विचार :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के विशेष शिक्षा संकाय द्वारा विश्व डिस्लेक्सिया दिवस की पूर्व संध्या पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का थीम ह्वाट इज योर स्टोरी रखा गया। प्रदर्शनी की संयोजक बौद्धिक अक्षमता विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जे. कल्याणी रही। प्रदर्शनी का उद्देश्य डिस्लेक्सिया के प्रति जागरुकता फैलाना और इस स्थिति से प्रभावित बच्चों के शैक्षिक व मानसिक सहयोग पर लोगों को जागरूक करना है।

प्रदर्शनी में शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों ने भाग लिया। इसमें डिस्लेक्सिया की स्थिति के लक्षण, कारण और प्रबंधन पर जानकारी प्रदान की गई। विभिन्न विजुअल डिस्प्ले और शैक्षिक सामग्री के माध्यम से डिस्लेक्सिया से निपटने के नए तरीकों पर चर्चा की गई। डॉ. जे. कल्याणी ने बताया कि डिस्लेक्सिया के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए ऐसे आयोजनों की बहुत आवश्यकता है।

इस अवसर पर उपस्थित विशेषज्ञों ने कहा कि डिस्लेक्सिया से प्रभावित बच्चों के लिए समाज में समावेशी शिक्षा का वातावरण बनाना अति आवश्यक है। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में प्रोफेसर डॉ. अनामिका चौधरी, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुनीता शर्मा रहीं। कार्यक्रम में डॉ.संजय कुमार, डॉ. महेश कुमार, विभा तिवारी, विकास कुशवाहा, नीलम सिंह, दानवीर गौतम, चयनिका द्विवेदी व नेहा सिंह यादव उपस्थित रहे।

## असाध्य रोगों में भी होम्योपैथी चिकित्सा कारगर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी

**अमृत विचार :** सामान्य बीमारियों के साथ असाध्य रोगों में भी होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति कारगार साबित हो रही है। लोगों का इसके प्रति विश्वास बढ़ा है। ये बातें जानकीपुरम विस्तार स्थित केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान की प्रभारी अधिकारी डॉ. लिपिपुष्पा देबता ने कही। वह आयुष मंत्रालय भारत सरकार के 100 दिन की उपलब्धियों पर सोमवार को संस्थान में आयोजित हुई प्रेसवार्ता में जानकारी साझा कर रहीं थीं।

डॉ. लिपिपुष्पा ने बताया कि इस पैथी में रोगों को जड़ से ठीक करने की क्षमता है। होम्योपैथी में रोगों का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। इसके दुष्प्रभाव नहीं हैं। चर्मरोग, कैंसर, डायबिटीज, माइग्रेन, मानसिक रोग, पथरी, गठिया, आंतों में संक्रमण, फैटी लीवर, स्त्री एवं प्रसूति और एलर्जी समेत दूसरी बीमारियों का इलाज होम्योपैथ में उपलब्ध है।

डॉ. अमित श्रीवास्तव ने संस्थान में एनएबीएल एवं एनएबीएच की मान्यता के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया संस्थान में पोषण माह के तहत मरीजों को निशुल्क हीमोग्लोबिन की जांच की गई तथा बीमारियों से बचाव हेतु सुझाव एवं ट्रेनिंग दी जा रही। संस्थान की ओर से प्रत्येक सप्ताह अनुसूचित जनजाति के लिए कठवारा के मिश्रीपुर में निशुल्क शिविर आयोजित कराया जाता है।

डॉ. दिव्या वर्मा ने संस्थान में चल रही ओपीडी और नैदानिक शोधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) की शुरुआत 18 सितंबर 2023 को 85 मरीज से हुई थी। वर्तमान में ओपीडी में रोजाना आने वाले मरीजों की संख्या 300 के करीब हो गई है। संस्थान में 6 ओपीडी चल रही हैं। जिसमें से 4 सामान्य ओपीडी, 1 विशेष और 1 रिसर्च ओपीडी है।



जानकारी देतीं प्रभारी अधिकारी डॉ. लिपिपुष्पा देबता, डॉ. अमित श्रीवास्तव और डॉ. दिव्या वर्मा।

### डेंगू से बचाने में रामबाण साबित हो रही 'मीठी गोली'

जिले में डेंगू के प्रकोप से लोग त्रस्त हैं। सरकारी अस्पतालों में डेंगू के लक्षणों वाले मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी से अब तक 800 से अधिक डेंगू के मरीज सामने आ चुके हैं। वहीं बुखार से ग्रस्त सैकड़ों की संख्या में मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। जानकीपुरम विस्तार स्थिति केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान में भी डेंगू के लक्षणों वाले मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। संस्थान की प्रभारी अधिकारी डॉ. लिपिपुष्पा देबता ने बताया यहां डेंगू के इलाज और रोकथाम दोनों में काम आने वाली यूपेटोरियम-200 नामक होम्योपैथी दवा मरीजों के लिए रामबाण साबित हो रही है। डॉ. लिपिपुष्पा ने बताया यूपेटोरियम दवा बच्चों को सुबह खाली पेट एक खुराक तीन दिनों तक और बड़ों को पांच दिनों तक देने से राहत मिल जाती हैं। एक खुराक में 4-6 गोलियां लेनी पड़ती हैं। इस दवा को लेने से डेंगू-मलेरिया होने की संभावना भी काफी हद तक कम हो जाती है। डॉ. अमित श्रीवास्तव के मुताबिक होम्योपैथी में डेंगू की रोकथाम, इलाज और प्लेटलेट्स बढ़ाने वाली रामबाण दवा मौजूद है। प्लेटलेट्स बढ़ाने के लिए कैरिका पपाया और टीनस फोरा कार्डिफोलिया नाम की होम्योपैथी दवाएं बेहद कारगर साबित हो रही हैं।

## बीआरडी को मिला एनक्वास प्रमाण पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर स्थित भाऊराव देवरस अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाओं के साथ इलाज मिलने पर अस्पताल को एनक्वास प्रमाण पत्र (नेशनल क्वालिटी सर्टिफिकेट) हासिल हो गया है। हालांकि,यह प्रमाण पत्र अभी सशर्त दिया गया है। भाऊराव देवरस अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में लगातार सुधार किया जा रहा है। इमरजेंसी से लेकर वार्ड तक की सुविधाएं सुधारी गई हैं। जरूरत के मुताबिक स्टाफ भी तैनात किया गया है। इसका नतीजा है कि अस्पताल को एनक्वासदिया गया है। एक्वास की टीम ने पिछले दिनों अस्पताल का दौरा किया तो फार्मेसी, ओपीडी, एडमिन, इमरजेंसी, आईपीडी, ओटी व लेबर रूम जैसी सुविधाओं पर संतुष्टि जाहिर की। इन विभागों में अस्पताल को 80 प्रतिशत से अधिक अंक दिए गए हैं। इन्हें देखने के बाद टीम ने अस्पताल को 6 में से 4 अंक देते हुए सशर्त प्रमाण पत्र देने की संस्तुति कर दी।



नायकों को श्रद्धांजलि देतीं लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय। अमृत विचार

## लेफ्टिनेंट जनरल ने एएमसी के जांबाज नायकों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** महानिदेशक चिकित्सा सेवा (नौसेना) नई दिल्ली में कार्यभार ग्रहण करने से पहले सोमवार को लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय ने लखनऊ छावनी स्थित सेना चिकित्सा कोर केंद्र एवं कॉलेज के युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर सेना चिकित्सा कोर के जांबाज नायकों को श्रद्धांजलि दी। जिन्होंने कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दे दी। इसके बाद लेफ्टिनेंट जनरल को नायक दीपक सिंह वीर चक्र ने परेड ग्राउंड, एएमसी सेंटर और कॉलेज में गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिसमें आर्मी मेडिकल कोर के सैनिकों ने अपना सर्वश्रेष्ठ मार्च पास्ट, सैनिक अनुशासन एवं सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन किया।

एएमसी सेंटर एवं कॉलेज की कमांडेंट तथा ओआईसी रिकॉर्ड्स और एएमसी के कर्नल कमांडेंट, लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय, एसएम, वीएसएम को रक्षा मंत्रालय, नौसेना, नई दिल्ली के एकीकृत मुख्यालय में महानिदेशक चिकित्सा सेवा (नौसेना) के रूप में नवीन तैनाती मिली है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने सचिन तेंदुलकर को बनाया वैश्विक ब्रांड एंबेसडर

**अमृत विचार, लखनऊ :** बैंक ऑफ बड़ौदा ने क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर को बैंक के वैश्विक ब्रांड एंबेसडर बनाया है। सचिन तेंदुलकर और बैंक ऑफ बड़ौदा के बीच यह साझेदारी बैंक के उत्कृष्टता और विश्वास बुनियादी मूल्यों पर आधारित है। यह साझेदारी एक ऐसे समय पर हुई है जब बैंक ऑफ बड़ौदा व्यवसाय तेजी से आगे बढ़ने के साथ एक नए चरण में प्रवेश करने वाला है। बैंक ऑफ बड़ौदा सचिन के साथ मिलकर अपने पहले अभियान 'प्ले द मास्टरस्ट्रोक' की शुरुआत कर रहा है। अभियान लोगों को प्रेरित करेगा कि वे एक मास्टर स्ट्रोक खेलें और एक सदी से अधिक की विरासत और कई लोगों के भरोसे पर खरे बैंक से जुड़कर अपने आर्थिक लक्ष्यों की पारी में एक बड़ा स्कोर बनाएं। इस साझेदारी के बारे में बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी देबदत्त चांद ने कहा कि सचिन तेंदुलकर को अपना वैश्विक ब्रांड एंबेसडर घोषित करना बैंक ऑफ बड़ौदा के लिए बहुत गौरव का क्षण है। सचिन एक वैश्विक आइकन हैं। जिस तरह उन्होंने अपने बेहतरीन कॅरिय माध्यम से एक समूचे राष्ट्र को प्रेरित किया है, उसी तरह बैंक ऑफ बड़ौदा देश भर में करोड़ों लोगों के लिए विश्वसनीय साझेदार रहा है और उनके वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक बन रहा है।



बीओबी के अधिकारी के साथ सचिन तेंदुलकर।

**आयोजन** डीजे म्यूजिक पर डांडिया शुरू हुआ तो हर कोई झूम उठा

# नवरात्र के उत्सव में भरे डांडिया के रंग



गोमतीनगर के विभूति खंड में नवरात्र के अवसर पर आयोजित डंडिया में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमतीनगर के विभूति खंड स्थित एक्सपीरियन कैपिटल रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने नवरात्र के उत्सव में डांडिया के रंग भरे। लगभग 200 लोगों की इस महफिल में डीजे म्यूजिक पर डांडिया शुरू हुआ तो धूम मच गई। महिलाओं और बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था।

इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि 6 साल से 80 साल की उम्र तक के लोग इसमें शामिल हुए लेकिन उत्साह के स्तर पर कोई भी कमजोर साबित नहीं हुआ। सभी उम्र के लोगों ने डांडिया उत्सव में शामिल होकर माहौल को खुशियों से भर दिया।

डॉ. कोमल जायसवाल ने बताया कि इस आयोजन को एक उत्सव की तरह से मनाया गया। आयोजन स्थल पर सेल्फी जोन बनाया गया था। बच्चों के लिए फन जोन भी था, जिसमें बच्चों के लिए तरह-तरह के खेल शामिल किये गये थे। फन जोन बच्चों को इतना भाया कि वह तो उसी में मस्त रहे। फूड स्टाल लगाये गए थे, जिन पर तरह-तरह की डिशेज मौजूद थीं। इस उत्सव में लकी ड्रॉ भी था। उत्सव मनाने आये लोग यहां से कोई न कोई उपहार लेकर गये।

डांडिया उत्सव में डॉ. कोमल अमित जायसवाल, संगीता, एकता, पारुल, सुमन, पुष्पा, राधिका, मीनाक्षी, मनदीप, रीमा, यशिका, कौमुदी, डॉ. चित्रा, डॉ. अनुप्रिया, रिया, अनु, रेनू, सुनीता, दिव्या, दिव्या, श्वेता, स्वाती, मधु और संगीता की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
SINCE 2006
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय-
सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय-
सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### आज आएगी पश्चिम बंगाल की टीम

**अमृत विचार, लखनऊ :** इकाना स्टेडियम में 11 से 14 अक्टूबर तक होने वाले रणजी मुकाबले में तक उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की टीमें आमने-सामने होंगी। पश्चिम बंगाल टीम के मंगलवार को लखनऊ पहुंचने की संभावना है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार टीम बुधवार को इकाना स्टेडियम में अभ्यास करेगी। बंगाल की टीम में भारतीय टेस्ट गेंदबाज आकाशदीप, विकेट कीपर बल्लेबाज ऋधिमान साहा और हाल ही में खेले गए ईरानी कप में 191 रन की शतकीय पारी खेलने वाले सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन शामिल हैं। ये खिलाड़ी उत्तर प्रदेश की मुसीबतें बढ़ा सकते हैं। इस मुकाबले के लिए उत्तर प्रदेश की 40 सदस्यीय यूपी टीम इकाना स्टेडियम में अभ्यास कर रही है। मंगलवार को यूपी टीम का चयन किया जाएगा, जो पश्चिम बंगाल के खिलाफ मुकाबले में उतरेगी।

### क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** निकट छठा मील स्थित मानस क्रिकेट एकेडमी में समरस भारत फाउंडेशन की देखरेख में नारायणी ट्रॉफी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरूहुआ। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन बीकेटी के विधायक योगेश शुक्ल ने किया। टूर्नामेंट 25 अक्टूबर तक खेला जायेगा। विजेता टीम को 51 हजार रुपये व ट्राफी और उपविजेता को 25 हजार रुपये प्रदान किये जायेंगे। मैन आफ द सीरीज को 3100 , सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज को 1500, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज को 1500 और मैन आफ द मैच को 501 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। जानकीपुरम क्रिकेट क्लब और सेंट्रल क्रिकेट एकेडमी के मध्य मुकाबला खेला गया। एमएलसी अवनीश सिंह ने टॉस कर मुकाबला शुरू करवाया। सेंट्रल क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की। इस मैच में सेंट्रल क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी मैन ऑफ द मैच प्रियांशु पांडेय 10 (छक्के) और 6 (चौके) के साथ 36 बाल पर 101 रनों की शानदार पारी खेली। इस मैच में सेंट्रल एकेडमी ने 94 रनों से जीत दर्ज की।

# ग्रीस में चमका लखनऊ का सूर्य

## पैरा आर्म रेसलर सूर्य ने आर्म रेसलिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जहां चाह होती है, वहां राह होती है। यह कहावत बिल्कल सटीक बैठती है लखनऊ के पैरा आर्म रेसलर सूर्य कुमार शर्मा पर। दिव्यांग होने के बावजूद सूर्य देश का नाम रोशन करने चाहते थे। पैर भले ही खराब थे लेकिन दिल में तिरंगा लहराने का जज्बा लिये वह आर्म रेसिलिंग के मैदान में कूद पड़े। तमाम दुश्ववारियों को रौंदते हुए उन्होंने इस खेल का अभ्यास किया और अब वर्ल्ड चैंपियन बने गए हैं।

ग्रीस में आर्म रेसलिंग वर्ल्ड चैंपियन 30 सितंबर से 6 अक्टूबर तक आयोजित की गई। इसमें 85 देश के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यहां 85 किलोग्राम भार वर्ग में सूर्य कुमार शर्मा ने स्वर्ण पदक जीता। फाइनल मुकाबले में उन्होंने लेफ्ट हैंड आर्म से पोलैंड के खिलाड़ी को मात दी।

**▸▸ पहले भी इस प्रतियोगिता में कर चुके हैं करिश्माई प्रदर्शन**

दूसरे दिन उन्होंने अपने से अधिक भार वर्ग में हिस्सा लिया। 86 किलोग्राम से 110 किलोग्राम भार वर्ग में हिस्सा लिया। यहां पर अमेरिकी खिलाड़ी को मात देकर रजत पदक जीता। सूर्य कुमार ने


पदक के साथ सूर्य कुमार शर्मा।

बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तिरंगा फहराने की तमन्ना बचपन से थी। इसी के चलते पैरा खेलों में हिस्सा लिया और कामयाबी का सफर तय किया।

विभु मिश्रा, रमेश कुमार मौर्या, अभिषेक यादव ,विवेक सिंह, विकास कुमार, सोनू सिंह ,संदीप तिवारी ने मेरे लिए वक्त निकाला। कोई मुझे अभ्यास के लिए ले जाता तो कोई अभ्यास सत्र का हिस्सा बनता। कामयाबी का श्रेय मैं अपने दोस्तों को भी जरूर दूंगा। उन्होंने कहा कि आज युवक जरा सी परेशानी में हार मान लेते। जबकि जरा सी हिम्मत से न वह केवल परेशानी से निकल सकते हैं बल्कि बुलंदियों पर भी पहुंच सकते हैं।

# एक तरफा मुकाबले में सीआईएसएफ को इंडियन ऑयल ने हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू हॉकी प्रतियोगिता में सोमवार को इंडियन ऑयल कारपोरेशन और कैग दिल्ली ने जीत दर्ज की। आईओसी ने सीआईएसएफ को 3-0 से और कैग दिल्ली ने नेवी को 4-0 से शिकस्त दी।

गोमती नगर स्थित पद्मश्री मो. शाहिद हॉकी स्टेडियम में आज खेले गए पहले मैच में इंडियन ऑयल और सीआईएसएफ में कांटे की टक्कर देखने को मिली। धुरंधरों से सजी दोनों टीमों ने मैच की शुरुआत से एक-दूसरे पर

**▸▸ ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू हॉकी प्रतियोगिता**

आक्रमण शुरू कर दिये लेकिन पहले और दूसरे क्वार्टर में गोल दागने में किसी खिलाड़ी को सफलता नहीं मिली। तीसरे क्वार्टर फाइनल में 37वें मिनट में इंडियन ऑयल को पेनल्टी कार्नर का मौका मिला, जिसे गुरजिंदर सिंह ने गोल में बदला और टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई।

तीन मिनट बाद ही 40वें मिनट में इंडियन ऑयल के सुमित कुमार ने फील्ड गोल दागा और टीम की बढ़त 2-0 से आगे कर दी। चौथे और अंतिम क्वार्टर में 57वें मिनट में इंडियन ऑयल को एक और पेनल्टी कार्नर का मौका मिला जिसे अरमान कुरैशी ने गोल में बदला। यह बढ़त तक बनी रही।

कैग दिल्ली और नेवी के बीच हुआ मुकाबला भी रोमांचक रहा। विजयी टीम कैग की ओर से मनीष यादव ने 8वें मिनट, नबीन कुमार ने 40वें, 50वें मिनट में रोहित कुमार और 59वें मिनट में दीपक मलिक ने गोल किये। पराजित टीम नेवी की ओर से प्रशांत ने 7वें और कुलदीप ने 17वें मिनट में गोल किया। मंगलवार को एयरफोर्स का मुकाबला सीआईएसफ से होगा। एक अन्य मैच में कैग दिल्ली के सामने बीपीसीएल की चुनौती होगी।

# मार्च निकालकर इजराइल और फिलिस्तीन युद्ध का जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इजराइल- फिलिस्तीन युद्ध के खिलाफ वामदलों के राष्ट्र व्यापी आवाहन पर सोमवार को वाम कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च निकाला। राष्ट्रपति को सम्बोधित दो सूत्रीय मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट ज्ञान चन्द्र गुप्ता को सौंपा है।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत दोपहर 1 बजे भाकपा (माले) के जिला प्रभारी रमेश सिंह सेंगर और सीपीएम की जिला मंत्रि परिषद के सदस्य प्रवीण सिंह के नेतृत्व में वाम कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक युद्ध नहीं- शांति चाहिए आदि के नारे लगाते हुए मार्च निकाला।

**▸▸ वाम कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन**

जिलाधिकारी कार्यालय पर सभा को सम्बोधित करते हुए रमेश सिंह सेंगर ने कहा कि अमरीका की शह पर इजरायल सारे अन्तर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लघंन करते हुए फिलिस्तीनी जनता का नरसंहार कर रहा है। उन्होंने इजरायली अमरीकी गठजोड़ की कड़ी निन्दा करते हुए कहा कि इजरायल का हौसला इतना बुलंद हैं कि उसने संयुक्त राष्ट्र महासचिव के द्वारा हस्तक्षेप करने पर उन्हें भी नही बख्शा है। इस मौके पर ऐपवा नेत्री कमला गौतम, ऐडवा नेत्री बन्दना राय, ऐक्टू के जिला सचिव कुमार मधुसूदन मगन, इनौस के नेता राजीव गुप्ता, केके चतुर्वेदी, जेबी यादव, कैमरुन निशा, माया, चन्द्रा, नीरज कनौजिया मौजूद रहे।

# अमरीका व इजराइल के कहने पर किसी को आतंकी न कहा जाए : कल्बे जवाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इमाम-ए-जुमा मौलाना कल्बे जवाद ने यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलिजियस फ्रीडम की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी संस्थाओं पर भरोसा करते हुए हिजबुल्लाह और उसके नेता सैय्यद हसन नसरुल्लाह को आतंकवादी कहा जा रहा है तो भारत ने रिपोर्ट को खारिज क्यों किया? इससे यह साफ है कि भारत की नजर में अमेरिकी संस्थानों की रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं हैं।

इसी तरह अमेरिका और इजराइल का हिजबुल्लाह और उसके नेता सैय्यद हसन नसरुल्लाह के बारे में जो

**▸▸ अमेरिकी और इजराइली संगठन और संस्थाएं लगातार बोल रही हैं झूठ**

धारणा है वह भरोसे के क़ाबिल नहीं है। मौलाना ने कहा कि अमेरिकी और इजराइली संगठन और संस्थाएं लगातार झूठ बोल रही हैं, इसलिए उनके कहने पर किसी को आतंकवादी न कहा जाये।

मौलाना ने कहा कि अगर भारत का मीडिया और लोग अमेरिकी संस्थानों की इस रिपोर्ट को सच मानते हैं तो भारत की स्थिति वाकई बेहद चिंताजनक है। क्योंकि गाजा युद्ध के बाद हमने लगातार देखा है कि हमारा मीडिया अमेरिका और इजराइल की रिपोर्ट के आधार पर हिजबुल्लाह और उसके नेता सैय्यद हसन नसरुल्लाह को आतंकवादी कहता आ रहा है। मौलाना ने सवाल उठाया कि इस्माइल हानिया की हत्या के बाद उन्हें भी आतंकवादी कहा गया। यदि अमेरिकी संस्थाओं की रिपोर्ट विश्वसनीय है तो भारत ने अल्पसंख्यकों के बारे में प्रकाशित अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट को क्यों खारिज कर दिया? उन्होंने कहा कि हम अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट को एक अल्पसंख्यक संगठन के प्रतिनिधि के रूप में रद्द करते हैं। हम सरकार से अपील करते हैं कि हमारा मीडिया भी अमेरिका और इजराइल के दबाव में आए बिना इस्माइल हानिया, हसन नसरुल्लाह और हिजबुल्लाह को आतंकवादी कहना बंद करे।

## सार-संक्षेप


सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता के दौरान में उपस्थित गणमान्य।

### सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता वृंदावन स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल में सोमवार से शुरू हुई। 9 अक्टूबर तक चलने वाली प्रतियोगिता का फाइनल चौक स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 5 आयु वर्गों की लगभग 200 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें 800 प्रतिभागी 70 स्पर्धाओं में प्रतिभाग करेंगे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव आनंदेश्वर पाण्डेय ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इससे पूर्व स्कूल की प्रधानाचार्या और आयोजन समिति की सचिव डॉ. रुपाली पटेल ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक, लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस सुशील कुमार, निदेशक, इनोवेशन एंड एकेडमिक्स नेहा सिंह, विद्यालय के मुख्य निरीक्षक वीके शर्मा, संजय प्रताप सिंह, विजय मिश्रा और शहर के प्रसिद्ध सीबीएसई स्कूलों के प्रधानाचार्यों सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### टाइगर क्लब सेमीफाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** 23वें आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे क्वार्टर फाइनल में टाइगर क्रिकेट क्लब ने मैन ऑफ द मैच अतुल की तूफानी पारी से डालीबाग क्रिकेट क्लब को 91 रनों से हराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। चौक स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में टाइगर क्लब ने पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट पर 192 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच अतुल ने 22 गेंदों पर ही 2 चौके व 11 छक्के से 84 रन बनाते हुए आतिशी अर्धशतक पूरा किया। मोंटी ने 29 रन जोड़े। डालीबाग क्लब से कुणाल को तीन और नयन व रमन को दो-दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में डालीबाग क्लब 10 ओवर में 101 रन ही बना सका। अन्नू 31 व रमन 16 रन बनाकर ही टिक कर खेल सके। टाइगर क्लब से दिशान को तीन और मोंटी व सुरेंद्र को 2-2 विकेट की सफलता मिली।

### ऑल इंडिया एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट: लखनऊ का जीत से आगाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऑल इंडिया एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट में मेजबान लखनऊ ने जीत से आगाज किया। टीम ने रोमांचक मुकाबले में तेलंगाना को तीन रनों से हराया। लखनऊ के 153 रनों के जवाब में तेलंगाना की टीम पांच विकेट खोकर 150 रन ही जोड़ सकी। जयपुरिया ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में लखनऊ एडवोकेट्स ने पहले बल्लेबाजी की और 25 ओवर में आठ विकेट खोकर 153 रन बनाए। कुनाल यादव ने 54 और मंदीप ने नाबाद 33 रन बनाए। श्रेयस ने तीन और अंजान ने दो विकेट लिये। जवाब में तेलंगाना की टीम 25 ओवर में पांच विकेट खोकर 150 रन ही बना सकी। वामसी श्रीवास्तव ने 55 और हुशामा ने 44 रन बनाये। लखनऊ के लिए प्रदीप तिवारी ने तीन विकेट लिये। सोमवार को खेले गए अन्य मुकाबलों में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने इंदौर हाईकोर्ट को 25 रन से हराया। सुप्रीम कोर्ट ने ओडिसा हाईकोर्ट को आठ विकेट से शिकस्त दी।


महानगर पब्लिक इण्टर कॉलेज के मेधावी छात्रों के साथ प्रबंधक।

### प्रथम स्थान पाने वाले मेधावियों का हुआ सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णा नगर स्थित महानगर पब्लिक इण्टर कॉलेज के मेधावी छात्रों को स्किट, ताइक्वांडो व क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय के प्रबंधक दीपांक कंसल ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने 3 अक्टूबर को गांधी भवन में आयोजित स्किट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 11 के छात्र ओमेश्वर ने राष्ट्रीय स्तर पर 28 सितम्बर को बलिया जिले में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 8 के पार्थ ने अंडर 14 वर्ग में मण्डल स्तर पर रायबरेली में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में जीत हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रुचि दूबे सहित विद्यालय के उपस्थित शिक्षक एवं कर्मचारियों ने छात्रों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता में छात्र श्रेया रावत, प्रीतम विश्वकर्मा, नैतिक प्रताप सिंह, किशन पाल, शुभी, मयंक, आदित्य वर्मा, आयूष मिश्रा, आदित्य सिंह व अन्य छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में शामिल रहे।


पुरस्कृत किए गए खिलाड़ियों के साथ मौजूद आयोजक। अमृत विचार

### संयुक्त विजेता बनीं टीमें

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीआईएससीई संस्था की देखरेख में आयोजित राष्ट्रीय अंडर 14 क्रिकेट चैंपियनशिप का फाइनल मैच ला मार्टिनियर कॉलेज के फेरी डेल मैदान पर खेला गया। मैच बारिश के कारण बाधित हो गया जिसके कारण दोनों यूपी-उत्तराखंड और नार्थ इंडिया दोनों टीमों को अंपायर के निर्णय के अनुसार संयुक्त विजेता घोषित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गैरी डोमिनिक एवरेट ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और उनका उत्साहवर्धन किया। यह प्रतियोगिता सीआईएससीई बोर्ड के निर्देशानुसार आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा चंडीगढ़ की टीमों ने हिस्सा लिया था।

# डॉ. सुनील जोगी के एकल काव्य पाठ ने बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष और लखनऊ पश्चिम के पूर्व विधायक डीपी बोरा की जयंती पर सोमवार की शाम राजधानी में उनकी याद में पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी का एकल काव्यपाठ सुनकर लोग झूम उठे। इस आयोजन में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, भाजपा नेता नीरज सिंह, विधान सभा व विधानपरिषद के वर्तमान व पूर्व सदस्यों समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित, प्रो. श्यामनंदन सिंह, पुष्पलता


डीपी बोरा की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते डॉ. सुनील जोगी।

अग्रवाल, गिरिजाशंकर दुबे, मनोहर सिंह, रामऔतार कनौजिया, डीडी शुक्ला और कृष्ण कुमार सिंह को सम्मानित किया गया।

लखनऊ उत्तर के विधायक और डीपी बोरा के पुत्र डॉ. नीरज बोरा ने डीपी बोरा के सामाजिक व राजनीतिक कार्यों के उल्लेख करते हुए अतिथियों के स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने छात्र राजनीति के दिनों में डीपी बोरा से मिले सहयोग व मार्गदर्शन की चर्चा करते हुए उन्हें जनता का सच्चा हितैषी बताया।

इस अवसर पर प्रदर्शित वृत्तचित्र में डीपी बोरा द्वारा किये विभिन्न आंदोलनों व उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। स्माइलमैन सर्वेश अस्थाना के संचालन में डॉ. सुनील जोगी ने एकल काव्यपाठ में हास्य व वीर रस की धारा बहाई।

आयोजन समिति की ओर से पंकज बोरा, डॉ. आकाश बोरा, वत्सल बोरा, बिन्दू बोरा व अभिमन्यु मंगलम ने अतिथियों को अंगवस्त्र, मोतियों की माला व रामचरितमानस की प्रतियां भेंट कीं।

कार्यक्रम में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा, राज्य हज समिति के अध्यक्ष मोहसिन रजा, राजेश वर्मा, एमएलसी गोविन्द नारायण शुक्ला, मुकेश शर्मा, सन्तोष सिंह, इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह, रामचन्द्र प्रधान, पवन सिंह चौहान, योगेश शुक्ल, ओपी श्रीवास्तव, पूर्व सांसद बनवारीलाल कंछल, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, पूर्व एमएलसी अरविन्द त्रिपाठी गुड्डू, बुक्कल नवाब, सुरेश तिवारी, अविनाश त्रिवेदी, अमित टण्डन के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जन्मदिन पर याद की गईं पद्मभूषण बेगम अख्तर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मल्लिका-ए-गजल पद्मभूषण बेगम अख्तर के जन्मदिन पर लखनऊ स्थित उनकी मजार पर कला साधकों ने अपनी हाजिरी दी और उन्हें पुष्पांजलि के साथ-साथ स्वरांजलि पेश की। बेगम अख्तर के जन्मदिन पर उनके चाहने वाले उनकी मजार पर हर साल हाजिरी देने जाते हैं।

सोमवार को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह और अकादमी निदेशक शोभित कुमार नाहर बेगम अख्तर की मजार पर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे। उन्होंने उनकी मजार पर फूल चढ़ाए और उनके हुनर को याद किया।

भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के गायन विभाग की अध्यक्ष डॉ. सृष्टि माथुर, ताल वाद्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र और नृत्य विभाग के ज्ञानेंद्र वाजपेयी ने बेगम अख्तर की मजार पर चादर चढ़ाई। इस मौके पर डॉ. सृष्टि माथुर ने बेगम अख्तर की मशहूर गजल ए मोहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया को अपनी आवाज से सजाया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग बेगम अख्तर की श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे।

# ढोलक व मंजीरे की ध्वनि के साथ गूंजे भजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एपी सेन डिग्री कॉलेज के अतुल प्रसाद सेन सांस्कृतिक क्लब ने नवरात्र के मौके पर तीन दिवसीय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया है। सोमवार को छात्राओं ने देवी गीत व भजन गाकर महाविद्यालय का वातावरण भक्तिमय कर दिया। ढोलक की थाप व मंजीरे की मधुर ध्वनि के साथ भजन गूंजे तो सुनने वाले मंत्रमुग्ध हो गये।

कार्यक्रम में मानसी, मुस्कान और आयुषी ने पीले पीले उड़े रे गुलाल भजन से समां बांधा तो वहीं शालिनी, मधु, सिद्धि, अलका और आंचल ने आ जाओ भवानी से सभी


एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। अमृत विचार

को प्रभावित किया। दीपा, वैष्णवी और कोमल ने चवन्नी चले न भइया आदि गीत प्रस्तुत किये।


पूर्व छात्राओं में कीर्ति, पूजा और मीशा ने भी नृत्य एवं गीत की अनेकों प्रस्तुतियां दीं। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रचना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में चल रहे इस आयोजन में शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भजन प्रस्तुत किये। इस भजन की मधुर एवं उत्साहपूर्ण प्रस्तुति ने सभी को सकारात्मक ऊर्जा एवं आध्यात्मिकता के रंग से भर दिया। कार्यक्रम के अंत में कल्चरल क्लब प्रभारी डॉ. ऋचा मुक्ता ने सभी का आभार प्रकट किया।

# सूर्य कुमार पाण्डेय और उषा सक्सेना का सम्मान 21 को

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रख्यात व्यंग्यकार सूर्य कुमार पाण्डेय को डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक साहित्य सम्मान और उषा सक्सेना को विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मान से नवाजा जाएगा। यह फैसला डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक अध्ययन संस्थान ने किया है।

इससे पूर्व यह सम्मान डॉ. दीन मोहम्मद दीन ( मैनपुरी), माहेश्वर तिवारी (मुरादाबाद), उदय प्रताप सिंह, गोपाल चतुर्वेदी, डॉ. उपेन्द्र, सरस कपूर (सभी लखनऊ), डॉ. शिव ओम अम्बर ( फर्रूखाबाद), प्रमिला भारती और डॉ. ओम निश्चल


सूर्य कुमार पाण्डेय


उषा सक्सेना

( नई दिल्ली) को डॉ. निशंक साहित्य सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मान से संस्थान ने पूर्व वर्षों में प्रो. कमला श्रीवास्तव और पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह ( लखनऊ) को सम्मानित किया है।

यह सम्मान आगामी 21 को उदय प्रताप सिंह और गोपाल चतुर्वेदी की मौजूदगी में उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के निराला सभागार में डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक की 106वीं जयन्ती के अवसर पर आयोजित समारोह में दिया जायेगा। सम्मान स्वरूप सम्मानित साहित्यकारों को 11-11 हजार रुपये की धनराशि, अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न और प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। सम्मान दिये जाने का निर्णय संस्थान की निर्णायक समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया। जिसमें डॉ. कमला शंकर त्रिपाठी, प्रो. उषा सिन्हा, योगीन्द्र द्विवेदी व डॉ. आलोक मिश्र आदि शामिल थे।

# महानगर में राम जन्म के साथ शुरू हुई रामलीला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** महानगर के सेक्टर सी स्थित रामलीला मैदान में सात दिवसीय रामलीला की शुरुआत सोमवार को गणेश वंदना के साथ हुई। भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी चौपाई के साथ रामलीला शुरू हुई तो लोग उसी में खो गए।

यशी लोहुमी (राम), फाल्गुनी लोहुमी (लक्ष्मण), अनुराधा मिश्रा (सीता), नवीन पांडे (परशुराम), कुणाल पंत (दशरथ), पिंकी नौटियाल (ताड़का), हरीश लोहुमी (जनक) और एसी शर्मा (अहिल्या) का अभिनय सराहनीय रहा। महेंद्र पंत के निर्देशन में हुई रामलीला में समिति के संरक्षक दिनेश मित्तल, हरीश लोहुमी, हिमांशु मिश्रा, दीपेश त्रिपाठी, देवेंद्र मिश्रा, मधु बाबा और अजय राठौर की मौजूदगी उल्लेखनीय रही। संगीत पक्ष को नीरज पंत, दिवाकर राव, अनिल गोडिया और किशोर श्रीवास्तव निखार रहे हैं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष ललित मोहन जोशी, उपाध्यक्ष विनोद पंत, मुख्य संयोजक गिरीश जोशी, संयोजक दीपक पाण्डेय दीनू, महासचिव हेम पन्त, कोषाध्यक्ष नीरद लोहानी, कार्यकारिणी सदस्य संजय पांडे, आनंद सिंह, अनिल जोशी, कन्हैया पांडे, तारा जायसवाल, तारा दत जोशी, बृजेश मेहता, बलवंत देवड़ी, गणेश जोशी, भारती पांडे, भावना लोहानी और रसना उप्रेती आदि मौजूद रहे।

# राम-सीता के संवाद पर मोहित हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रेलवे रामलीला दशहरा कमेटी की ओर से आलमबाग के वेजिटेबिल ग्राउंड में चल रही रामलीला में सोमवार को रावण- मारीच संवाद, सीता हरण और रावण-जटायू संवाद की लीला का मंचन किया गया। रामलीला में सत्यम यादव (राम), हर्षित सोनकर (लक्ष्मण), विनायक वर्मा (सीता), जितेन्द्र तिवारी (रावण), अरविन्द कुमार (सूर्पनखा), अश्विनी कुमार कोहली (मारीच), संजय श्रीवास्तव चच्चू (खर) और मानस पाठक (दूषण) ने अपनी भूमिकाओं के साथ न्याय किया।

**पंतनगर सांस्कृतिक समिति ने शुरू की रामलीला :** पंतनगर सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित रामलीला महोत्सव के पहले दिन रामलीला की शुरुआत लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल तथा स्थानीय पार्षद उमेश सनवाल ने दीप जलाकर की। समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने बताया कि 35 वर्षों से यह लीला स्थानीय लोगों के सहयोग से समिति करा रही है, जिसमें भाग लेने वाले कलाकार व्यावसायिक न होकर स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थी होते हैं, जिन्हें दो माह का प्रशिक्षण दिया जाता है।

आज की लीला राम के जन्म से शुरू हुई। अवध में आनंद मनाया गया। महर्षि विश्वामित्र के आग्रह पर राजा दशरथ अपने युवा पुत्रों को उनके यज्ञ की रक्षा के लिए भेजते हैं। जहां राम द्वारा यज्ञ की रक्षा करते हुए ताड़का का वध किया गया। गौतम की श्रापित स्त्री अहिल्या को राम के चरणों की राज से मोक्ष मिला।

इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष भुवन चंद पांडे, देवजीत पांडे, पूरन सिंह नयाल, एनडी जोशी, महामंत्री गोकुल उप्रेती, महेश चंद्र तिवारी और प्रदीप सिंह चन्द की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

### मौसमगंज में सीताहरण का मंचन

डालीगंज की मौसमगंज रामलीला में सोमवार को केवट लीला, सूर्पनखा का अंग भंग, सीता हरण और जटायु बलिदान लीला का प्रभावशाली मंचन किया गया। केवट लीला में केवट (राजेश त्रिपाठी) का अभिनय देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। राम को गंगा पार कराने के समय केवट द्वारा जिस नैना के राम के खेवईया, देखो बिना चलाय चली मेरी नाव चली मेरी नाव चली को जब गाया तो लोग मंत्रमुग्ध हो गए। समिति के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को शबरी प्रेम, सुग्रीव मित्रता, बाली वध, लंका दहन का मंचन होगा।


कैकेयी से वार्ता करते राजा दशरथ।

## एक नजर

### महिला की हत्या में पति गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** रहीमनगर डुडौली में पूनम राजपूत (31) की हत्या के मामले में मड़ियांव पुलिस ने आरोपी पति सर्वेश राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि पूनम का दोस्त सोनू से अफेयर था। उसने मोबाइल चैटिंग भी देख ली थी। इसलिए दुपट्टे से गला कसकर पत्नी को मार दिया था। मामले में मृतका के पिता सुखई लाल ने सर्वेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

### दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**परशदेपुर, रायबरेली :** डीह थाना क्षेत्र में विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न और मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। सराय मानिक निवासी नीलम शुक्ला ने आरोप लगाया है कि दहेज की मांग को लेकर पति पंकज, ससुर शारदा, संतोष शुक्ला, सुनीता, रीना शुक्ला, शशि शुक्ला, मीना, रामकली ने उसे मारा पीटा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले के जांच की जा रही है।

### छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**अमृत विचार, रायबरेली :** सोमवार को श्री सूरजदत्त कांतीदेवी महाविद्यालय खीरों में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिसकर्मियों द्वारा विद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाए गए। साथ ही नशामुक्ति अभियान के अन्तर्गत छात्र छात्राओं को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली हानियों के बारे में विस्तार से बताया गया।

### जौनपुर ब्रांच की पक्की पटरी बनवाने की मांग

**अमृत विचार, रायबरेली :** भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईश्वर कुमार पासी ने डीएम को एक शिकायती पत्र देकर जौनपुर ब्रांच की पक्की वाली पटरी को बनवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि यह ब्रांच लखनऊ–बाराबंकी और रायबरेली एवं अमेठी के आगे तक जाती है। पत्र में नहर से लाखों किसान अपनी खेती और जीविका चलाते हैं इस जौनपुर ब्रांच नहर की पक्की पटरी को पांच वर्ष पूर्व बनाया गया था।

# बारिश से कई इलाकों मे घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी में हो रही बारिश से सोमवार को भी कई इलाकों की बिजली व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया। कही तार टूट के गिरने से तो कही ट्रांसफार्मर मे खराबी के बाद घंटो बिजली कटौती बनी रही। कपूरथला के प्रगति मार्केट,साई मंदिर के आसपास के इलाके मे 2 घंटे से ज्यादा बिजली गुल रही।

वहीं निरालानगर के बड़ा चांदगंज,आईटी कॉलेज से छन्नीलाल चौराहे सहित आसपास के इलाके मे 5 घंटे तक सप्लाई बाधित रही। महानगर के घोसियाना, भाऊराव देवरस अस्पताल के आसपास के

**कपूरथला, निरालानगर और नादरगंज में दिन भर चली बिजली की आंखमिचौली**

क्षेत्र में 3 घंटे से अधिक बिजली गुल रही। नादरगंज,,चौक, अलीगंज, निशातगंज, आलमबाग, चौपटिया, तेलीबाग,राजाजीपुरम न्यू और ओल्ड, यहियागंज, ऐशबाग, बीकेटी, मड़ियांव सहित शहर के अधिकांश क्षेत्रो मे दिनभर चली बिजली की आंखमिचौली के साथ 3 घंटे से ज्यादा सप्लाई बाधित रही।

इस दौरान लोगो ने अधिकारियों सहित उपकेंद्र कर्मचारियों को दिनभर फोन घनघनाते रहे,लेकिन हर उपकेंद्र का घंटो फोन इंगेज मिला। स्थानीय निवासियों के अनुसार योजना के तहत हर दिन हर क्षेत्र मे मेंटीनेंस का काम चल रहा है। लेकिन हल्की सी बारिश और तेज हवाएं विभाग के दावे की पोल खोलने लगते है।

बिजली आपूर्ति के बाधित होने से ज्यादा सबसे ज्यादा परेशानी पानी की हो जाती है। ऐसें में फॉल्ट को सही करने में घंटो का समय लगने से समस्या को और बढ़ा देता है। नादरगंज मे ट्रांसफार्मर मे खराबी और तारों के टूटने से बिजनौर, सरवननगर, श्रवणनगर सहित कई इलाकों की बिजली सप्लाई 4 घंटे से ज्यादा गुल रही। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यहां आए दिन कोई न कोई फॉल्ट होता रहता है। उसके चलते घंटों सप्लाई गुल रहती है। अधिशासी अभियंता से लेकर अवर अभियंता तक सभी को समस्या से अवगत कराया गया,लेकिन कई महीने बाद भी क्षेत्र मे हर दिन 4 घंटे से ज्यादा सप्लाई बाधित रहती है। सभी अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे है। निरालानगर एसडीओ सौरभ उपाध्याय के अनुसार बारिश और तेज हवाओं के कारण कई इलाकों के तार और पेड़ टूट कर गिरे पड़े है। पेड़ो को हटाने और तारों को डालने का काम तेजी से कराया जा रहा है। कुछ ही समय मे हर क्षेत्र की बिजली सप्लाई को सामान्य कर दिया जायेगा।

# बैंक धोखाधड़ी से बचने के बताए उपाय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बैंक अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) की ओर से सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिले में बैंक ऑफ इंडिया की ग्रामीण और अर्द्धशहरी शाखाओं में हुआ।

एफएमजीओ लखनऊ के जीएम अमरेन्द्र कुमार, आंचलिक प्रबंधक लखनऊ शशिकांत प्रसाद के निर्देश में खाताधारकों को जागरूक किया गया। नागरिकों को धोखाधड़ी से बचने की जानकारी दी गई। साथ ही भ्रष्टाचार मुक्त बैंकिंग सेवाओं, सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। बैंक मैनेजर मनीष पाठक ने बताया कि लखनऊ अंचल के सतर्कता विभाग की ओर से 16 अगस्त से 15 नवंबर तक चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा के साथ-साथ ग्राहक बैठक का भी आयोजन किया गया। इसके माध्यम से भ्रष्टाचार उन्मूलन के विभिन्न उपायों पर ग्रामीण जनता व बैंक ग्राहकों के बीच शाखा प्रमुखों ने गंभीर चर्चा की।

**बैंक ऑफ इंडिया ने किया ग्राम सभा का आयोजन**

# दो सौ करोड़ रुपये की ठगी का आरोपी गोपीगंज से गिरफ्तार

## प्लॉट, फ्लैट और दुकान के नाम पर की ठगी, 25 हजार का था इनाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हजरतगंज पुलिस ने प्लॉट, फ्लैट और दुकान के नाम पर करीब दो सौ करोड़ रुपये की ठगी करने वाले जालसाज को सोमवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी ठगी करने के बाद परिवार समेत एक साल पहले दुबई भाग गया था। पिछले कुछ दिन पहले भदोही के गोपीगंज में आकर छिपा था। पुलिस ने रविवार को गोपीगंज से दबोचा है। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। जालसाज पर हजरतगंज, कैसरबाग समेत कई थानों में दर्जन भर से अधिक मामले दर्ज हैं।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी जुनैद अहमद खान नजरबाग क्लासिक



पुलिस की गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

**ठगी कर परिवार समेत एक साल पहले भाग गया था दुबई**

अपार्टमेंट कैसरबाग का रहने वाला है। हजरतगंज थाने में उसके खिलाफ राजीव और खालिद मसूद ने ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इन लोगों से करीब 55 लाख रुपये लेने के बाद भी फ्लैट नहीं दिया।

### पांच कंपनियां बनाकर करता था ठगी

इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी जुनैद ने पांच अलग–अलग कंपनियां बनाकर लोगों से ठगी करता था। अब तक कई लोगों से करीब दो सौ करोड़ रुपये की ठगी कर चुका है। आरोपी फ्लैट, प्लॉट और दुकान के नाम पर रुपये अपने खाते और नकदी वसूली कर लेता था। जब लोग दबाव बनाने लगते तो टालमटोल करता। इसके बाद अपने ठिकाने बदल लेता था। पीड़ित बैंगलोर के राजीव राय से 36 लाख और हापुड़ के खालिद मसूद से 18 लाख रुपये ठगे थे। दोनों को न तो फ्लैट दिया और न ही रुपये वापस किए। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ हजरतगंज और कैसरबाग में एक दर्जन मामले दर्ज है। अन्य थानों में दर्ज रिपोर्ट की जानकारी हासिल की जा रही है।

# राजधानी सहित कई ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के रंगिया मंडल पर नलबाड़ी-बाईहटा खंड पर दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में नॉन इंटरलॉक कार्य किया जाना है। ऐसे में राजधानी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें बदले मार्ग सें चलेंगी। साथ ही कई ट्रेनों का शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट ओरिजिनेशन रहेगा।

**ये ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी:** डिब्रूगढ़ से 26 एवं 27 अक्टूबर को चलने वाली ट्रेन नंबर 20503 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या-गोलपारा टाउन-न्यू बंगाईगांव के रास्ते चलाई जायेगी। नई दिल्ली से 25, 26 एवं 28 अक्टूबर, को चलने वाली ट्रेन नंबर 20504 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बंगाईगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के चलते इन ट्रेनों का ठहराव निलंबूर रोड स्टेशन पर नहीं रहेगा। गुवाहाटी से 21 ओर 28 अक्टूबर को चलने वाली ट्रेन नंबर 15651 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस और ट्रेन नंबर 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या-गोलपारा टाउन-न्यू बंगाईगांव के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के चलते ट्रेन का ठहराव रंगिया स्टेशन पर नहीं रहेगा। अमृतसर से 25 अक्टूबर को चलने वाली ट्रेन नंबर 15934 अमृतसर-न्यू तिनसुकिया जं. एक्सप्रेस और चंडीगढ़ से 23 एवं 27 अक्टूबर, को चलने वाली ट्रेन नंबर 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बंगाईगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के चलते इस गाड़ी का ठहराव रंगिया स्टेशन पर नहीं रहेगा। नई दिल्ली से 24 एवं 27 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली ट्रेन नंबर 20506 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोलपारा टाउन-गुवाहाटी-लामडिंग-फरकेटिंग जं. के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के चलते इस ट्रेन का ठहराव न्यू बंगाईगांव स्टेशन पर नहीं रहेगा। डिब्रूगढ़ से 25 एवं 28 अक्टूबर को चलने वाली ट्रेन नंबर 20505 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग फरकेटिंग-लामडिंग-गुवाहाटी-गोलपारा टाउन के रास्ते चलाई जायेगी। न्यू तिनसुकिया जं. से 29 अक्टूबर को चलने वाली ट्रेन नंबर 15933 न्यू तिनसुकिया जं.-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या-गोलपारा टाउन-न्यू बंगाईगांव के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के चलते इस गाड़ी का ठहराव रंगिया स्टेशन पर नहीं रहेगा। डिब्रूगढ़ से 29 अक्टूबर को चलने वाली ट्रेन नंबर 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या-गोलपारा टाउन-न्यू बंगाईगांव के रास्ते तथा लालगढ़ से 27 अक्टूबर को चलने वाली ट्रेन नंबर 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बंगाईगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के चलते इस गाड़ी का ठहराव बारपेटा रोड, रंगिया स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

### शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट ओरिजिनेशन

नाहरलगुन जं. से 26 एवं 29 अक्टूबर को चलने वाली ट्रेन नंबर 22411 नाहरलगुन–आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस बारपेटा रोड स्टेशन से चलाई जायेगी। यह गाड़ी नाहरलागुन–बारपेटा के मध्य निरस्त रहेगी। आनन्द विहार टर्मिनल से 24 एवं 27 अक्टूबर को चलने वाली 22412 आनन्द विहार टर्मिनल–नाहरलगुन एक्सप्रेस बारपेटा रोड स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी बारपेटा– नाहरलागुन के मध्य निरस्त रहेगी।

# पांच असलहा तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को एसओजी और लालगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने असलहों की तस्करी करने वाले पांच तस्कारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

लालगंज व एसओजी पुलिस टीम को बड़ी सफ़लता मिलने के बाद सोमवार को खुलासा करते हुए अवैध शस्त्र के साथ पांच अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त धुन्नर सिंह व अनुराग सिंह जो लालगंज कोतवाली क्षेत्र के है ये दोनों सफारी कार से अवैध शस्त्र और कारतूस की तस्करी करके अन्य जनपदों में जाकर अधिक दामों में बेचने का काम करते है। अभियुक्त अनुराग व धुन्नर से पूछताछ में पता चला यह पिस्टल किसी गैर जनपद के अज्ञात व्यक्ति से खरीदी गई थी।यही पिस्टल थाना मिल एरिया निवासी स्वपनिल सिंह, थाना कोतवाली नगर निवासी मुशीर वेग, थाना लालगंज निवासी शिवम सिंह को बेचा था, जिसके एवज में पूर्व में इनसे पैसा भी लिया है।

### बांदा की गैंग से कनेक्शन

अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने खुलासा करते हुए बताया ये पकड़े गए असलहा तस्करों का पूरा कनेक्शन बांदा से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। जिसके लिए हमारी टीमें लगातार काम कर रही है। इसमें और भी कई अभियुक्त संज्ञान में आ रहे है जल्द ही सफलता मिलने की बाद सारी जानकारी मीडिया के सामने लाई जाएगी।

# एनसीसी कैडेटों ने लिया प्रशिक्षण

**लालगंज, अमृत विचार।** शांति काल में अभ्यास और प्रशिक्षण में बहाया गया पसीना युद्ध के दौरान रक्त के बहाव को कम करता है। बैसवारा डिग्री कॉलेज लालगंज में आयोजित एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सूबेदार मेजर धनदेव की अध्यक्षता में कैंप वीएचएम देवेंद्र कुमार, सूबेदार दर्शन सिंह एवं हवलदार गजेंद्र लाल ने वैनेट फाइटिंग के बारे में एनसीसी कैडेट्स को बताया कि गोला बारूद खत्म हो जाने के बाद किस प्रकार दुश्मन का सामना करके उन्हें बर्बाद कर सकते हैं।

# सीएमओ से नाराज सीएचसी अधीक्षक ने दिया इस्तीफा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सरकार के तमाम दावों के बाद भी अस्पतालों की हालत बेहद खराब है। वहां न तो दवाइयां हैं और न ही साफ-सफाई का सही बंदोबस्त। सरकार संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दे रही है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर हकीकत ज्यादा बेहतर नहीं है। सण्डीला सीएचसी अधीक्षक डा. शरद वैश्य ने ऐसे चुभते हुए सवाल उठाते हुए इस्तीफा देकर सीएमओ को कटघरे में खड़ा कर दिया। सीएमओ को भेजे इस्तीफे में जो कुछ लिखा है, उसे पढ़कर खुद सीएमओ तक हैरान रह गये हैं।

**कहा, अस्पताल में न दवाइयां हैं न ही साफ-सफाई का इंतजाम**

सण्डीला सीएचसी अधीक्षक डा. वैश्य ने 9 बिंदुओं के अपने इस्तीफे में कहा है कि तमाम बार कहने के बाद भी सरकारी अस्पतालों की बदहाली दूर नहीं हो सकी है। कहा कि सरकार की तरफ से जो वादा किया जाता है, सीएचसी पर पहुंचने वाले मरीज़ उसी के मुताबिक सवाल करते हैं, मसलन सारी दवाएं मुफ्त मिलती हैं, लेकिन दवाएं न होने पर मरीज़ उल्टे तमाम तरह की तोहमत लगाते हैं। साफ-सफाई और लॉन्ड्री का कोई बंदोबस्त नहीं है। डा.वैश्य के इस्तीफे से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

## सार-संक्षेप



राजभवन में देवी पूजन करते आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र।

### राजभवन में देवी स्कंदमाता की हुई पूजा-अर्चना

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजभवन में शारदीय नवरात्र व गरबा महोत्सव के पांचवें दिन सोमवार को मां स्कंदमाता की पूजा–अर्चना व आरती की गई। कार्यक्रम में आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र 'दयालु' भी शामिल हुए। इस अवसर पर राजभवन में आयोजित गरबा महोत्सव में राजभवन कार्मिक, विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राएं, राजभवन कर्मी आदि शामिल हुए।

### पराग के दुग्ध उत्पादों के विपणन पर फोकस करें अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि पराग के दुग्ध उत्पादों के विपणन पर फोकस किया जाए। बंद पड़ी दुग्ध समितियों को दोबारा चालू किया जाए। साथ ही, वर्तमान में संचालित समितियां किसी भी कारण से बंद न होने पाएं। दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए जिन एक हजार नई समितियों के गठन व पुनर्गठन का लक्ष्य निर्धारण किया गया है, उसे कारगर कार्ययोजना बनाकर शीघ्र पूरा किया जाए। कानपुर, गोरखपुर व कन्नौज के डेयरी प्लांट के संचालन की कार्रवाई जल्द पूरी की जाए। बैठक में प्रमुख सचिव दुग्ध विकास के रवीन्द्र नायक, विशेष सचिव राम सहाय यादव, पीसीडीएफ के प्रबंध निदेशक आनंद कुमार सिंह, दुग्ध आयुक्त राकेश कुमार मिश्रा, पीसीडीएफ के डॉ मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे।

### जनता भाजपा की सत्ता लोलुपता समझ गईः अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा अपने राजनीतिक लाभ के लिए सत्ता का दुरूपयोग कर रही है। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा ने साजिश और षड़यंत्र की सीमाएं पार कर दी है। जनता भाजपा की सत्ता लोलुपता समझ गयी है। भाजपा ने आम जनता, किसानों, नौजवानों, व्यापारियों, गरीबों के साथ विश्वासघात किया है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। जनता भाजपा की कोई साजिश नहीं चलने देगी। सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में सोमवार को काफी संख्या में आये हुए कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का आचरण जनविरोधी है। अन्याय, अत्याचार चरम पर है। भाजपा संविधान और लोकतंत्र की मर्यादा को तार–तार कर रही है। लोगों के साथ भेदभाव हो रहा है।

### राघव ने तोड़ा धनुष तो लगे जय श्री राम के नारे

**अमृत विचार, पीजीआई :** तेलीबाग में पर्वतीय रामलीला समिति लखनऊ द्वारा आयोजित रामलीला के दूसरे दिन जनकपुरी में सीता स्वयंवर का मंचन किया गया। जनकदरबार में दूर दराज से राजा, महाराजा और राजकुमार आए। सभी ने शिव धनुष को उठाने का प्रयास किया लेकिन वह धनुष को हिला तक नहीं पाए। वहीं जैसे ही जनक ने कहा कि यह धरती वीरों से खाली हो गई है। यह सुनते ही लक्ष्मण जी क्रोधित हो गए और बोले वह एक धनुष तो क्या दस धनुष तोड़ सकते हैं लेकिन भईया राम के होते हुए वह ऐसा कार्य नहीं कर सकते। तभी गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर प्रभु ने शालीनता से धनुष को प्रणाम किया और हाथों में उठाते ही प्रत्यंचा चढ़ाया और धनुष टूट गया। धनुष टूटते ही पूरे प्रांगण में जय श्री राम के नारे गूंजने लगे।

### भव्य शोभायात्रा के साथ रामलीला का मंचन शुरू

**अमृत विचार , मोहनलालगंज :** बंशी बाबा मेला समिति मऊ के तत्वाधान में धूम धाम से हर्षोल्लास के साथ राम दरबार सहित विभिन्न देवी देवताओं की झांकियों के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष अजय मिश्रा एवं निर्देशक/संयोजक नन्द किशोर शर्मा ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया संयोजक अशोक तिवारी, एवं समिति के प्रबंधक अरविन्द मिश्रा, उपाध्यक्ष अरुणेश प्रताप सिंह, मनीष तिवारी, इंद्रबहादुर सिंह, आशीष द्विवेदी, विपिन यादव,लल्लन तिवारी, देवेंद्र सिंह,राहुल सिंह, विजय सोनी, रमेश वैश्य, बाराती मिश्रा,राज किशोर रावत,नितुल शर्मा सहित तमाम अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहें।



शोभा यात्रा में शामिल झांकी। अमृत विचार

# शिक्षक बृजेश यादव को मिला भारत गौरव सम्मान

**रायबरेली, अमृत विचार:** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्यों के लिए विकास खंड डीह में कार्यरत विशेष शिक्षक बृजेश यादव को रविवार छह अक्टूबर को जयपुर, राजस्थान में भारत गौरव सम्मान 2024 से सम्मानित किया जायेगा। शिक्षक द्वारा दिव्यांग बच्चों को प्रभावी शिक्षा देने के साथ ही उन्हें खेल कूद व सांस्कृतिक कार्यों में भी निपुण बनाने का प्रयास किया है। साथ ही शिक्षक के मार्गदर्शन में कई दृष्टिहीन, मूकबधिर व अस्थिदिव्यांग बच्चे लखनऊ से उच्च शिक्षा भी ग्रहण कर रहे हैं।

# पॉलिटेक्निक में 80 प्रतिशत छात्रों के फेल होने पर हंगामा

संवाददाता,अमावां, रायबरेली

**अमृत विचार:** फिरोज गांधी पॉलिटेक्निक में छात्र-छात्राओं ने बेहतर परीक्षा परिणाम नहीं आने पर जमकर हंगामा किया। प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं मनमानी करने का आरोप भी लगाया। इससे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। छात्रों का कहना है कि 80 प्रतिशत छात्र फेल कर दिए गए हैं। इसकी जांच होनी चाहिए।

रतापुर निकट स्थित फिरोज गांधी पॉलीटेक्निक के एक सैकड़ा से अधिक छात्र उस समय आक्रोशित हो गए, जब उन्हें पता चला कि परीक्षा परिणाम बेहतर नहीं आया है। बताया गया कि बीईटीयूपी के डेढ़ सौ में से 127 छात्रों



एफजी पॉलिटेक्निक गेट के निकट प्रदर्शन करते छात्र–छात्राएं। अमृत विचार

को फेल कर दिया गया। 80 प्रतिशत से अधिक परीक्षार्थियों के फेल होने की खबर से छात्रों में आक्रोश बढ़ गया। कालेज प्रबंधन के विरुद्ध लाम बंद होकर सभी पॉलिटेक्निक गेट पर इकट्ठा हो गए। इसके बाद कॉलेज के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया। साथ ही कापियों को दोबारा जांच कराए जाने की मांग पर अड़ गए। इस दौरान कई छात्रों ने जबरन फेल करने का भी आरोप लगाया। आक्रोशित छात्रों ने बताया डेढ़ सौ में 127 छात्रों का फेल किया जाना समझ से बाहर है। छात्रों ने कॉलेज के कुछ शिक्षकों पर मनमानी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पहले भी धमकी दे चुके हैं। आदर्श बाजपेई, राकेश, दुर्गेश आदि ने बताया कि कापियों का मूल्यांकन गलत तरीके से किया गया है। हम लोगों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसमें यहां के प्रबंधन की हीलाहवाली और शिक्षकों की मनमानी भी हुई है। इसकी जांच नहीं हुई तो मुख्यालय पर जाकर धरना प्रदर्शन करेंगे। छात्रों का गुस्सा देख शिक्षक समेत सभी कर्मचारी कमरे में ही बैठे रहे। काफी देर तक हंगामा करने के बाद छात्र यह कहकर चले गए कि यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया तो शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी।

# अनियंत्रित होकर बाइक से गिरी महिला की मौत

**डलमऊ, रायबरेली।** पति के साथ बाइक से रिश्तेदारी जा रही महिला अचानक बाइक से अनियंत्रित होकर गिर जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मधुकरपुर मजरे रायपुर टप्पा हवेली गांव के पास रायबरेली-डलमऊ मार्ग पर गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र के सतांव गांव निवासी अनीता पति राजेश वर्मा के साथ डलमऊ अपनी रिश्तेदारी बाइक से आ रही थी। तभी हवेली गांव के पास माइनर की पुलिया पर अचानक बाइक से अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। उसे गंभीर हालत में सीएचसी डलमऊ पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**चिंताजनक** — गुस्से की आग तबाह कर रही हंसते–खेलते परिवारों की खुशियां

# आपराधिक घटनाओं की वजह बन रहा गुस्सा

नीरज श्रीवास्तव, रायबरेली

**अमृत विचार:** सहनशीलता खोने और गुस्से पर काबू न होने से अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। तेज रफ्तार जिंदगी की भागदौड़ में लोग मामूली बात पर आपा खोने लगे हैं। आपराधिक घटनाओं की एक बड़ी वजह अचानक आया गुस्सा बन रहा है। बेहद छोटी बातों को लेकर भी लोग एक दूसरे के खून के प्यासे बन रहे हैं।

अमेठी के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में हुई हृदय विदारक घटना में चंदन वर्मा के गुस्से की आग ने सुनील कुमार के हंसते-खेलते परिवार को तबाह कर दिया। अब चंदन वर्मा कितना भी अफसोस जताए लेकिन सुनील कुमार के परिवार की खुशियां वापस नहीं आने वाली। नसीराबाद थाना क्षेत्र में बीते 11 अगस्त को मामूली विवाद में अर्जुन पासी की गोली मारकर हत्या ने भी बड़ा रूप ले लिया था। गुस्से में आपा खोने के कारण इस घटना ने भी कई परिवारों की खुशियों पर ग्रहण लगा दिया। वहीं सिर्फ बीते माह की घटनाओं पर नजर डाली जाए तो लोग मामूली बात पर अपनों के ही खून के प्यासे बनते जा रहे हैं। गुस्से पर काबू ना होने से ऐसी घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही है।

### क्यों आता है गुस्सा

चिकित्सकों के मुताबिक स्वास्थ्य संबंधी कई तरह की समस्याएं भी अनियंत्रित और बार–बार होने वाले गुस्से का कारण बन सकती हैं। अक्सर अवसाद यानी कि डिप्रेशन के शिकार लोगों में छोटी से छोटी स्थिति में निराशा और क्रोध आने की समस्या देखी जा सकती है। ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर (ओसीडी) एक प्रकार का चिंता विकार है जो व्यक्ति के व्यवहार पर असर डालती है। ऑब्सेसिव विचारों के कारण भी लोग अत्यधिक गुस्से का शिकार हो सकते हैं।

### गुस्सा आने पर क्या करें

चिकत्सकों का कहना है कि गुस्से को शांत करने का सबसे आसान तरीका है लंबी और गहरी सांस लेना। जब भी आपको गुस्सा आए तो लंबी सांस लें, इससे मस्तिष्क को ऑक्सीजन मिलता है जिससे गुस्से की समस्या को कम किया जा सकता है। शारीरिक गतिविधि या व्यायाम, तनाव को कम करने में मदद करते हैं, जिसे क्रोध का मुख्य कारण माना जाता है। योग और मेडिटेशन को गुस्से को कम करने का स्थाई समाधान माना जाता है।

### बीते माह गुस्से से हुईं घटनाएं

- 1 सितंबर को मोहम्मदपुर में पति ने पत्नी के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर जला दिया
- 8 सितंबर को धनपालपुर में चाचा के लाठियों के हमले से घायल किशोरी की मौत
- 11 सितंबर को पूरे सूबेदार में भतीजे ने चाचा की गला दबाकर की हत्या
- 15 सितंबर को नसीराबाद थाना क्षेत्र में पति ने पत्नी को चाकू से गोदा
- 16 सितंबर को मजरे उमरी में पायल बेचने के विवाद में दूसरी पत्नी ने पति की गला दबाकर की हत्या
- 28 सितंबर को लालगंज में दो सप्ताह से गायब पत्नी का मिला शव, पति ने गला घोंटकर दफनाया था
- 1 अक्टूबर को गुरुबक्शगंज के चंदवल गांव में चाचा ने तीन वर्ष के भतीजे की हत्या की



"लोगों में आपा खो देने की प्रवृति पनपने का मुख्य कारण तनाव है। कई बार जीवन में छा रही हताशा से पैदा तनाव लोगों में आक्रोश का भाव पैदा कर देता है। योग के जरिये तनाव को दूर किया जा सकता है। किसी तरह की समस्या होने पर मनोचिकित्सक की सलाह अवश्य लें।"

**–डॉ. प्रदीप अग्रवाल,** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, रायबरेली



"मामूली विवाद में लोगों द्वारा आपा खो देने से कई समस्या सामने आती हैं। कानून व्यवस्था के साथ–साथ लोगों का भविष्य भी इसकी वजह से बर्बाद हो रहा है। किसी भी तरह के विवाद में क्रोध में ना आकर लोगों को संयम से काम लेते हुए पुलिस की सहायता लेनी चाहिए।"

**–प्रदीप कुमार,** सीओ सलोन

# हत्याकांड के आरोपी को पकड़े जाने पर हंगामा

**रायबरेली, अमृत विचार:** कूड़ गांव के रहने वाले राहुल को लक्ष्मणपुर रेलवे फाटक के पास संदीप व उसके चार अज्ञात साथियों ने लाठी डंडों से पीट कर अधमरा कर दिया था, जिसकी इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। मृतक की मां लाली ने थाने में तहरीर देकर संदीप व उसके चार अज्ञात साथियों को नामजद किया था।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी संदीप उसके भाई प्रदीप व कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया और थाने में लाकर प्रदीप की जमकर पिटाई कर दी। संदीप को जेल भेज दिया, जिसको लेकर परिजनों ने थाने के बाहर जमकर हंगामा काटा और जगतपुर पुलिस पर संदीप को निर्दोष बताते हुए फर्जी जेल भेजने का आरोप लगाया है।

## एक नजर

### कार की टक्कर से वृद्ध किसान की मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी: अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में रविवार की रात अज्ञात कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल वृद्ध किसान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम पूरे निहाल मजरे बड़ेला नारायणपुर निवासी वृद्ध किसान मोहनलाल रविवार की रात भवानीपुर चौराहा के निकट सड़क पार कर रहा था। इसी बीच लखनऊ से अयोध्या जा रही कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से जख्मी किसान को पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया। यहां पर इलाज के दौरान देर रात वृद्ध की मौत हो गई।

### धीरज बने ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष

**हैदरगढ़ बाराबंकी: अमृत विचार:** क्षेत्र के ट्रक मालिकों की एक बैठक कस्बा स्थित एक रेस्टोरेंट पर हुई। इसमें हैदरगढ़ ट्रक ओनर्स एसोसिएशन का गठन किया गया। सर्वसम्मति से हुए चुनाव में रणविजय सिंह को संरक्षक, पूर्व डीडीसी धीरज यादव को अध्यक्ष, राजन सिंह, श्याम शिखर मिश्रा, मोहम्मद आसिफ व अभय सिंह को उपाध्यक्ष, रामेंद्र तिवारी को महामंत्री, मो0 इशहाक व अर्जुन सिंह को सह मंत्री तथा अमित झुनझुनवाला को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में पिंटू, रमेश, दुर्गेश समेत आसपास क्षेत्र के तमाम ट्रक मालिक मौजूद रहे।

### पुजारी की बाइक चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार:** लाजपतनगर स्थित श्री रामजानकी मंदिर के गेट से पुजारी की बाइक चोरी कर ली गई। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। मंदिर के पुजारी सोनू तिवारी ने बताया कि शनिवार की दोपहर वह अपनी बाइक गेट पर खड़ी कर मंदिर के भीतर चला गया। वापस लौट कर आया तो बाइक अपनी जगह पर नहीं मिली। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एक घंटे की कोतवाल शिवानी ने समझी दादी की पीड़ा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


छात्रा शिवानी के साथ सीओ और प्रधानाचार्य। अमृत विचार


छात्राओं को प्रोत्साहित करते एएसपी सीएन सिन्हा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** वृद्ध महिला ने अपनी पुत्री के खो जाने की शिकायत शहर कोतवाल शिवानी से की तो कोतवाल शिवानी को चिंता हुई। उन्होंने मोबाइल पर अधीनस्थ को निर्देश दिया कि दादी की रिपोर्ट दर्ज कर उनकी परेशान को समझें और गायब बेटी का जल्द पता लगाएं। यह सुनकर अधीनस्थ ने जी सर कहकर सहमति जताई। यह दृश्य दिखा शहर कोतवाली में, जहां जीजीआईसी की छात्रा एक घंटे के लिए शहर कोतवाल बनीं और वृद्ध महिला पहली फरियादी।

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति फेज- 05 संचालित है। इसके तहत विभिन्न गतिविधियां हो रही हैं। सोमवार को शहर कोतवाली का नजारा बदला हुआ था। ड्यूटी निभाती पुलिस और आने वाले फरियादी तो रोज की तरह थे ही, साथ ही बड़ी संख्या में राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राएं भी यहां पर थीं। तस्वीर तब बदली जब मिशन शक्ति के तहत जीजीआईसी में अध्ययनरत कक्षा 11 की मेधावी छात्रा शिवानी को एक घण्टे के लिए प्रभारी थाना कोतवाली नगर बनाया गया। प्रभारी बनते ही एक वृद्ध महिला ने उनसे अपनी व्यथा बताई, जिसके अनुसार उनकी बेटी लापता है। यह सुनते ही कोतवाल शिवानी ने अधीनस्थ को मोबाइल पर वही निर्देश दिए जो आमतौर पर शहर कोतवाल देते। कई और फरियादी भी नई कोतवाल से रुबरु हुए। हालांकि शिवानी की दादी के प्रति चिंता साफ झलक रही थी। कोतवाल शिवानी समेत सभी छात्राओं ने समय पूरा होते ही पुलिस का आभार जताया तो पुलिस ने भी खुशी जताई। इस मौके पर एएसपी उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने कविता के माध्यम से छात्राओं को जागरुक किया। इस दौरान सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी, सीओ गरिमा पंत, शहर कोतवाल, महिला पुलिस, जीजीआईसी की प्रधानाचार्या नंदिता सिंह, शिक्षिता ज्योति द्विवेदी आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरुकता के लिए छात्राओं ने जीजीआईसी से रैली निकाली।

# खजुराहो में इंटरनेशनल फिल्म महोत्सव दिसंबर में

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)


मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात करते राजा बुंदेला। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार।** खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल दिसंबर में होगा, जिसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। कार्यक्रम के संयोजक फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला ने पिछले दिनों मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से भेंट कर कार्यक्रम की रूपरेखा बताई और महोत्सव का आमंत्रण दिया।

आयोजन के यूपी बुंदेलखंड संयोजक एवं बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला के प्रयास प्रोडक्शन मुंबई ने आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुंबई में अभिनेत्री सुष्मिता मुखर्जी की अगुवाई में अभिनेता-अभिनेत्रियों को आमंत्रित किया जा रहा है। इसके अलावा यूपी-एमपी बुंदेलखंड के लोक कलाकारों, फिल्म निर्माताओं और गायन, वादन, नृत्य की प्रतिभाओं को यहां मंच मिलेगा। कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। आयोजन में धर्मनगरी के संत उद्घाटन अवसर पर इस बार भी आमंत्रित किए गए हैं। साथ ही यूपी-एमपी की राजनीतिक हस्तियां भी शिरकत करेंगी।

# गो-तस्कर की पुलिस से मुठभेड़, लगी गोली

## पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए भेजा गया जिला अस्पताल, तमंचा व कारतूस बरामद

संवाददाता गंजमुरादाबाद (उन्नाव)


पकड़े गए गो-तस्कर को लेकर जाती पुलिस।

**अमृत विचार।** गोवंशियों के अवशेष पड़े होने की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम गोकशी करने वालों की खोज कर रही थी। इसी दौरान छापेमारी कर तस्कर को पकड़ने गई पुलिस पार्टी पर उसने फायर कर दिया और भागने का प्रयास किया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई। पुलिस की एक गोली उसके पैर में लगी उसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया। घायल अवस्था में उसे सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गंजमुरादाबाद कस्बा के पढ़ियाना मोहल्ला निवासी दिनेश की बगिया में सोमवार सुबह गोवंश के अवशेष पड़े मिलने की सूचना पर सीओ व एसएचओ फोर्स के साथ पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस टीम ने मुखबिरों का जाल बिछाया तो घटना के पीछे गुल्लू उर्फ इलियास पुत्र एजाज मूल निवासी गंजमुरादाबाद बांगरमऊ हालपता इमलिया बाग संडीला हरदोई के शामिल होने की बात सामने आई, जिसे पकड़ने के लिए पुलिस टीम उसकी तलाश कर रही थी तभी उसकी लोकेशन बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर खालसा में पास मिली। सीओ अरविंद चौरसिया की अगुवाई में पुलिस टीम ने उसे सुरेंद्र कश्यप के आम के बाग के पास घेर लिया। खुद को घिरा देख गुल्लू ने भागने का प्रयास किया और पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लग गई और टीम ने उसे दबोच लिया। घायल हालत में उसे सीएचसी बांगरमऊ लाया गया, जहां से उसे पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल रेफर किया गया।

सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि गोकश को पकड़ने गई पुलिस पार्टी पर तस्कर ने फायरिंग कर दी थी। सेल्फ डिफेंस में क्रॉस फायरिंग कर उसे पैर में गोली मारकर पकड़ा गया है। उसके पास से तमंचा, कारतूस व गोकशी में प्रयोग होने वाली दो छुरी बरामद हुई हैं। आगे की जांच की जा रही है।

# नैना व अभिषेक दो-दो खेलों में रहे अव्वल

संवाददाता, सतरिख (बाराबंकी)


विजेता खिलाड़ियों के साथ बीईओ हरख अर्चना यादव।

**अमृत विचार:** न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र में सरस्वती पूजन के साथ संपन्न हुआ। इसके बाद सभी खिलाड़ियों से परिचय करवाया गया। विजेता खिलाड़ियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

विकास खंड हरख के ब्लॉक संसाधन केंद्र सतरिख में खंड शिक्षा अधिकारी हरख अर्चना यादव, खेल प्रभारी हरिकृष्ण श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ अध्यापक सुरेश अस्थाना, कुलदीप पटेल तथा संगीता श्रीवास्तव आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद का उद्घाटन किया। 50 मीटर बालक वर्ग दौड़ में प्राथमिक विद्यालय बड़ापुरा के अभिषेक तो बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय गाल्हामऊ की नैना ने प्रथम स्थान हासिल किया। 100 मीटर दौड़ में गाल्हामऊ की अदिति और प्राथमिक विद्यालय सतरिख प्रथम के अयान ने प्रथम स्थान पाया। 200 मी. दौड़ में नैना तथा 400 मीटर प्राथमिक विद्यालय बड़ापुरा के अभिषेक ने प्रथम स्थान पर बाज़ी मारी लंबी कूद बालक वर्ग में अभिषेक ने फिर से प्रथम स्थान पर रहे। नैना दो खेलों में तो अभिषेक तीन खेलों में एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता को लेकर खेल अनुदेशक श्वेता, रमाकांत, आदित्य प्रकाश, निधि, भावना का योगदान रहा।

**दौड़ और लंबी कूद प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन**

# 9 नमूने लिये गए, ढाई लाख की खाद्य सामग्री कराई नष्ट

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** नवरात्रि एवं अन्य अवसरों पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के लिए एफएसडीए की टीम ने सोमवार को छापेमारी की। इस दौरान कुल 9 वस्तुओं के नमूने भरे गए। साथ ही मानक विपरीत मिली 28 किलो कुट्टू आटा समेत करीब दो लाख पचास हजार रुपये की सामग्री नष्ट करवाई गई।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में एफएसडीए की टीम ने ओम किराना स्टोर आलापुर से कुट्टू आटा, न्यू इण्डिया किराना स्टोर स्टेशन रोड से साबूदाना, दीपक ट्रेडर्स नबीगंज से फ्राई ओला पॉम ऑयल, हलीम किराना स्टोर नयी बाजार दरियाबाद से किशमिश का नमूना भरा। नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए। मानक विपरीत कुट्टू आटा 28 किलो, रस्क 120 पैकेट, खाद्य तेल 150 लीटर, वनस्पति घी 75 किलो, बेसन 20 किलो, फ्राई ओला पाम आयल 109 टिन नष्ट करा दिया गया। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पाण्डेय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार, प्रिया त्रिपाठी, अनुराधा मिश्रा, पल्लवी तिवारी, डा. अंकिता यादव व भगौती प्रसाद शामिल रहे।

# भाजपा नेता का भाई समेत 7 जुआरी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शहर कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के नेता के भाई व भतीजे समेत सात लोगों को धर दबोचा। रात में हुई इस कार्रवाई के बाद जहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने 28 हजार रुपये, ताश की गड्डी आदि बरामद कर सातों जुआरियों को जेल भेज दिया।

जुआरियों की चल रही धरपकड़ के क्रम में क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने शहर के नागेश्वर नाथ मंदिर के निकट छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान कुल सात लोग सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेलते मिले। बड़ी संख्या में रही फोर्स ने इन सभी को धर दबोचा। पकड़े गए लोगों में रेहसुल हसन पुत्र कासिम अब्बास व फराज हुसैन पुत्र रैसुल हसन निवासी नागेश्वर नाथ धाम पीरबटावन ने पकड़े जाने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता राजा कासिम के परिवार से होने का हवाला दिया। इनमें रेहसुल हसन भाजपा नेता का भाई व फराज हुसैन भतीजा है पर पुलिस ने बिना कोई सुनवाई किए इन्हे व अनवर अली पुत्र असगर अली निवासी मोहल्ला चंदना बारादरी, हुजूर आलम पुत्र छोटा सलमानी निवासी पीरबटावन, शादाब अहमद पुत्र सईद अहमद निवासी सिविल लाइन नेहरू नगर, निशान पुत्र मो. मुश्फिक निवासी रफीनगर देवा रोड व बच्चेलाल बाल्मीकी पुत्र रामलखन निवासी पीरबटावन सभी थाना कोतवाली नगर को कोतवाली ले गई।

### कुर्सी पुलिस ने दबोचे 8 जुआरी

थाना कुर्सी पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे रेहान पुत्र बसारत निवासी एक मिनारा मस्जिद, शीबू पुत्र मुसर्रफ अली, मो. सलीम पुत्र नुसरत अली, मो. शब्बू पुत्र पुत्तन निवासी मो. फाटक, मो. आसिफ पुत्र स्व. मो. जमील, मो. इरफान पुत्र मो. सुलेमान 8. मो. इमरान पुत्र खलील अहमद निवासी मुल्ला टोला सभी थाना कुर्सी व गुफरान पुत्र स्व. रमजान निवासी पाण्डेय टोला अलीगंज जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से ताश के पत्ते, मालफड़, जामातलाशी में 3,050 रुपये बरामद किए गए।

# 21 को ऐतिहासिक पालकी यात्रा निकलेगी

**देवा, बाराबंकी। अमृत विचार :** जो रब है वही राम का संदेश देने वाले महान सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता सैय्यद कुर्बान अली उर्फ दादा मियां की याद में लगने देवा मेला की शुरुआत 18 अक्टूबर से हो रही है। इस दौरान वारिस पाक के वालिद हजरत सैय्यद कुर्बान अली शाह दादा मियां की दरगाह पर होने वाले कार्यक्रमों के तिथि और समय की घोषणा भी कर दी गई है। सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के वालिद सैय्यद कुर्बान अली शाह की याद में आयोजित होने वाले कार्तिक उर्स के दौरान हजरत कुर्बान अली शाह के आस्ताने पर भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन होता है। सज्जादानशीन हाजी सैय्यद उसमान गनी शाह के बेटे सैय्यद अमान गनी ने बताया कि 19 अक्टूबर को हाजी सैय्यद उसमान गनी शाह की ओर से दादा मियां के आस्ताने पर जुलूस के साथ चादर पेश की जाएगी।

# डीएम ने की चकबंदी व राजस्व कार्यों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



बैठक में दिशा निर्देश देते डीएम सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोक सभागार में चकबंदी, कर-करेत्तर और राजस्व कार्यों सम्बंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने विभिन्न मामलों के प्रगति कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के कई गांवों में चकबंदी प्रक्रिया अभी भी चल रही है। उन गांवों में यह कार्य जल्द पूरा कराया जाए। जहां पर चकबंदी के वाद चल रहे हैं, उन्हें नियमानुसार यथा शीघ्र निस्तारित किया जाए। इसके बाद डीएम ने कर-करेत्तर सम्बन्धी मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से फीडबैक लिया और विभिन्न विभागों खनिज विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग, विद्युत विभाग और तहसीलों में बकायेदारों आदि सहित समस्त विभागों से कर वसूली के मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि नीलामी योग्य तालाबों के लिये मेला आयोजित करते हुए पट्टे आवंटन की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा किया जाए और ई-खसरा बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। आईजीआरएस के मामलों के निस्तारण में अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि स्थल मेमो, मौके की फोटो और आवेदक से वार्ता होना जरूरी है। इस मौके पर एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक इंद्रसेन और एसडीएम नवाबगंज आर.जगत साईं सहित सभी तहसीलों के एसडीएम मौजूद रहे।

# कांग्रेस सिर्फ भ्रम फैलाने का करती है काम

**सदस्यता महाअभियान की तैयारी बैठक में बोले क्षेत्रीय विधायक**

संवाददाता, फतेहपुर (बाराबंकी)

**अमृत विचार :** भारत आज पड़ोसी देशों से जहां धीरे धीरे असुरक्षित महसूस कर रहा है। वहीं भयमुक्त देश बनाने के लिए एकजुटता का कार्य अति आवश्यक है। कांग्रेस केवल भ्रम फैलाने का काम करती है। अब तक कांग्रेस ने अपने शासनकाल में 75 बार संविधान का संशोधन किया तब तक संविधान खतरे में नही था लेकिन अब जब भाजपा सरकार संविधान संशोधन करती है तो राहुल गांधी को संविधान खतरे में लगने लगता है।

यह बात भाजपा विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने सदस्यता महाअभियान की एक बैठक को सम्बोधित करते हुए रामनगर रोड पर स्थित बाबा मैरिज लॉन में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान चलाने के लिए कार्यकर्ता घर घर जाये और आम जनता के बीच भारत की सुरक्षा एवं संवर्धन को लेकर चर्चा करें तथा भ्रम फैलाने वाली कांग्रेस पार्टी से कैसे सावधान रहे यह भी आम जनता के बीच जाकर चर्चा करने का विषय है। इस मौके पर हंसराज वर्मा, राजीव नयन तिवारी, दिनेश पाण्डेय, अंशुमान मिश्रा, बाबा हेमन्त दास, करूणा शंकर शुक्ला, मुकुन्द सिंह, दिनेश सिंह, पूजा सिंह, दिलीप वर्मा, सरोज वर्मा, विनीतानन्द मिश्रा आदि मौजूद थे।

### एक दर्जन लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

**संवाददाता, सिरौली गौसपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को गति देने के लिए पूर्व विधायक ने बूथ पर चौपाल लगाई। सोमवार को क्षेत्र की ग्राम पंचायत शेषपुर टूटरू के बूथ पर पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। केंद्र व प्रदेश की सरकार लगातार गरीबों के लिए कार्य कर रही है। सरकार के कार्यो से प्रभावित होकर लोग लगातार पार्टी से जुड़ रहे हैं और भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। उन्होंने एक दर्जन से अधिक लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि पदाधिकारीप्रत्येक बूथ पर जाएं और बूथ अध्यक्ष के साथ मिलकर गांव के लोगों को पार्टी की सरकार की नीतियों व सरकार के कार्य बताएं। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, अमित, नीरज, प्रहलाद, विमल, ग्राम प्रधान संजय सिंह, स्वतंत्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**मसौली, बाराबंकी : अमृत विचार :** दुर्गा पूजा महोत्सव की पंचमी के मौके पर भवानी नीम दुर्गा मंदिर मुंजापुर परिसर में कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ वैदिक आचार्य मयंक शरण शास्त्री के द्वारा कलश यात्रा एवं वेदी पूजन मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इस मौके पर आयोजक छोटेलाल वर्मा, पुजारी राजकुमार शर्मा, सोहित, मोहित, बाबूलाल, नरेंद्र, मंटू, कुशन, डॉ. नितेश समेत कई लोग मौजूद रहे।

### युवक ने फंदाकर लगाकर दी जान

**संवाददाता, देवा, बाराबंकी : अमृत विचार :** देवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवक ने घर के अंदर रस्सी के सहारे छज्जे से लटक कर अपनी जान दे दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली देवा क्षेत्र के ग्राम रीवारतनपुर निवासी मनोज पाल उम्र 22 वर्ष पुत्र स्व. मुन्नीलाल पाल ने रात करीब 9 :20 बजे अपने घर के अंदर रस्सी के सहारे छज्जे से लटककर अपनी जान दे दी। मृतक अपनी विधवा मां, बीबी और दो बच्चों का इकलौता सहारा था और उनकी माली हालत काफी खराब थी। देवा कोतवाल अनिल कुमार पांडे ने बताया कि मृतक के परिजनों ने इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी है।

### बापू के शिक्षा दर्शन से लें सीख

**संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार :** जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा "बापू के बुनियादी शिक्षा" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रा. प्रो .डॉ. सीताराम सिंह ने वर्तमान समय में गांधी जी की शिक्षा योजना को प्रासंगिक बताया तथा कहा कि विद्यार्थियों को गांधी जी के शिक्षा दर्शन से सीख लेनी चाहिए। प्रो. बी के गुप्ता ने कहा कि दोनों में ही हस्तकौशल द्वारा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने पर बोल दिया गया है। संगोष्ठी में शिक्षाशास्त्र विभाग के अरविंद पांडेय, डॉ. किरन सिंह समेत विद्यार्थी मौजूद रहे।

### दो गिरफ्तार, तमंचे बरामद

**संवाददाता, बाराबंकी : अमृत विचार :** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने अभियुक्त आसिफ पुत्र साकिर अली निवासी मो. फैजुल्लागंज थाना जहांगीराबाद को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस बरामद किया। थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम ने अभियुक्त इस्लामुद्दीन पुत्र स्व. मुन्ना निवासी ग्राम नई बस्ती थाना जहांगीराबाद को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस बरामद किया। दोनों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

### नोडल अधिकारी ने देखीं स्कूल की व्यवस्थाएं

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के एक विद्यालय में नोडल अधिकारी द्वारा अचानक निरीक्षण से हड़कंप मच गया। ब्लॉक बनीकोडर अंतर्गत श्री राम अभिलाष स्मारक इंटर कॉलेज चोरी अलादास पुर में नोडल अधिकारी विजय कुमार गुप्ता ने विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय का रखरखाव साफ सफाई और विद्यालय व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया। विद्यालय में जल व बिजली व्यवस्था, जनरेटर, बायोमेट्रिक, अग्निशमन यंत्र, फर्नीचर, शौचालय की व्यवस्था देखा और विद्यालय के प्रधानाचार्य को साफ सफाई का आदेश दिया।

### दुराचार मामले के दोषी को 20 वर्ष कठोर कारावास

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार :** न्यायालय ने नाबालिग से दुराचार के प्रकरण में एक दोष सिद्ध अभियुक्त को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 30 रुपये अर्थदण्ड अदा करने का आदेश दिया है। थाना लोनीकटरा पर नाबालिग से दुराचार की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत रिपोर्ट एवं पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त गोलू उर्फ प्रदीप पुत्र विष्णु कुमार निवासी ग्राम परीवां थाना लोनीकटरा को दर्ज धाराओं में अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या-44 ने दोष सिद्ध करते हुए 20 वर्ष कठोर कारावास व 30 रुपया अर्थदण्ड से दण्डित किया। संक्षिप्त विवरण के अनुसार 5 जून 2019 को वादी ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ अभियुक्त द्वारा दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी।

### अजय बने रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष

**संवाददाता, सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** ग्राम रोजगार सेवक संघ की बैठक ब्लॉक सभागार में जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शकील अहमद को संगठन का प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया। पूर्व से निष्क्रिय पड़ी ब्लॉक कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अजय कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष व प्रेमलता मौर्या को महामंत्री मनोनीत किया गया। साथ ही मुकेश चंद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, योगेंद्र प्रताप सिंह को उपाध्यक्ष, राजकुमार को ब्लॉक संगठन प्रभारी एवं रामविलास को ब्लाक कोषाध्यक्ष नामित किया गया।

**अव्यवस्था** — गैंगवार, हत्या की साजिश तक रची जा चुकी है, खराब भोजन पर सस्पेंड हुए थे चार कारागार कर्मी

# 163 साल पुरानी जेल में क्षमता से अधिक कैदी

योगेश शर्मा, बाराबंकी



जिला कारागार बाराबंकी।

> क्षमता से कैदियों की संख्या अधिक है पर नियंत्रण में कोई कमी नही है। वहीं शासन के आदेशानुसार कैदियों को वर्णमाला क्रम में रखा जा रहा है।
>
> -कुंदन कुमार, जिला कारागार अधीक्षक

**अमृत विचार:** 163 साल पुराना जिला कारागार फिलहाल शांत है। क्षमता में वृद्धि के बाद भी कारागार में 123 कैदी अधिक हैं। संवेदनशीलता की वजह से जिला जज, डीएम एसपी का मासिक निरीक्षण बरकरार है क्योंकि कुछ ही साल पहले इसी कारागार से गैंगवार ने जन्म लिया तो जेल अधीक्षक की हत्या की साजिश तक रची जा चुकी है। खूंखार कैदियों के एक के बाद एक कर चले जाने से ही जेल अफसरों को राहत मिली है। रही बात चर्चा में रहने की तो चार का निलंबन हो या फिर कथित नींबू घोटाला अभी भी सबको याद है।

बताते चलें कि जिला कारागार आपराधिक न्याय प्रशासन का एक महत्वपूर्ण घटक है। जिला कारागार बाराबंकी की स्थापना वर्ष 1861 में की गई थी। 29.9 एकड़ के क्षेत्र और 403 कैदियों को रखने की क्षमता से इसकी शुरुआत हुई। आगे चलकर यह कारागार 62.53 एकड़ के क्षेत्र में विस्तारित हुआ, जिसमें 960 कैदियों को रखने की क्षमता थी। क्षमता वृद्धि में विस्तार के साथ ही यह संख्या बढ़कर 1047 हो गई है। वर्तमान में क्षमता के विपरीत यहां पर कुल 1170 कैदी बंद हैं। इस तरह अभी भी जिला जेल 123 कैदियों का अतिरिक्त बोझ उठा रही है। बंदी रक्षको की संख्या बराबर कम चली आ रही है। रही बात कारागार की संवेदनशीलता की तो यहां पर बंद दो खतरनाक बंदियों संजय माहेश्वरी उर्फ जीवा व पन्ना यादव उर्फ डॉक्टर के बीच गैंगवार चर्चा में आ गई थी। इसी गैंगवार का नतीजा रहा कि 15 जनवरी 2013 को सपा के युवा नेता अरविंद सिंह यादव की शहर के बंकी कस्बे में गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले को लेकर सपा युवा कार्यकर्ता सड़क पर उतरे इसके बाद संजीव माहेश्वरी को इस जेल से हटा दिया गया। कुछ दिन बाद पन्ना यादव को भी दूसरी जेल भेजा गया। इसी जेल में रहकर चंदन सिंह ने जेल अधीक्षक की हत्या की साजिश रची और गोरखपुर में हुई एक चिकित्सक की हत्या में भी उसका नाम उभरा। मुजफ्फरनगर का सुक्रम पाल भी इसी कारागार में बंद रह चुका।

### नई पहल से सुधार के आसार

शासन के नए आदेश के बाद जेल प्रशासन ने कैदियों को व्यवस्थित करना शुरू कर दिया है। आदेश के तहत अब जिला कारागार की बैरकों में कैदियों को वर्णमाला क्रम में रखा जाएगा। उदाहरण के लिए जिन कैदियों के शुरुआती नाम में ए होगा, उन्हे एक बैरक में, जिनके नाम की शुरुता बी से होगी उन्हे अन्य बैरक में। इस तरह कैदियों की छंटनी नाम के अनुसार होगी। यहां पर बनी बैरकों में वर्णमाला क्रम के अनुसार कैदियों को रखने का सिलसिला शुरु कर दिया गया है। माना जाता है कि कैदियों को इस क्रम में रखने से कारागार प्रशासन को भी काफी सुविधा होगी।

### अक्सर चर्चा में रहता है जिला कारागार

जिला कारागार में हाता कराने की स्थानीय परंपरा हो या फिर मिलाई करने आए परिजनों से भेंट पूजा, कारागार किसी न किसी रूप में चर्चा में आता रहा है। हद तो तब हो गई जब वर्ष 2022 में कारागार मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने निरीक्षण में बंदियों को दिया जाने वाला भोजन गुणवत्ता विहीन मिलने पर जेल अधीक्षक हरिबख्श सिंह सहित चार को निलंबित कर दिया। वहीं यहां पर नींबू घोटाले के मामले ने भी चर्चा पाई हालांकि घोटाले की पुष्टि नहीं हो सकी पर यह सामने आया कि मानक के विपरीत नींबू की खरीद की गई।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

माता शत्रु : पिता वैरी येनवालो न पाठित : ।
न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये वको यथा ॥

बच्चे को न पढ़ानेवाली माता शत्रु तथा पिता वैरी के समान होते हैं । बिना पढ़ा व्यक्ति पढ़े लोगों के बीच में कौए के समान शोभा नहीं पता ।


## संपादकीय

# मुइज्जू का भारत दौरा

मालदीव हिंद महासागर में अत्यधिक रणनीतिक महत्व रखता है, जो अरब सागर और उससे आगे के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। मालदीव भारत की मुख्य भूमि से दक्षिण-पश्चिम तट के करीब हिंद महासागर में स्थित द्वीप समूह से बना एक देश है। मालदीव के साथ भारत के रिश्ते हमेशा से अच्छे रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मालदीव के नेताओं की टिप्पणी के बाद दोनों देशों के रिश्तों में दूरियां आ गई थीं। मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू के भारत दौरे से मालदीव और भारत के रिश्तों में आई कडुवाहट दूर करने की रणनीति सफल होती दिख रही है। सोमवार को भारत और मालदीव ने द्विपक्षीय सहयोग को 'समग्र आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझीदारी' के रूप में आगे बढ़ाने की घोषणा की। पिछली कड़वी बातों को भुलाकर मालदीव के राष्ट्रपति का आगे बढ़ना उनका कूटनीतिक यू-टर्न कहा जा रहा है। भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति और 'सागर' विज़न में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। जब भी कोई संकट आया, जैसे-सुनामी या पेयजल की कमी, भारत ने मालदीव की सहायता की है। इस बीच बदले वैश्विक हालात में भारत के पड़ोसी देशों में चीन के सामरिक दखल में वृद्धि देखने को मिली है। मालदीव, भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता का केंद्र बनता दिखा। दोनों देशों के रिश्तों में हुई उथल-पुथल के चलते भारतीय सैन्यकर्मियों को मालदीव से निकालना और इंडिया आउट मोहम्मद मुइज्जू के चुनावी कैंपेन का हिस्सा रहा। इसके बावजूद भारत ने द्विपक्षीय रिश्ते को फिर से पटरी पर लाने के लिए कूटनीति प्रयास जारी रखे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुइज्जू से मुलाकात की थी और पेचीदा मुद्दों पर द्विपक्षीय बातचीत के लिए एक उच्चस्तरीय कोर ग्रुप का गठन किया। अब भारत पहुंचने पर राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि उनका देश भारत की सुरक्षा को कमजोर करने वाला कोई काम नहीं करेगा।

दरअसल मालदीव पर भारी कर्ज है। ऐसे में मालदीव को भारत से बहुत उम्मीदें हैं। राष्ट्रपति मुइज्जू को इस बात का अहसास रहा कि दोनों पक्ष शांति के फायदों पर गौर करें। दोनों देशो के बीच पनपे तनाव सिर्फ उन समस्याओं के लक्षण हैं, जो बड़ी बन सकती हैं। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा कि मुइज्जू की यात्रा से हमारे संबंधों में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। मालदीव के लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए भारत अपना हरसंभव सहयोग देता रहेगा। हिन्द महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि के लिए हम मिलकर काम करेंगें। वास्तव में पड़ोसी प्रथम नीति के अनुरूप दक्षिण एशिया और आसपास की समुद्री सीमाओं में क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत की इंडो-पैसिफिक सुरक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दृष्टि से द्विपक्षीय संबंधों में आया बदलाव भारत और मालदीव दोनों के लिए अच्छा है।

# गर्मी के बढ़ते दिन और परेशानियां




पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह संभलने का वक्त है क्योंकि जलवायु परिवर्तन का असर सबसे संवेदनशील नैसर्गिक स्थल-हिमाचल की गोद में अब गहरा होता जा रहा है। गर्मी से लोगों की सेहत पर तो बुरा असर हो ही रहा है, लगातार गर्मी ने पानी की मांग बढ़ाई और संकट भी। सबसे बड़ी बात गर्मी से शुद्ध पेयजल की उपलबद्धता घटी है।

वायु सेना के शो के दौरान चेन्नई में तेज गर्मी के चलते छह लोग मारे गए और 100 से अधिक बीमार हो गए । बस्तर में कभी दशहरे के पास का मौसम बहुत सुहाना होता था, आज वहां तापमान 35 के पार है और गर्मी की चुभन 40 जैसी। अभी एक हफ्ते पहले ही उत्तर पूर्वी राज्यों में सबसे भीगा और पसंदीदा मौसम कहलाने वाले समय में गुवाहाटी समेत कई जिलों में स्कूल बंद करने पड़े क्योंकि तापमान 45 से पार हो गया। उत्तराखंड में देहरादून में अधिकतम तापमान 35 डिग्री और पंतनगर का अधिकतम तापमान 37.2 होना असामान्य है। कश्मीर में मौसमी तपिश लोगों को बेहाल किए है। यहां इस मौसम के तापमान से कोई 6.6 डिग्री अधिक गर्मी दर्ज की गई है और हालात लू जैसे हैं। कुपवाड़ा में 33.3, पहलगाम में 29.5 और गुलमार्ग में 23.6 तापमान असहनीय सा है। हिमाचल प्रदेश में सितंबर के महीने में जून सी गर्मी है। ऊना समेत प्रदेश के पांच जिलों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। मंगलवार को ऊना का तापमान 38 डिग्री को पार कर गया। जबकि कांगड़ा, मंडी, चंबा और बिलासपुर में भी तापमान 35 डिग्री पर पहुंच रहा है। सामान्य तौर पर सितंबर माह में हल्की सर्दी का दौर शुरू हो जाता है। लेकिन इस बार गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। शिमला में भी तापमान 28 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। जो सामान्य से कहीं अधिक है।

यह संभलने का वक्त है क्योंकि जलवायु परिवर्तन का असर सबसे संवेदनशील नैसर्गिक स्थल-हिमाचल की गोद में अब गहरा होता जा रहा है। गर्मी से लोगों की सेहत पर तो बुरा असर हो ही रहा है, लगातार गर्मी ने पानी की मांग बढ़ाई और संकट भी। सबसे बड़ी बात गर्मी से शुद्ध पेयजल की उपलबद्धता घटी है। प्लास्टिक बोतलों में बिकने वाला पानी हो या फिर आम लोगों द्वारा सहेज कर रखा गया जल, तीखी गर्मी ने प्लास्टिक बोतल में उबाल गए पानी के जहर बना दिया। पानी का तापमान बढ़ना तालाब-नदियों की सेहत खराब कर रहा है। एक तो वाष्पीकरण तेज हो रहा है, दूसरा पानी अधिक गरम होने से जल में विकसित होने वाले जीव-जन्तु और वनस्पति मर रहे हैं।




आधुनिक ज्ञान के पास तात्कालिक निदान और कथित सुख के साधन तो हैं लेकिन कुपित कायनात से जूझने में वह असहाय है। अब समय या गया ही कि इंसान बदलते मौसम के अनुकूल अपने कार्य का समय, हालात, भोजन , कपड़े आदि में बदलाव करे। खासकर पहाड़ों पर विकास और पर्यटन दो ऐसे मसले हैं, जिन पर नए सिरे से विचार करना होगा शहर के बीच बहने वाली नदियां, तालाब, जोहड़ आदि यदि निर्मल और अविरल रहेंगे तो बढ़ी गर्मी को सोखने में ये सक्षम होंगे। खासकर बिसरा चुके कुएं और बावड़ियों को जीलाने से जलवायु परिवर्तन की इस त्रासदी से बेहतर तरीके से निबटा जा सकता है। आवासीय और कार्यालयों के निर्माण की तकनीकी और सामग्री में बदलाव, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, बहुमंजिला भवनों का ईको फ्रेंडली होना, उर्जा संचयन, शहरों के तरफ पलायन रोकना, ऑर्गेनिक खेती सहित कुछ ऐसे उपाय हैं जो बहुत कम व्यय में देश को भट्टी बनने से बचा सकते हैं।

तीखी गर्मी भोजन की पौष्टिकता की भी दुश्मन है। तीखी गर्मी में गेहूं, कहने के दाने छोटे हो रहे हैं और उनके पौष्टिक गुण घट रहे हैं। वैसे भी तीखी गर्मी में पका हुआ खान जल्दी सड़-बुस रहा है। फल-सब्जियां जल्दी खराब हो रही हैं। खासकर गर्मी में आने वाले वे फल जिन्हे केमिकल लगा कर पकाया जा रहा है, इतने उच्च तापमान में जहर बन रहे हैं और उनका सेवन करने वालों के अस्पताल का बिल बढ़ रहा है।

इस बार की गर्मी की एक और त्रासदी है कि इसमें रात का तापमान कम नहीं हो रहा, चाहे पहाड़ हो या मैदानी महानगर, बीते दो महीनों से न्यूनतम तापमान सामनी से पांच डिग्री तक अधिक रहा ही है। खासकर सुबह चार बजे भी लू का एहसास होता है और इसका कुप्रभाव यह है कि बड़ी आबादी की नींद पूरी नहीं हो पा रही। खासकर स्लम, नायलॉन आदि के किनारे रहने वाले मेहनतकश लोग उनींदे से सारे दिन रहते है और इससे उनकी कार्य क्षमता पर तो असर हो ही रहा है, शरीर में कई विकार या रहे है। जो लोग सोचते हैं कि वातानुकूलित संयत्र से वे इस गर्मी की मार से सुरक्षित है, तो यह बड़ा भ्रम है। लंबे समय तक एयर कंडीशनर वाले कमरों में रहने से शरीर की नस-नाड़ियों में संकुचन, मधुमेह और जोड़ों के दर्द का खामियाजा ताजिंदगी भोगना पड़ सकता है।

मार्च-24 में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने भारत में एक लाख लोगों के बीच सर्वे कर एक रिपोर्ट में बताया है कि गर्मी/लू के कारण गरीब परिवारों को अमीरों की तुलना में पांच फीसदी अधिक आर्थिक नुकसान होगा। चूंकि आर्थिक रूप से सम्पन्न लोग बढ़ते तापमान के अनुरूप अपने कार्य को ढाल लेते हैं, जबकि गरीब ऐसा नहीं कर पाते।

भारत के बड़े हिस्से में दूरस्थ अंचल तक लगातार बढ़ता तापमान न केवल पर्यावरणीय संकट है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक त्रासदी-असमानता और संकट का कारक भी बन रहा है। यह गर्मी अकेले शरीर को नहीं प्रभावित कर रही इससे इंसान की कार्यक्षमता प्रभावित होती है, पानी और बिजली की मांग बढती है, उत्पादन लागत भी बढ़ती है ।

सवाल यह है कि प्रकृति के इस बदलते रूप के सामने इंसान क्या करे? यह समझना होगा कि मौसम के बदलते मिजाज को जानलेवा हद तक ले जाने वाली हरकतें तो इंसान ने ही की है। फिर यह भी जान लें कि प्रकृति की किसी भी समस्या का निदान हमारे अतीत के ज्ञान में ही है, कोई भी आधुनिक विज्ञान इस तरह की दिक्कतों का हाल नहीं खोज सकता।

आधुनिक ज्ञान के पास तात्कालिक निदान और कथित सुख के साधन तो हैं लेकिन कुपित कायनात से जूझने में वह असहाय है। अब समय या गया ही कि इंसान बदलते मौसम के अनुकूल अपने कार्य का समय, हालात, भोजन , कपड़े आदि में बदलाव करे। खासकर पहाड़ों पर विकास और पर्यटन दो ऐसे मसले हैं, जिन पर नए सिरे से विचार करना होगा शहर के बीच बहने वाली नदियां, तालाब, जोहड़ आदि यदि निर्मल और अविरल रहेंगे तो बढ़ी गर्मी को सोखने में ये सक्षम होंगे। खासकर बिसरा चुके कुएं और बावड़ियों को जीलाने से जलवायु परिवर्तन की इस त्रासदी से बेहतर तरीके से निबटा जा सकता है। आवासीय और कार्यालयों के निर्माण की तकनीकी और सामग्री में बदलाव, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, बहुमंजिला भवनों का ईको फ्रेंडली होना, उर्जा संचयन, शहरों के तरफ पलायन रोकना, ऑर्गेनिक खेती सहित कुछ ऐसे उपाय हैं जो बहुत कम व्यय में देश को भट्टी बनने से बचा सकते हैं।

## प्रसंगवश

# संस्कृति के प्रति असंवेदनशील

एक ओर वे लोग हैं, जो जनता के जीवन में घुले-मिले प्रत्येक सांस्कृतिक पक्ष को झुठलाने का प्रयास करते हैं। जनता के जीवन से उलटे चलने को प्रगतिशीलता समझते हैं। जनता को हीनभावना से देखते हैं और अपने को सुपर समझ लेते हैं। खाए अघाए लोग हैं, पेट भरा है। त्योहार को देखते ही बक्कबाय लग जाती है। दूसरी ओर संस्कृति का झंडा उठाए हुए वे लोग हैं, जो संस्कृति के कुछ प्रतीकों और उपलक्षणों को ही संस्कृति समझते हैं, इसके अतिरिक्त कुछ भी सुनने और समझने को तैयार नहीं हैं। कट्टर हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय चिंतन उनके लिए नारा है, केवल नारा। वरना वे यह समझने की कोशिश करते कि भागवत (5-14-26) ने वित्तशाठ्य जैसी अवधारणा भी दी है- विद्वेषमेति वित्तशाठ्यात्। वित्तशाठ्य को आप आज कालेधन का नाम दें या भ्रष्टाचार कहें या घोटाला कहें, उन्होंने माना कि वित्तशाठ्य के प्रति तनिक भी सहानुभूति रखना अधर्म है। वेदव्यास ने कहा कि बहुत बडा संग्रह किया है तो इसका मतलब है कि उसने दूसरों के श्रम का अपहरण किया है। वे स्पष्ट करते हैं कि वह आदमी कितने भी बहाने बनाए, यह निश्चित ही है कि दूसरों को पीडित किए बिना बहुत बडा संग्रहःपूंजी बन ही नहीं सकती-

ना छित्वा पर-मर्माणि नाकृत्वा कर्म दुष्करं,/ ना हत्वा मत्स्यघातीव प्राप्नोति महतीं श्रियम्। (राजधर्म 14-14-14-130-36) नवधनाढ्य-वर्ग के युवा अति संपन्न देशों की बन्दर-नकल को ही संस्कृति समझ रहे हैं। जो निवेश और तकनीक हम पश्चिम से उधार ले रहे हैं, वह संपन्न-देशों की संस्कृति को साथ लेकर आ रही है और भारत की लोक संस्कृति पर हमला कर रही है? परिवार जैसी संस्था हिलने लगी है। संस्कृति को बाजार का माल बना दिया गया है। रामलीला हो या गरबा नृत्य दोनों के बाजार मेरे सामने ही सज गए हैं, दोनों को देख रहा हूं। राजनैतिक सत्ता और बाजार की सत्ता ने मिलकर अपसंस्कृति को प्रोत्साहित किया है। अपनी संस्कृति पर गर्व करने वाले देश की यह कैसी विडंबना है कि विश्वविद्यालयोंमें लोकसंस्कृति को स्वायत्त अनुशासन का दर्जा नहीं मिल सका है। जनता की संस्कृति के प्रति सभी असंवेदनशील हैं। रूढ़िवाद, प्रतिगामिता और मजहबी-उन्माद का जन्म सांस्कृतिक-शून्य में होता है।

# युद्ध जनित वैश्विक वातावरण के प्रभाव



डॉ. मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

हमें यह समझना होगा कि तकनीकी विकास और वैज्ञानिक उपलब्धियां मानव के जीवन को सुरक्षित, सुविधा युक्त और आनंद बनाने के लिए हैं।

आज विश्व में कुछ देशों के मध्य चल रहे युद्ध ने न केवल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप सम्मिलित देशों को परेशान कर रखा है अपितु विश्व के समस्त छोटे-बड़े देश चिंतित नजर आते हैं। चिंता का विषय न सिर्फ युद्ध देशों से आ रही बम, गोलों, राकेट, मिसाइल के धमाके, आग की लपटे, घना धुंआ और खंडहर होते भवन और शहर हैं, नष्ट होते पेड़-पौधे, जीव-जंतु, पशु-पक्षी हैं, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक मिटती, उजड़ती जिंदगियां हैं अपितु कराहती, रोती, बिलखती मानवता है और आहट सुनाई देती परमाणु/ विश्व युद्ध की आशंका भी है।

आज विश्व में इजराइल-हमास और रुस-यूक्रेन युद्ध अपने चरम पर दिखाई दे रहे हैं। कहने को तो यह युद्ध वन टू वन है पर धरातल पर स्थितियां कुछ अलग है। विश्व के सभी देश चिंतित और परेशान हैं। कुछ ऐसे भी देश हैं जो इन युद्धों की आग में घी डालकर इसे और भयावह बनाने के साथ युद्ध देशों में सुलह के रास्ते बंद कर रहे हैं।

जहां रूस-यूक्रेन युद्ध में युक्रेन के पक्ष में परोक्षरूप से साथ दे रहे हैं अधिकांश नाटों सदस्य देश, वहीं रूस का खुलकर साथ दे रहे हैं चीन, ईरान और नोर्थ कोरिया। इसी तरह हमास-इजराइल युद्ध में हमास का खुलकर साथ दे रहे हैं लेबनान, ईरान,यमन वहीं इजरायल को समर्थन मिल रहा अमेरिका का। कुछ देश ऐसे भी हैं जो प्रत्यक्ष तौर पर तो किसी देश का समर्थन नहीं कर रहे हैं किन्तु चोरी-छुपे युद्ध में अपना अंशदान अवश्य दे रहे हैं। इन्हीं स्थितयों के देखते हुए तीसरे विश्व युद्ध के साथ परमाणु युद्ध होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इन युद्धों ने विश्व के अधिकांश देशों का प्रगति और विकास से ध्यान हटाकर अपने अस्तित्व और सीमाओं को सुरक्षित करने के प्रयासों में लगा दिया है। इन युद्धों से निर्मित स्थितियों ने देशों को भविष्य में अपनी आन-बान-शान और सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए नए सिरे सोचना, योजनाएं बनाना, सुरक्षात्मक संसाधन जुटाना आरंभ कर दिया है। विदेश नीति को नए सिरे लिखने के लिए मजबूर कर दिया है। इन युद्धों को देख कर लगता है कि मानव के वैज्ञानिक मन ने प्रकृति, मानव और मानवता को नष्ट करने के कितने सारे अविष्कार कर रखें है। यहीं पर नहीं रुकते हुए भविष्य के लिए आज जो खतरनाक अस्त्र-शस्त्र हैं उनसे और अधिक खतरनाक अस्त्र-शस्त्र बनाने के लिए मन बना लिया है।

आज के वैश्विक वातावरण तथा परिस्थितियों से उठते कई प्रश्नों ने विश्व के शांति प्रिय, विकास और विश्वबन्धुत्व में विश्वास रखने वाले देशों की नींद उड़ा रखी है और चिंतन करने के लिए मजबूर कर दिया है कि विश्व को अशांत कर कोई भी देश कैसे खुश रह सकता है? क्या परोक्ष या अपरोक्ष रूप से युद्ध में सम्मिलित देश सच्चे अर्थों में पर्यावरण, प्रकृति और मानवता के शुभचिंतक हैं? क्या युद्धों में नष्ट हो रहे प्राकृतिक संसाधन भविष्य में आने वाली पीढ़ी के जीवन को अधिक कष्टदायक नहीं बनाएंगे? क्या जैविक विकास की प्राकृतिक प्रक्रिया बाधित नहीं होगी? क्या युद्ध के कारण तमाम बिगड़ती वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं विभिन्न नई समस्याओं को जन्म नहीं देगी? क्या अंतर्देशीय व्यापारिक मार्ग तथा व्यापार प्रभावित नहीं होगा? क्या देश अपने यहां विकास पर ध्यान देने के स्थान पर हथियारों की क्रय-विक्रय की होड़ में सम्मिलित नहीं हो जाएंगे? क्या विस्थापन और शरणार्थी संकट परेशान नहीं करेगा? ऐसे में क्या नये संघर्षों की संभावनाओं के जन्म लेने से इंकार किया जा सकता है? क्या देशों को अन्य खतरनाक हथियारों के साथ परमाणु, जैविक, रसायनिक, इलेक्ट्रॉनिक, साइबर, मानवरहित वैपन का खतरा नहीं सताएगा? क्या समाज और राष्ट्र के विभाजन के खतरे और नहीं बढ़ेंगे? क्या पोस्ट ड्रैमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर के साथ मानसिक और शारीरिक बीमारियों में वृद्धि नहीं होगी? युद्ध का परिणाम केवल विकास, व्यवस्थाओं और बाह्य संरचनाओं पर ही नहीं होगा वरन मनुष्य की आंतरिक संरचनाएं भी बदल जाएंगी-उसके मन की करुणा, दया, सहयोग, सद्भाव आदि मानवीय मूल्य और गुण केवल इतिहास की बातें बन जाएंगी। जीवन भय, आशंका और असुरक्षा के साये में सिमट जाएगा। जीवन का आनंद ही समाप्त हो जाएगा। अतः हमें यह समझना होगा कि तकनीकी विकास और वैज्ञानिक उपलब्धियां मानव के जीवन को सुरक्षित, सुविधा युक्त और आनंद बनाने के लिए हैं। अतः हर देश को अपने संसाधन और क्षेत्रफल से संतुष्ट रहना सीखना होगा तथा बड़े सक्षम और सशक्त देशों को अपने से छोटे और कमजोर देश की मदद करनी होगी तभी मानव और मानवता के साथ यह सृष्टि सुरक्षित रह सकती है।

## सोशल फोरम

# सैन्य नशा और लंबा हैंगओवर

अपने प्रतिशोध को सीमित करने के लिए ईरान का रास्ते से हटकर जाने का निर्णय इजराइल के लिए एक दुविधा का प्रतिनिधित्व करता है। इजराइल जानता है कि वह अकेले ईरान की सैन्य क्षमताओं को कमज़ोर नहीं कर सकता। हालांकि, इजराइल ईरान पर बड़े पैमाने पर हमला कर सकता है, ताकि नवंबर में डोनाल्ड ट्रंप की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए नेतन्याहू के अक्टूबर सरप्राइज़ के हिस्से के रूप में बिडेन और कमला हैरिस के अभियान को शर्मिंदा किया जा सके। खासकर तब जब ऐसी कार्रवाई से ईरान के जवाबी हमले को बढ़ावा मिलना तय है, जो इजराइल के नागरिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाएगा। एक हमला और जवाबी हमला युद्ध को गर्म चुनावी बहस के मंच पर ले जाएगा, जिससे संभावित रूप से ट्रंप को फायदा होगा और हैरिस को नुकसान होगा।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

ईरान में बेतहाशा तबाही मचाने की इजराइल की क्षमता के बारे में कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। लेकिन अगर ईरान इजराइल द्वारा किए गए नुकसान के केवल दस प्रतिशत के साथ जवाब देने में सक्षम था, तो इजराइल के लिए विनाश बहुत अधिक विनाशकारी होगा। क्योंकि ईरान के विशाल विस्तार और संसाधनों के विपरीत, इजराइल के पास केवल एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, एक रिफाइनरी, मुट्ठी भर प्राकृतिक गैस रिग, कुछ बिजली संयंत्र और बंदरगाह, एक प्रमुख परमाणु सुविधा, दो प्रमुख आर्थिक शहर और मुट्ठी भर जल विलवणीकरण संयंत्र हैं। पिछले हफ्ते के युद्धाभ्यास में ईरान ने इज़राइली हवाई रक्षा प्रणाली को ध्वस्त करने की क्षमता का प्रदर्शन किया । अगर आईआरजीसी, लेबनानी प्रतिरोध के साथ समन्वय में, प्रत्येक प्रमुख बुनियादी ढांचे के स्थल पर केवल दस विस्फोटक उपकरण पहुंचाने में कामयाब हो जाता है, तो यह एक करारा झटका होगा, जो संभवतः इज़राइल को लंबे समय तक पंगु बना देगा। ऐसी संभावित स्थिति नेतन्याहू को उनके नशे से बाहर निकाल देगी और उन्हें लंबे समय तक नशे में रहने का एहसास कराएगी।


-फेसबुक वॉल से

# दर्दनाक आतंकी हमले का एक साल

एक वर्ष पूर्व दुनिया ने हमास के आतंकवादियों द्वारा इज़रायलियों पर किए गए भयंकर और दुर्दांत हमले को देखा था जिसमें 1200 बच्चे, महिलाएं, अधेड़ और बुजुर्ग बेवजह मारे गए थे, 250 अपृहत कर लिए गए थे। यह सब आराम से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम देख रहे थे और ना उन्होंने और ना ही उनके घर वालों ने कभी स्वप्न में भी सोचा होगा कि अब ये कभी घर नहीं लौटेंगे।

ऐसी अविश्वसनीय नृशंस हत्याएं देखकर दुनिया सन्न रह गई थी। इस घटना को एक वर्ष पूरा हो गया है और इज़रायली आतंक का समूल नाश करने के अपने संकल्प से अकेले लड़ते लड़ते बिना थके सब परेशानियों के बाद अपना प्रयास अनवरत जारी रखे हुए हैं। हमास के इस आतंकवादियों को अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठन हिज़्बुल्लाह और हुती ने अपना खुला समर्थन दिया और ईरान के नेतृत्व में कुछ मुस्लिम राष्ट्र भी इन आतंकवादियों को परोक्ष समर्थन देने लगे।

आतंक को समाप्त करने और स्वयं की रक्षा की भीष्म प्रतिज्ञा लिए इज़राइल के यहूदियों के मज़बूत इरादों को यह सब मिलकर भी विचलित नहीं कर पाएं हैं। एक साल के आतंक के ख़िलाफ़ भीषण जंग में इज़राइल ने बहुत हद तक हमास के आतंकियों पर हमला कर इसकी कमर तोड़ दी है, इनके कमांडर ढेर कर दिए हैं लेकिन अभी यह पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं और इनको ऊर्जा हिज़्बुल्लाह और ईरान समर्थित देशों से प्राप्त हो रही है।



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

इज़राइल भी ईरान का नक्शा बिगड़ने की बात कर रहा है और अमेरिका और यूरोप केनबहुटन्से देशों ने इज़राइल को समर्थन देने की बात की है।

हमास का एक बहुत बड़ा समर्थक लेबनान में बैठा हिज़्बुल्लाह संगठन है जिसका नेता नस्रुल्लाह लगातार हमास की मदद करता रहा है और पिछले एक साल में इसने इज़रायल पर आतंकी भूख शांत करने के लिए हज़ारों मिसाइलों से इज़राइल पर हर दिन लगभग तीस हमले किए , इज़राइलियों का सुरक्षा कवच इतना मज़बूत है की ये हमले इज़राइल का कुछ बिगाड़ नहीं सके और दीपावली पर सीले हुए पटाखों की तरह फुस्स हो गए। लेकिन आतंक को समाप्त करने की फ़ौलादी इज़राइली प्रतिज्ञा इतनी मज़बूत थी की ज़मीन से सैंकड़ों फीट नीचे गड्ढे में छिपे बैठे हिज़्बुल्लाह के सर्वोच्च कमांडर को वहां भी नेस्तनाबूद कर दिया ।

अपने शागिर्द की मौत के सदमे से बोखलाए ईरान के आयातुल्लाह खोमनेई ने एक ही दिन में एक ही समय पर लगभग दो सौ मिसाइलें दाग कर आतंकवाद को अपना खुला समर्थन ज़ाहिर किया एवं और हमलों की धमकी भी दे रहा है।

उधर इज़राइल भी ईरान का नक्शा बिगड़ने की बात कर रहा है और अमेरिका और यूरोप केनबहुटन्से देशों ने इज़राइल को समर्थन देने की बात की है। इज़राइल कह रहा है की ईरान पर अपनी सुविधानुसार समय और तारीख़ पर हमला करेगा इस धमकी के बाद विश्व को लगभग तीसरे विश्व युद्ध की दस्तक सुनाई दे रही है।

कुछ नहीं कह सकते क्या होगा लेकिन उम्मीद के अनुसार मुझे नहीं लगता कि आतंक के ख़िलाफ़ अपने प्रयास की सालगिरह पर इज़राइल ईरान पर कोई हमला करेगा लेकिन करेगा ज़रूर। इस आतंक के ख़िलाफ़ धर्म युद्ध की कर्मभूमि कहीं भी हो लेकिन गजवाए हिन्द के समर्थक भारत में भी नस्रुल्लाह की मौत पर फ़ातिहा पढ़कर आतंकवाद को समर्थन दे रहे हैं। यह चिंतनीय है। संयुक्त राष्ट्र संघ बिना इच्छा शक्ति का काग़ज़ी शेर दिखता है विश्व के शांतिप्रिय लोगों को सारी दुनिया से आतंक के ख़ात्मे का संकल्प लेने का दिन है सात अक्तूबर।

# बड़ी विकट स्थिति

नवरात्र महोत्सव की धूम है। कुछ राज्यों में इस त्योहार पर गरबा व डांडिया नृत्य का सामूहिक आयोजन होता है और इसे धूमधाम से मनाया जाता है। आयोजकों की यह जिम्मेदारी है, वे ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें कि ऐसे धार्मिक व संवेदनशील कार्यक्रम में अवांछित तत्व न घुसें और बेहतर तो यही होगा कि परिचित/आमंत्रित व्यक्ति ही पंडाल मे प्रवेश पाएं।

बहस तो बहुत दिनों से चल रही थी, लेकिन टीवी चैनलों पर कुछ ऐसे मुखौटा प्रेमी, विघ्नसंतोषी जीव गरबा पंडालों के आयोजन स्थल पर उपस्थित दिखे, जो गोमूत्र चखाकर हिन्दुत्व की शुद्धता परखने व तत्पश्चात पूजा पंडाल में प्रवेश के लिए हुडदंग कर रहे थे। मेरा सुझाव है कि जो भी गोमूत्र-पान पर जोर दे, आयोजन स्थल पर तैनात स्वयंसेवक व पुलिसकर्मी पहले उन्हें सार्वजनिक रूप से गोमूत्र पिलाकर उनके हिन्दुत्व को जरूर परखें और गोमूत्र की शुद्धता की गारंटी के लिए आसपास आठ दस गायें खूंटे से बांधकर रखें। इन हुड़दंगियों को इस बात की चिंता नहीं है कि आस्था के उत्सव में भाग लेने जा रहे श्रद्धालुओं की भावनाएं इस प्रकार की ओछी हरकतों से कितनी आहत होती होंगी। पवित्रता 'गो' में है, मूत्र में नही। गाय के मूत्र को भी संशोधित व परिष्कृत किया जाता है। गो शब्द अनेकार्थी है, किरण, जो अज्ञान व अंधकार को दूर कर प्रकाश की ओर उन्मुख करती है, इन्द्रिय जो कर्तव्य -अकर्तव्य का विवेक उत्पन्न करती है, आदि इसके पर्यायवाची हैं। अनेक लोग स्वाम्बु को शिवाम्बु कहकर सेवन करते हैं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

पुंसवन से लेकर अंतिम संस्कार तक ही नहीं, पितृपक्ष में पितरों के पूजन के कारण ही नहीं, पुनर्जन्म व चौरासी लाख योनियों में विश्वास के कारण हम सनातनी हिंदू थे, हैं और रहेंगे। इसके लिए न तो किसी के प्रमाण पत्र की आवश्यकता है और न परीक्षण की। जो इससे इतर मापदंड स्थापित करता हो, उसके हिंदू होने का परीक्षण अवश्य किया जाना चाहिए।

# तुम्हें याद हो कि न याद हो

पिछली सदी की ग़ज़ल गायिकी में एक आवाज़ ऐसी भी हुआ करती थी जैसी आधी रात किसी वीराने से आहिस्ता-आहिस्ता उठती उनींदी-सी कोई पुकार। जैसी मुहब्बत में चोट खाई हुई माशूका की दबी-सी एक चीख। जैसे फुसफुसा कर बातें करता पलकों का कोई भींगा-सा कोना। एक सबसे गीली, पुरसुकून आवाज़, एक सबसे अलग अंदाज। ग़ज़ल गायिकी की विधा को जिन कुछ फनकारों ने जान, तेवर और हुस्न बख़्शा, उनमें अख्तरी बाई फैजाबादी उर्फ़ बेग़म अख्तर सबसे प्रमुख नाम है। अच्छा साहित्य, अच्छा संगीत और पुरकशिश आवाज़ मिलकर क्या तिलिस्म पैदा कर सकते हैं, यह पहली बार बेगम साहिबा ने बताया। उनकी गायिकी से गुज़रकर हमने पहली बार जाना कि दर्द को महसूस ही नहीं, सुना भी जा सकता है। सदियों में कभी एक बार ही होता है यह जादू। पिछली सदी के तीसरे- चौथे दशक से लेकर अब तक उनकी आवाज़ देश की कई-कई पीढ़ियों की यादों, दर्द और तन्हाई का भरोसेमंद साथी रही हैं। जाने कितने लोगों ने कितनी बेचैन रातें उनकी आवाज़ के कंधों पर सर टिकाकर गुज़ारे होंगे। आज मलिका-ए-ग़ज़ल बेगम अख्तर के यौम -ए -पैदाईश पर उन्हें खिराज़, मेरे एक शेर के साथ : जब भी कम होंगी उम्मीदें, जब भी घबड़ाएगा दिल/आपकी आवाज़ के पहलू में सो जाएंगे हम !



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

## एक नजर

### माननीयों के विचाराधीन केस में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** हर्ष फायरिंग मामले में इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू और उनकी जिला पंचायत सदस्य बहन अर्चना सिंह की सुनवाई अभियोजन साक्षी के न आने के कारण 21 अक्टूबर तक टल गई। वहीं, लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा और अन्य के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले में सुनवाई 22 अक्टूबर को होगी। इसके अलावा 11 साल पुराने अभद्र टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई भी 22 अक्टूबर को होगी।

### अशफाक हत्याकांड में सुनवाई आज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जगदीशपुर कस्बे में छह साल पूर्व दिन दहाड़े हुई अशफाक अहमद की हत्या के मामले में सोमवार को बहस नहीं हो सकी। कोर्ट ने बहस के लिए मंगलवार की तारीख नियत की है। जिला जज की अदालत ने सफाई साक्ष्य की कार्रवाई के बाद मामले को बहस के लिए नियत किया है। अमेठी के जगदीशपुर कस्बे विजया बैंक के सामने 30 जनवरी 2018 को बम व गोली मारकर अशफाक की हत्या कर दी गई थी। घटना में कई लोग घायल हुए थे। हत्याकांड में जगदीशपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश विक्रम व सतई सहित कई आरोपी हैं।

### 2 दोषियों को पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई 3 साल की सजा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में चार साल पूर्व दलित किशोरी से छेड़छाड़ करने के दोषी हफीज अहमद और मोफीद को पॉक्सो कोर्ट न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने सोमवार को तीन साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 17 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की संपूर्ण रकम पीड़िता को देने का आदेश भी कोर्ट ने दिया है। एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक दोषियों ने 7 अप्रैल 2020 को किशोरी से छेड़छाड़ किया था । आरोपियों ने पीड़िता के घर जाकर मारपीट भी की तथा जातिसूचक गाली भी दी।

# थेरेपी से जल गए चेहरे, पड़ गए सफेद निशान

## रिवाइवल वर्ल्ड नामक संस्था खोलकर बूढ़ों को जवान बनाने का झांसा देकर 35 करोड़ की ठगी की मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मशीन को इस पैनल से कंट्रोल किया जाता था। अमृत विचार

**अमृत विचार :** साकेत नगर में स्वरूप नगर निवासी दंपति राजीव दुबे और पत्नी रश्मि द्वारा रिवाइवल वर्ल्ड नामक संस्था खोलकर बूढ़ों को जवान बनाने का झांसा देकर 35 करोड़ की ठगी करने के आरोप में 15 से ज्यादा लोग तहरीर दे चुके हैं। इन लोगों का आरोप है, कि थेरेपी से उनके चेहरे जल गए और सफेद निशान पड़ गया। इन लोगों का कहना है कि इजरायल से लाई गई 25 करोड़ की मशीन बताकर उन लोगों की सेहत से खिलवाड़ किया गया।

डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि आरोपी राजीव दुबे से पूछताछ की जा रही है। आरोप है कि संस्था ऑक्सीजन बार, विभिन्न तरह के फेशियल, एच ब्यूटी थेरेपी को रिवर्स एजिंग के नाम पर प्रचलित कर रहे थे। इसके लिए मल्टीलेवल मार्केटिंग स्कीम चलाई जा रही थी।

स्वरूप नगर की रेनू सिंह चंदेल ने आरोप लगाया था कि दंपति के झांसे में आकर उन्होंने 150 लोगों को ऑक्सीजन थेरेपी का प्लान बेचा। इससे 18.50 लाख रुपये दंपति को दिलाए। पीड़ित अभिषेक मिश्रा के अनुसार दंपति ने लोगों के सामने ऐसी मशीन रखी, जिसके बारे में किसी को जानकारी नहीं थी। जवान होने का झांसा काम कर गया, क्योंकि हर आदमी जवान दिखना चाहता है। इसके लिए लोगों ने पहले अपना पैसा जमा किया, फिर नजदीकियों के रुपये जमा कराए। उन्होंने 6 लाख रुपये जमा किए थे। प्रकाश यादव ने बताया कि वह सोशल मीडिया में विज्ञापन देखकर फंस गए।

### सीडीआर से खुलेंगे राज

कानपुर। एसआईटी के सूत्रों ने बताया कि राजीव शातिर है लिहाजा वह कभी भी सामान्य कॉल नहीं करता था। वह लोगों को वाट्सएप कॉल करता था, जिसे डिलीट किया जा चुका है। एसआईटी बीते छह महीने की कॉलिंग पर काम कर रही है। कॉन्टैक्ट सूची में भी जो नंबर सामने आए हैं। उनमें से राजीव के मिलने वालों की तलाश की जा रही है। वाट्सएप कॉल रिट्रीव करने के लिए कंपनी को लिखा गया है।

### क्या होती है हाइपर बेरिक ऑक्सीजन थेरेपी

हाइपरबेरिक ऑक्सीजन थेरेपी एक ऐसा उपचार है, जिसका इस्तेमाल घावों और संक्रमण को ठीक करने की रफ्तार बढ़ाने के लिए किया जाता है। हाइपर का अर्थ है बढ़ाना और बेरिक का मतलब है दबाव। इस प्रक्रिया में ऊतकों में ठीक होने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन की कमी को पूरा किया जाता है। इसमें मरीज एक कमरे में प्रवेश करते हैं, जिसे हाइपरबेरिक चैंबर कहा जाता है। हाइपरबेरिक ऑक्सीजन थेरेपी एक प्रकार का उपचार है जिसका उपयोग कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता, गैंगरीन और उन घावों को जल्दी ठीक करने के लिए किया जाता है जो ठीक नहीं हो रहे होते हैं। ऑक्सीजन त्वचा के लिए भी अच्छी मानी जाती है। शरीर पर एजिंग के प्रभाव को कम करने के लिए भी इस थेरेपी के प्रयोग की बात कही जाती है। ऐसा दावा किया जाता है कि इससे स्किन में नए सेल्स बनते हैं, जिससे त्वचा टोन होती है।

# सपा-कांग्रेस ने जनता को लूटा



मिल्कीपुर में स्वयं सहायता समूह की महिला को किट प्रदान करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार :** मिल्कीपुर क्षेत्र के संत भीखा दास तपोस्थली पर कृषि विभाग की तरफ से एक दिवसीय मिलेट्स मेला, सह प्रदर्शनी, संगोष्ठी एवं किसान मेला हुआ। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा विशिष्ट अतिथि कामेश्वर सिंह ने 150 किसानों को सरसों, लाही के साथ 200 किसानों को उन्नतशील प्रजाति का सब्जी बीज किट वितरित किया। इसी के साथ ही स्वयं सहायता समूह की 9 महिलाओं को सिलाई मशीन भी प्रदान की गई। प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी प्रदेश के किसानों की आय दोगुना करने की दिशा में निरन्तर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने गांव की भोली-भाली जनता को लूटने का काम किया है।

# चाचा ने भतीजे की गोली मारी, मौत

## ट्रैक्टर की किस्त न देने पर हुआ विवाद, बांदा के कमासिन थाना क्षेत्र का मामला

कार्यालय संवाददता, बांदा

**अमृत विचार।** कमासिन थानाक्षेत्र के तिलौसा में चाचा ने सजायाफ्ता भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि टैक्टर की किस्त को लेकर चाचा ने लाइसेंसी बंदूक से भतीजे की हत्या की है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

कमासिन थाना क्षेत्र के तिलौसा गांव निवासी 40 वर्षीय जितेद्र पुत्र विजय नरायन गुप्ता रविवार की रात अपनी किराना की दुकान में बैठा था। तभी चाचा देवीचरन ने अपनी दो नाली लाइसेंसी बंदूक से सीने में गोली मार कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी देवीचरन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मृतक के मामा केके गुप्ता और मां कुसुमलता ने बताया कि जितेद्र की शादी 2009 में गायत्री नगर निवासी संगीता के साथ हुई थी। संगीता ने 2016 में जहर खा कर खुदकुशी कर लिया था। दहेज हत्या में जितेद्र जेल में था। वह सात साल की सजा काट कर 22 फरवरी 2023 को छूट कर आया था। चाचा देवी चरन जितेद्र से ट्रैक्टर की किस्त भरने के लिए रूपए मांग रहा था। जितेद्र ने रूपया देने से मना कर दिया। इसी से नाराज होकर देवीचरन ने जितेद्र की गोली मार कर हत्या कर दी।

### सगाई समारोह में हर्ष फायरिंग से बच्चे की मौत

**नैनी, प्रयागराज, अमृत विचार :** सगाई समरोह में मशगूल लड़की के भाई ने हर्ष फायरिंग कर दी। गोली लगते ही मौके पर एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। मामला यमुनानगर के करछना थाना क्षेत्र के केचुहा गांव में सोमवार का है। मेजा थाना क्षेत्र के भसुंदर खुर्द गांव निवासी राजकरन यादव शगुन लेकर पप्पू यादव के यहां पहुंचे थे। सगाई कार्यक्रम के दौरान लड़की के भाई दिनेश यादव ने रायफल से हर्ष फायरिंग कर दी। गोली लगने से सगाई में गए राजकरन के परिवार के ही ज्ञानशंकर यादव का पांच वर्षीय बेटे कार्तिक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि गोली लगने से राजकरन की आठ वर्षीय नाती आयुष पुत्र जयसिंह यादव निवासी भीटार करछना व 12 वर्षीय नातिन राधा पुत्री दीपनारायण निवासी कूंची मेजा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। उस दौरान फायरिंग करने वाला लड़की का भाई दिनेश मौके से फरार हो गया। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मत्स्य पालन मंत्री ने समीक्षा बैठक में कसे अधिकारियों के पेच

▶▶ लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर मुहैया कराने के दिए निर्देश

**फर्रुखाबाद, अमृत विचार:** मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करते मंत्री मत्स्य विभाग उप्र डॉ. संजय कुमार निषाद ने विभागीय अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर मुहैया कराये जाने के निर्देश दिये।



समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों व कर्मचारियों के पेंच कसे। उन्होंने सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की। जनपद की ग्राम सभाओ में निहित तालाबों का विवरण, मत्स्य बीज वितरण की उपलब्धि, माह तक अनुमानित मत्स्य उत्पादन, सघन मत्स्य पालन हेतु, परेशन सिस्टम की स्थापना, वर्ष 2023-2024, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना व जनपद में संचालित अन्य परियोजनाओं तथा मछुआ समुदाय एवं मत्स्यपालकों के लिए आवंटित तालाबों के लक्ष्य एवं जनपद में विकसित एवं अविकसित तालाबों के संबंध में जानकारी ली।

### एसबीआई शाखा प्रबंधक समेत 4 पर रिपोर्ट दर्ज

**फतेहपुर, अमृत विचार।** एसबीआई के मुख्य शाखा प्रबंधक व टेनी शाखा के तीन संचालकों के खिलाफ 1 लाख 78 हजार रुपये के गबन के आरोप पर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है। थरियांव थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर कला निवासी चांदबाबू की पत्नी सकीना बानो ने एफआईआर में बताया कि भारतीय स्टेट बैंक सिविल लाइंस की टेनी ग्रामीण शाखा आमापुर में खाता खुलवाया था। शाखा प्रबंधक आकाश श्रीवास्तव कैशियर गौहर, व संचालक उमा श्रीवास्तव थीं। उसके खाते से प्रबंधक, कैशियर व संचालक ने धोखाधड़ी से रकम हड़पी है। कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली।

# मंदिर में युवक ने रेता अपना गला

▶▶ रामकोट थाना क्षेत्र का मामला अस्पताल में हो रहा इलाज

▶▶ पिता बोले, पूजा करते समय चाकू से उसकी कट गई गर्दन

संवाददाता, सीतापुर



जिला अस्पताल में भर्ती सरवन।

**अमृत विचार:** रामकोट इलाके के रामेश्वरम मंदिर में पूजा करते हुए एक युवक ने अचानक धारदार हथियार से अपनी ही गर्दन रेत ली, परिसर के भीतर अफरातफरी मच गई। पुलिस के पहुंचने पर गंभीर रूप से जख्मी युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर हैं। लोग इसे मनौती से जोड़ रहे हैं। लेकिन पिता का कहना है कि जब तक उसका पुत्र होश में नहीं आता, उनका कुछ कह पाना उचित नहीं है। हालांकि घटना से मंदिर प्रांगण में सनसनी फैल गई।

रामकोट थाना क्षेत्र का बबुरी गांव वासी 25 वर्षीय सरवन कुमार गांव के करीब बने रामेश्वरम मंदिर आया था। पिता शिव नारायण के मुताबिक, पूजा करते समय चाकू से उसकी गर्दन कट गई। वहीं पुजारी ने बताया है कि उसके पुत्र ने खुद ही अपनी गर्दन पर चाकू चलाया, जिससे वो जख्मी हो गया। परिसर के भीतर सरवन को तड़पता देख पुजारी ने ही पुलिस और परिवार दोनों को सूचना दी। रामकोट पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से गंभीर रूप से घायल सरवन कुमार को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर है। चर्चा है कि मनौती के चलते सरवन ने ऐसा किया। उधर, पिता सरवन कुमार का कहना है कि जब तक उसका बेटा जब तक होश में नहीं आ जाएगा। कुछ भी कह पाना उचित नहीं है।

### अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर वसूल रहे दोगुना शुल्क

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार:** अयोध्या धाम जंक्शन पर मूलभूत सुविधाओं के नाम पर दोगुना शुल्क वसूले जाने का मामला सामने आया है। बस्ती जिले के पीड़ित रेल यात्री ने मामले की शिकायत पत्र भेज रेल मंत्री के प्रमुख सचिव से की है। शिकायत में बस्ती जनपद के सोनहा थाना क्षेत्र स्थित कनेथू बुजुर्ग निवासीगण कृष्ण मोहन शुक्ला उर्फ संजय शुक्ला तथा घनश्याम मिश्रा का कहना है कि रविवार को वह लोग दोपहर बाद दो बजे अयोध्या पहुंचने पर उन्होंने तथा अन्य परिचित यात्रियों ने जंक्शन पर पुरुष संसाधन का प्रयोग किया। जहां पेशाब करने पर 10 रूपये व शौचालय का उपयोग करने पर 20 रुपये वसूला गया तथा रसीद भी नहीं दी गई।

# बुजुर्ग मां की बेरहमी से पिटाई, वीडियो वायरल

संवाददाता, हरदोई



वृद्ध मां की पिटाई करते बेटा-बहू।

**अमृत विचार।** जिले में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। दिल झकझोर देने वाले इस वीडियो में दो लोग एक मां को बेरहमी से पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं।

आरोप है कि अधिवक्ता बेटा व बहू ने बुजुर्ग मां की पिटाई की है। वीडियो में जमीन पर एक कोने में दुबकी बुजुर्ग मां की गर्दन और हाथ-पैर पकड़ कर उसकी पिटाई करने वाले कोई गैर नहीं, बल्कि उस बुजुर्ग मां की अपनी औलाद है। बहू चप्पलों से बुजुर्ग मां को पीट रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा 2 मिनट 41 सेकेंड के वीडियो ने जिलेभर के लोगों को हैरत में डाल दिया है। वीडियो टड़ियावां थाने के बहोरवा गांव का बताया जा रहा है। इस मामले की पुलिस जांच कर रही है।

# महिला से लूटपाट में 2 लोगों को 7 साल की कैद

▶▶ अदालत ने अभियुक्तों को सश्रम कैद की सजा सुनाते हुए 20-20 हजार का जुर्माना भी लगाया

संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार :** करीब 12 साल पहले हुई लूटकांड की घटना का अदालत ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए दोनों लुटेरों को 7-7 साल की सजा और 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर 6-6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। वहीं अदालत ने अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में जेल भेज दिया।

3 अगस्त 2014 को कांति अपने भाई के साथ बाइक से मायके जा रही थी तभी चरखारी खरेला बीच में दो बाइक सवार सशस्त्र बदमाशों ने जा रही महिला के आगे अपनी बाइक लगाकर महिला से लूटपाट की थी। भाई द्वारा इसका विरोध करने पर लुटेरों ने तमंचों की बटों से घायल कर दिया और जेवर लूटकर ले गए। घटना की रिपोर्ट कांति के भाई पवन ने कोतवाली चरखारी में 4 अगस्त 2014 को दर्ज कराई थी। पुलिस ने धर्मेंद्र राजपूत और ब्रजेंद्र विश्वकर्मा को पकड़ लिया था। सोमवार को न्यायाधीश अपर जिला जज ध्रुव राय ने धर्मेंद्र राजपूत और ब्रजेंद्र विश्वकर्मा का दोषी ठहराते हुए 7 साल की सश्रम सजा सुनाई साथ ही 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

### अपहरण व छेड़छाड़ के दोषी को 3 वर्ष की कैद

**औरैया, अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना दिबियापुर क्षेत्र से करीब आठ वर्ष पूर्व एक नाबालिग छात्रा को बहला फुसलाकर ले जाने व उसके साथ छेड़छाड़ करने के दोषी सलमान खान निवासी फफूंद को 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

पुलिस ने अपहरण व पॉक्सो में मामला पंजीकृत किया था। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश मनराज सिंह ने अभियुक्त सलमान खां को 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई व उस पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 15 साल का कारावास

संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार :** करीब 8 साल पहले घाटमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को बहलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 15 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्त पर अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान ने बताया कि कानपुर नगर जनपद के घाटमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़िता की बहन ने एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया था कि 3 फरवरी 2016 को उसकी 17 वर्षीया बहन दोपहर में भैंस को ढूंढने गांव से बाहर सड़क की तरफ गई थी। वहां पहले से मौजूद कार सवार रूरा थाना क्षेत्र के गहोलिया गांव निवासी राजा, उसके सहयोगी आबिद उर्फ चोटी और छोटू उसकी बहन को बहला-फुसलाकर ले गए।

इस मामले में पुलिस ने नवाज शरीफ उर्फ राजा के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में अदालत में आरोप पत्र पेश किया था। सोमवार को अदालत ने आरोपी नवाज शरीफ उर्फ राजा को साक्ष्यों के आधार पर दोषी करार हुए उसे 15 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 28 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

### डेढ़ दशक पूर्व हुई हत्या के इनामी आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना राम जन्मभूमि पुलिस ने 17 वर्ष पूर्व हुई एक हत्या के मामले में फरार दो आरोपियों को अलग-अलग मंदिरों से गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ गोंडा जिले की पुलिस ने 15-15 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। गोंडा के थाना नवाबगंज क्षेत्र स्थित तुलसीपुर माझा निवासी महावीर सिंह की वर्ष 2007 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। प्रकरण में पीड़ित परिवार ने गोविंद उर्फ संजय जिला लखीसराय, बिहार एवं सीताराम दास उर्फ विजय जिला अयोध्या के खिलाफ हत्या का मामला पंजीकृत कराया था। मामले में वांछित इन दोनों आरोपियों के अदालत में न हाजिर होने के चलते पुलिस ने दोनों की कुर्की करवाई की थी।

## सार-संक्षेप

### दुर्गा प्रतिमा पर किया पथराव, श्रद्धालुओं को पीटा

**कुशीनगर, अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र पर पंडाल में स्थापित करने को ले जाई जा रही मां दुर्गा की प्रतिमा व श्रद्धालुओं पर विशेष समुदाय के लोगों ने पथराव के साथ लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिससे मां दुर्गा की प्रतिमा खंडित हो गई। वहीं आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। गुस्साए दुर्गा पूजा समिति के युवाओं व हिन्दू संगठन सड़कों पर उतर गिरफ्तारी की मांग करने लगे। मामले के संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस के अधिकारियों समेत पांच थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और घायलों को मनाने में जुटी रही। सोमवार की शाम पडरौना नगर में कसया-पडरौना मार्ग के रास्ते ट्रैक्टर ट्राली पर मां दुर्गा की प्रतिमा लेकर जा रहे भिसवा लाला के श्रद्धालुओं पर विशेष समुदाय के लोगों ने छावनी मुहल्ले में लाठी-डंडा और ईट-पत्थरों से हमला कर दिया। हमलावरों ने जहा ट्रैक्टर ट्रॉली पर रखी गयी मां दुर्गा की प्रतिमा को खंडित कर दिया, वहीं आधा दर्जन श्रद्धालुओं को लाठी डंडों से पीट-पीट कर घायल कर दिया। इसके बाद नाराज दुर्गा समिति के युवक खंडित दुर्गा प्रतिमा को सड़क पर रोककर प्रर्दशन करने लगे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पडरौना कोतवाली पुलिस ने प्रर्दशनकारी युवकों को मान-मनौब्बल कर शान्त करने का प्रयास करती रही लेकिन नाराज युवक दोषियों की गिरफ्तारी कर कार्रवाई करने की जिद पर अड़े रहे। मौके की नाजुकता को देखते हुए पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत मे लेकर मामले को शांत कराने में जुटी रही। इस दौरान एएसपी, सीओ, सहित आधा दर्जन थाने की पुलिस भारी संख्या मे जमी रही।

### दुष्कर्म की शिकार किशोरी के नवजात की मौत

**हरदोई, अमृत विचार :** दुष्कर्म की शिकार हुई किशोरी गर्भवती हो गई और शनिवार को उसने सीएचसी में मरे हुए बच्चे को जन्म दिया। पुलिस ने सारी सच्चाई को सामने लाने के लिए उस नवजात का डीएनए कराने का फैसला लिया। सोमवार को पोस्टमार्टम के दौरान डीएनए के लिए सैंपलिंग की गई। बताते चलें कि साल 2023 दिसंबर में शाहाबाद कोतवाली के एक गांव की किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ था, हालांकि पुलिस ने पहले तो छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया, लेकिन कोर्ट में हुए बयान पर छेड़छाड़ को दुष्कर्म में तरमीम किया गया। उधर दुष्कर्म की शिकार हुई किशोरी गर्भवती हो गई, शनिवार को उसे प्रसव पीड़ा के दौरान उसे शाहाबाद सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उसने मरे हुए बच्चे को जन्म दिया। पुलिस ने सोमवार को उसके शव का पोस्टमार्टम हुआ और डीएनए के लिए उसके बाल,सीने की पसली और मांस की सैंपलिंग की गई। पुलिस का कहना है कि डीएनए रिपोर्ट आने के बाद सारी सच्चाई सामने होगी।

### त्योहारों पर चलेंगी 6556 स्पेशल ट्रेनें

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 6556 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। रेलवे अधिकारी के मुताबिक़ हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। गौरतलब है कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी विशेष ट्रेनों का संचालन करने की तैयारी की गई है। दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें 6556 फेरे लगाएंगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी। पिछले वर्ष भी भारतीय रेल द्वारा बड़ी संख्या में त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया था और इन ट्रेनों ने कुल 4,429 फेरे लगाए थे, जिनके माध्यम से लाखों की संख्या में यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा प्राप्त हुई थी।

### लाखों की रकम उड़ाने वाली छात्रा गिरफ्तार

**फतेहपुर, अमृत विचार :** सदाशिव इंटर कालेज के सहायक अध्यापक के बैंक खाते की जारी कराई दूसरी चेक से दो लाख 43 हजार रुपये उड़ाने के मामले में फरार सेवानिवृत्त एएसआई की एमकॉम छात्रा पुत्री गरिमा सिंह को साइबर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसका एक साथी पहले पकड़ा जा चुका है। गैंग का मास्टरमाइंड फरार चल रहा है। सदर कोतवाली क्षेत्र के रेल बाजार निवासी राकेश कुमार सिंह के खाते से चेक के जरिए एक लाख 40 हजार रुपये शातिर साइबर अपराधियों ने 10 जून को निकाले थे। पहले भी खाते से एक लाख तीन हजार रुपये निकाले गए थे। 10 जून को निकाली रकम में 88 हजार ही शातिर निकाल पाए थे, बाकी रकम बैंक से संपर्क कर राकेश ने ट्रांसफर होने से रोकवा दी थी। साइबर थाने में अध्यापक की ओर से 12 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। गरिमा सिंह एमकॉम की छात्रा है। वह नई दिल्ली उत्तमनगर ओम विहार फेज-2 के रहने वाले सेवानिवृत्त एएसआई हिम्मत सिंह की पुत्री है। तीन माह पहले वह भी हापुड़ जेल से छूटी है। वह अमित शर्मा और विशाल शर्मा के साथ लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाती थी।

### लापता मुनीम का तालाब में मिला शव

**भगवानपुर, बहराइच, अमृत विचार :** माधवपुरवा गांव निवासी एक शराब की दुकान के मुनीम से शनिवार रात गांव के समुदाय विशेष के लोगों से मवेशी हांकने को लेकर विवाद के बाद मारपीट हो गयी। रविवार सुबह मुनीम अचानक लापता हो गया। सोमवार को उसका शव तालाब में उतराता मिला। परिवार के लोगों ने अगवा कर हत्या कर शव तालाब में फेंके जाने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम माधवपुरवा निवासी गिरधारी मिश्रा (45) पुत्र मूलचंद्र मरौचा बाजार में स्थित बियर की दुकान पर मुनीम था। शनिवार रात को वह दुकान बंद कर घर पहुंचा। खेत में मवेशी होने की सूचना पर रात को वह खेत गया। उसने मवेशी हांक दिया। मवेशी पड़ोसी सत्तार राईनी के खेत में चला गया। इस पर सत्तार समेत अन्य लोगों ने मुनीम से मारपीट की। इसके बाद सभी अपने घर चले गए। रविवार सुबह मुनीम सोकर उठा और खेत की तरफ जाने लगा। तभी अचानक लापता हो गया।

**भारत-चीन युद्ध** | जिले की प्लाईवुड फैक्ट्री में स्थानीय कारपेंटरों की टीम ने बनाए थे पुतले, फैक्ट्री बंद होने तक लगातार होता रहा निर्माण

# लकड़ी से बने सैनिकों के पुतलों ने चीनी फौज को था छकाया

जीशान कदीर, सीतापुर

**अमृत विचार :** तारीख थी 21 सितंबर 2001, हुसैनगंज स्थित एशिया की सुप्रसिद्ध 150 बीघे में फैली प्लाईवुड फैक्ट्री, सीतापुर प्लाईवुड प्रोडक्ट में ताला जड़ा गया। कई मजदूरों की रोजी-रोटी छिन गई। वहीं 1962 से भारत-चीन युद्ध के दौरान चीनी सैनिकों को चकमा देने के लिए शुरू किए गए भारतीय सैनिकों के पुतले बनाने का काम भी अब बंद हो गया। फैक्ट्री में बने भारतीय सैनिकों के पुतलों ने युद्ध में अहम योगदान दिया था, इन पुतलों ने चीनी फौज को खूब छकाया था।

पंडित जवाहरलाल नेहरू उस वक्त देश के प्रधानमंत्री थे। चीनी पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने अरुणाचल प्रदेश के आधे से ज्यादा हिस्से पर कब्जा कर लिया। चीनी सैनिकों को खदेड़ने के लिए भारतीय सेना ने भरसक प्रयास किए, लेकिन इन चीनी सैनिकों के पास अत्याधुनिक हथियार और पहाड़ी क्षेत्र में युद्ध के दौरान हासिल महारथ के आगे मात खाते दिखे। भारतीय दूतावास को अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम ने भी मदद देने से इनकार कर दिया।

ये युद्ध 20 अक्टूबर 1962 को शुरू हुआ। इस पर भारतीय आर्मी इस फिराक में थी कि चीनी सैनिकों को किसी तरह खदेड़ा जाए। उस दौरान सीतापुर प्लाईवुड प्रोडक्ट फैक्ट्री का एशिया में नंबर वन स्थान था, तो भारतीय सैनिकों के पुतले बनाने का जिम्मा भी इसी को सौंपा गया। प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करने वाले कारपेंटर रामचरित्र, इस्माइल, बुद्धालाल और कढ़िलेराम को पुतला डिजाइनिंग का काम सौंपा गया। उन्होंने टीम के साथ ऐसे पुतले बनाए जो गोली लगने पर जमीन में गिर जाते और हूबहू भारतीय सैनिकों जैसे दिखते, गिरने के बाद वापस खड़े हो जाते। ऐसे में चीनी सैनिकों के पसीने छूट गए, आखिरकार 21 नवंबर तक ये युद्ध चला और अरुणाचल प्रदेश की कुछ सीमा को एक समझौते के आधार पर चीन को छोड़ना पड़ा।

### लगातार बनाए जाते रहे पुतले

सीतापुर प्लाईवुड प्रोडक्ट फैक्ट्री में 1962 से शुरू हुआ भारतीय सैनिकों के पुतलों का निर्माण तब से अनवरत जारी रहा। फैक्ट्री प्रबंधन इसका स्टॉक रखता था। क्योंकि भारतीय सेना की ओर से कभी भी इसकी मांग की जा सकती थी। लेकिन फैक्ट्री बंद होने पर इन पुतलों को भी हटा दिया गया।

### फैक्ट्री के कामगारों ने बताई अपनी परेशानी



राजेश।

पूर्व फैक्ट्री कर्मचारी राजेश बताते हैं कि वर्ष 1939 में स्थापित इस फैक्ट्री का मालिकाना हक इंग्लैंड मूल के मोहम्मद इस्माइल, हेनरी टॉमसन, मिस्टर जीन-ए-थालमैसेंजर, जीडब्ल्यूएम एलेक्जेंडर व्लीटल और भारतीय मूल के गोपाल कृष्ण सिंहानिया, विजयपित, हरिशंकर के पास है, दूसरी ओर अभी हमारी मजदूरी भी बकाया है।



अशोक कुमार।

वहीं फैक्ट्री कर्मचारी रहे अशोक कुमार ने बताया कि हम 65 साल के हो गए हैं, फैक्ट्री में हमारा काम जीडीशा मशीन चलाते थे, हेनरी टॉमसन आखिरी बार 1980 में फैक्ट्री में आए, इसके बाद से यहां पर जऊरुल्ला कामकाज देखते थे। बड़े पैमाने पर कर्मचारियों का फंड और वेतन बकाया है। इसका मामला हाईकोर्ट में चल रहा है।

## एक नजर

### दो पैन कार्ड मामले आजम और अब्दुल्ला ने दर्ज कराए बयान

**रामपुर :** सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम से जुड़े पैन कार्ड मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। दोनों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के जरिए बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 14 अक्टूबर को सुनवाई होगी। मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट में उनके धारा 313 सीआरपीसी के तहत बयान दर्ज हुए। उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया। बयानों की कॉपी ई मेल के जरिए सीतापुर और हरदोई जेल के अधीक्षकों को भेज दी गई है। सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड रखने का मामला सिविल लाइंस थाने में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में दर्ज कराया था।

### पशुशाला में बंधे बछड़े को तेंदुए ने बनाया निवाला

**बुरावली (अमरोहा) :** तेंदुए ने पशुशाला में बंधे बछड़े को अपना निवाला बना लिया। यह घटना रहरा थाना क्षेत्र के गांव पतेई खादर की है। यहां गांव निवास रोबिन त्यागी का एक स्कूल बन है। हालांकि स्कूल कई वर्षों से बंद पड़ा है। स्कूल स्वामी ने यहां पशु शाला बना रखी है। रविवार रात तेंदुआ दीवार फांदकर पशु शाला में घुस आया। यहा खूंटे से बंधे बछड़े को अपना निवाला बना लिया। सूचना के बाद वन विभाग के अधिकारी सोमवार सुबह गांव पतेई खादर पहुंचे। वहां तेंदुए के पैरों के निशान भी मिले। वन विभाग के रेंजर नरेश कुमार ने बताया कि जांच चल रही है।

### साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए 7.25 लाख रुपये

**बरेली :** साइबर ठगों ने बड़ी बमनपुरी निवासी सुनील मिश्रा के दो बैंक खातों से 7 .25 लाख रुपये की रकम उड़ा दी। पीड़ित ने साइबर सेल को फोन करके खाता होल्ड करा दिया और थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। 4 से 21 मई के बीच का बताया जा रहा है।

# टॉफी देने के बहाने बच्ची से दुकानदार ने किया दुष्कर्म

## गुस्साये लोगों ने बाजार बंद कर किया हंगामा, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, उसहैत (बदायूं)

**अमृत विचार :** दुकान पर सामान लेने गई 8 वर्षीय बच्ची को टॉफी देने के बहाने दुकान में अंदर ले जाकर दुकानदार ने दुष्कर्म किया। इसके बाद बच्ची को पांच रुपये दिए और कहा कि यह बात किसी को न बताए। बच्ची को रक्तस्राव हो रहा था। वह अपने घर पहुंची और बेसुध हो गई। मामला दो समुदायों का होने के कारण तूल पकड़ गया और सोमवार को गुस्साये लोगों ने कस्बा का बाजार बंद कर हंगामा किया। एसडीएम और सीओ ने लोगों को समझाकर शांत किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

उसहैत के एक मोहल्ले की रहने वाली 8 वर्षीय बच्ची रविवार दोपहर अपनी दादी के दूसरे मकान पर गई थी। वहां वह पास की दुकान से कुछ सामान खरीदने चली गई। वार्ड 11 निवासी तारिक अंसारी उसे टॉफी और रुपये का लालच देकर अपनी ड्राइफ्रूट्स की दुकान में ले गया और दुष्कर्म किया। बाद में पांच रुपये देकर कहा कि किसी को न बताए। बच्ची जैसे-तैसे घर पहुंची और बेसुध हो गई। मां ने रक्तस्राव होते देख पूछा तो बच्ची ने रोते हुए घटना के बारे में बताया। मां के होश उड़ गए।



हंगामे की सूचना पर पहुंचे एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र कुमार व सीओ शक्ति सिंह।

वह अपनी सास और देवर के साथ थाने गई और तहरीर दी। पुलिस ने देर रात आरोपी के खिलाफ धमकाने, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की। सोमवार सुबह विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और व्यापारियों को जानकारी हुई तो मामला तूल पकड़ गया। व्यापारियों ने दुकानें बंद कर दीं। नारेबाजी करते हुए थाने पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे।

थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद पुलिस ने आरोपी तारिक अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। व्यापारी शाम को एसएसपी से मिले। एसएसपी ने जल्द विवेचना करके आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने का आश्वासन दिया।

> बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। विवेचना करके जल्द चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की जाएगी।
> – डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी

- दूसरे समुदाय के दुकानदार ने घटना को दिया अंजाम
- बच्ची को पांच रुपये देकर किसी से घटना के बारे में न बताए को कहा

### शादी का झांसा देकर युवक ने महिला से किया दुष्कर्म

**अमृत विचार, रामपुर :** शादी का झांसा देकर युवक महिला को फार्म हाउस पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसका वीडियो भी बना लिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रुद्रपुर के एक मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि उसका पति उसे छोड़कर विदेश चला गया है। इसके संबंध में महिला ने दूतावास में प्रार्थना पत्र भिजवाने के लिए रुद्रपुर के रहने वाले रवि रविंद्र सिंह से संपर्क किया था। आरोपी महिला से संपर्क करके लगातार बातें करने लगा। युवक ने अपनी पत्नी से तलाक होने की बात कहकर पीड़िता से शादी करने का झांसा दिया। एक दिन आरोपी महिला को अपने फार्म हाउस पर ले गया। जहां उसके दुष्कर्म किया और उसका वीडियो भी बना लिया। पीड़िता ने बिलासपुर थाने में पुलिस को सारा मामला बताया। बाद में उसने थाने में तहरीर दी।

# लंबे इंतजार के बाद अनीता को मिलीं पति की अस्थियां

शिवांग पांडेय, बरेली

**खबर का असर**

- 2500 रुपये के लिए अस्थियों को कब्जे में किए था देवर

**अमृत विचार :** अनीता को उनके पति की अस्थियां मिल गईं। सोमवार सुबह अमृत विचार की खबर पढ़कर कई लोगों ने जब उनके देवर बाबू को बुलाकर लानत-मलामत की तो अस्थियों के बहाने अनीता का मकान कब्जाने का उसका मंसूबा धरा रह गया। कुछ देर आनाकानी के बाद उसने अस्थियां लाकर अनीता के सुपुर्द कर दीं। इसके बाद भरतौल की ग्राम प्रधान प्रवेश ने अनीता को विधवा पेंशन भी दिलाने का भरोसा दिलाया तो उनकी आंखों में आंसू आ गए।

भरतौल गांव निवासी अनीता घर की तंगी से मजबूर होकर बीमार पति विजेंद्र पटेल को अकेला छोड़कर जुलाई में दोनों कम उम्र बेटों को साथ लेकर जूता फैक्ट्री में काम करने जयपुर चली गई थीं। सप्ताह भर ही गुजरा था कि पति की मौत हो गई। भरतौल में ही रहने वाले अनीता के देवर बाबू ने भाई का अंतिम संस्कार तो कर दिया लेकिन इसकी एवज में उनकी अस्थियां अपने पास रख लीं। अनीता ने विसर्जन के लिए अस्थियां मांगी तो उनके आगे पहले ढाई हजार चुकाने की शर्त रख दी। अनीता जयपुर से खाली हाथ लौटी थीं। सप्ताह भर मजदूरी की कमाई भी किराए में खर्च हो गई। उन्होंने पैसा बाद में चुकाने को कहा लेकिन बाबू नहीं माना। उनके मकान में भी अपना ताला डाल दिया।

कई दिन दोनों बेटों के साथ भटकने के बाद अनीता ने सीबीगंज में किराए के एक कमरे का बंदोबस्त किया और कुछ घरों में काम करना शुरू कर दिया। सोमवार को अनीता की इस बेबसी की खबर अमृत विचार में प्रकाशित हुई जिसके बाद सुबह ही प्रधान प्रवेश समेत कई लोगों ने पहले अनीता और फिर बाबू को गांव के पंचायत घर में बुलाया। प्रधान समेत सभी लोगों ने बाबू को जमकर खरीखोटी सुनाई। बाबू ने पहले अपना बचाव करने की कोशिश की, लेकिन फिर भाई की अस्थियां अनीता को सौंपने के लिए राजी हो गया।

**मिट्टी में दबा रखी थी अस्थियां**

भरतौल में ही 10वां स्थल हैं जहां लोग विसर्जन करने तक अस्थियों को किसी थैली या घट में टांग देते हैं। बाबू ने 10वां स्थल के ही पास भाई की अस्थियों के घट को मिट्टी में दबा दिया था। लोग उसे लेकर 10वां स्थल पहुंचे तो कुछ देर उसने जगह भूलने का बहाना किया, फिर अस्थियां निकालकर अनीता को दे दीं। पति की अस्थियां हाथ में आईं तो अनीता की आंखों में आंसू आ गए। अनीता की मजबूरी के बारे में पता चलने के बाद सोमवार को कई लोगों ने उनकी मदद की पेशकश की। अमृत विचार की खबर पढ़ने के बाद उत्तरांचल यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नवनीत शुक्ला ने अनीता से संपर्क किया और बुधवार को हरिद्वार जाकर अस्थि विसर्जन करने के लिए उनका ट्रेन टिकट भी बुक करा दिया।

### पार्षद पर बंदरों ने किया हमला, गंभीर घायल

**बरेली :** वार्ड 48 के पार्षद बनवारी लाल शर्मा पर सोमवार को बाइक से शहामतगंज फ्लाईओवर से गुजरते वक्त बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। बाइक से गिरे पार्षद गंभीर रूप से घायल हो गए, उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों ने शोर मचाकर बंदरों को भगाया, फिर पार्षद को अस्पताल पहुंचाया।

पार्षद के हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने कहा कि बंदरों के हमलों में आए दिन लोग घायल हो रहे हैं। बंदरों के हमलों में लोगों की जान भी जा सकती है जैसे कि उनकी जाते-जाते बच गई। बोले- बंदरों की समस्या बढ़ती जा रही है लेकिन अधिकारी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

# यति नरसिंहानंद का सिर कलम की मांग करती महिला का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महंत के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करने आए थे लोग

**अमृत विचार :** महंत यति नरसिंहानंद के खिलाफ चल रहा विवाद लगातार बढ़ता रहा है। जिसमें लोग विवादित बयान भी दे रहे हैं। इसी तरह एक विवादित बयान देती हुए महिला का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। जिसमें महिला मोहम्मद साहब की शान में गुस्ताखी करने वाले यति नरसिंहानंद का सिर कलम करने की मांग कर रही है।

सोमवार को कलेक्ट्रेट पर भारी संख्या में लोग हजरत मोहम्मद साहब के खिलाफ बयान देने वाले महंत यति नरसिंहानंद के खिलाफ प्रदर्शन करने आए थे। इसी बीच एक महिला ने कहा कि यति नरसिंहानंद ने नबी के खिलाफ गलत बयान दिया है। इसलिए हम मांग करते हैं कि उसका सिर कलम कर दिया जाए। महिला ने यह भी कहा कि सरकार को ऐसा कानून बनाना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति किसी धर्म के खिलाफ बयान दे तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। महिला द्वारा महंत यति नरसिंहानंद का सिर कलम करने की मांग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जो पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा।

**जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली सरकार का कहां गया बुलडोजर..**

सांसद रुचि वीरा ने सोमवार को डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अनुज सिंह को सौंपा। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में अमन शांति को भंग करने वाले के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली सरकार का बुलडोजर कहां है। सांसद के साथ शहर इमाम मासूम अली आजाद व सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोग भी मौजूद थे।

# अमरोहा में छात्रा का अपहरण कर डाला तेजाब, हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- पथरा मुस्तकम में हुई वारदात गंभीर हालत में छात्रा मेरठ रेफर

**अमृत विचार :** हसनपुर तहसील में रहरा थाना क्षेत्र के गांव पथरा मुस्तकम में सोमवार तड़के पिता-पुत्र ने छात्रा का अपहरण कर उस पर तेजाब डाल दिया। इससे वह बुरी तरह से झुलस गई। गंभीर हालत में उसे मेरठ रेफर किया गया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव पथरा मुस्तकम में एक किसान की 14 वर्षीय बेटी गांव के स्कूल में कक्षा-8 की छात्रा है। छात्रा के भाई का आरोप है कि सोमवार तड़के 3 बजे गांव के ही प्रेमपाल व उसका पुत्र योगेंद्र उसके घर पर पहुंचे। आवाज लगाने पर छात्रा ने दरवाजा खोला तो दोनों छात्रा का अपहरण कर कीकर के जंगल ले गए। वहां मारापीटा और उसके ऊपर तेजाब डाल दिया। गंभीर हालत में छात्रा आरोपियों के चंगुल से छूटकर घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। परिजन गंभीर रूप से झुलसी छात्रा को नजदीक के अस्पताल में ले गए। जहां से चिकित्सक ने मेरठ के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

### जिला मलेरिया अधिकारी को रिश्वत लेते दबोचा

**उन्नाव :** कर्मचारी का चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत करने के लिए 10 हजार रुपये रिश्वत लेते जिला मलेरिया अधिकारी को सोमवार को लखनऊ विजिलेंस की टीम ने रंगे हाथ दबोच लिया। केके गुप्ता फाइलेरिया नियंत्रण इकाई में बायोलॉजिस्ट हैं। उन्होंने जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव को चिकित्सीय अवकाश स्वीकृत करने के लिए प्रार्थनापत्र दिया था। आरोप है कि अवकाश स्वीकृत करने के लिए जिला मलेरिया अधिकारी ने 10 हजार रुपये मांगे थे। जिसकी शिकायत केके गुप्ता ने लखनऊ सतर्कता अधिष्ठान में की थी।



**वन्यजीव सप्ताह** राजस्थान के बीकानेर में राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह के दौरान हिरण को खाना खिलाता पशु बचाव केंद्र का कर्मचारी। ● एजेंसी

# बिना पाइप के केबल डालकर किया भुगतान, जेई निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सनसिटी उपकेंद्र पर तैनात जेई अनिल कुमार पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** बिजली विभाग में घपलेबाजी कम होने का नाम नहीं ले रही है। जेई ने बिना पाइप के केबल डलवा दी और काम करने वाली फर्म को भुगतान भी कर दिया। मुख्य अभियंता ने लापरवाही पर जेई को निलंबित कर दिया और एसडीओ के खिलाफ जांच कराने के लिए मुख्यालय को पत्र लिखा है।

33/11 केवी उपकेंद्र सनसिटी के तहत आने वाले पीरबहोड़ा में केबल डालने का काम कराया जा रहा है। आरोप है कि उपकेंद्र के जेई अनिल कुमार ने 295 मीटर भूमिगत केबल और 1200 मीटर एचडीपीई पाइप कम डालकर कार्यदायी संस्था को भुगतान कर दिया। मामले की शिकायत मुख्य अभियंता से की गई तो जांच कराई गई। आरोप सही पाए जाने पर मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने सोमवार को जेई अनिल कुमार को निलंबित कर सेकेंड डिवीजन से अटैच कर दिया है। मुख्य अभियंता ने मामले में एसडीओ महानगर की जांच कराने की भी बात कही है। बिना काम के भुगतान लेने वाले ठेकेदार पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तराखंड

# टॉप 100 संस्थानों में प्रवेश लेने पर मिलेंगे 50 हजार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- धामी बोले, राज्यहित में जरूरी हर कानून बनाएगी सरकार

**अमृत विचार :** देश के बड़े शिक्षण संस्थानों में पढ़ने का सपना देख रहे विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा, देश के टॉप 100 संस्थानों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को उनकी सरकार 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देगी। यह प्रोत्साहन राशि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए मददगार होगी।

हल्द्वानी के लामाचौड़ स्थित आम्रपाली यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री ने कई बड़ी बातें कहीं। भू-कानून के ज्वलंत मुद्दे पर कहा, राज्य हित में जरूरी हर कानून बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य में बाहरी लोगों द्वारा खरीदी गई जमीनों की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जिस उपयोग के लिए जमीन खरीदी गई थी, यदि उससे इतर उपयोग पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क में टॉप 100 संस्थानों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है।



मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह देते आम्रपाली यूनिवर्सिटी के निदेशक नरेंद्र ढींगरा, साथ में निदेशक संजय ढींगरा, सांसद अजय भट्ट व अन्य। ● अमृत विचार

युवा कल्याण, खेल-कूद, उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा आदि पर 17 सौ करोड़ रुपये से अधिक खर्च का प्रावधान भी बजट में किया है। पिछले दिनों देहरादून में ब्रिटेन के साथ चेवनिंग उत्तराखंड उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति के लिए एक समझौता किया। जिसके तहत राज्य से पांच श्रेष्ठ विद्यार्थियों को मास्टर डिग्री के लिए ब्रिटेन भेजा जाएगा।

### 1.5 करोड़ की स्मैक-कोकीन पकड़ी

**देहरादून :** देहरादून और रुड़की में 1.5 करोड़ से अधिक की स्मैक-कोकीन पकड़ी गई है। दून पुलिस ने कोबरा गैंग के विदेशी पैडलर को पकड़ा है। वहीं एएनटीएफ ने तीन लोगों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। राजपुर थाना पुलिस को कोबरा गैंग के पैडलर के दिल्ली से देहरादून कोकीन की सप्लाई करने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने होटल, रेस्टोरेंट, बार की चेकिंग शुरू कर दी। इस बीच कुठाल गेट, बैरियर ओल्ड मसूरी रोड पर एक होटल के पास एक विदेशी नागरिक नासोर जहरन हेम्ड को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 68 ग्राम कोकीन बरामद हुई। अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# पिथौरागढ़ : वाहन खाई में गिरा, तीन लोगों की मौत

ब्यूरो, पिथौरागढ़

**अमृत विचार :** पिथौरागढ़ जिले में सोमवार सुबह स्कार्पियो वाहन खाई में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा जाजरदेवल थाना क्षेत्र में कनारी-पाभै मोटर मार्ग पर हुआ। पुलिस, एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीम ने शवों को निकाला।

पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह कनारी-पाभै मोटर मार्ग पर स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर पहाड़ी से नीचे जा गिरा। हादसे में वाहन में सवार तीनों लोगों की मौत हो गई। एसडीआरएफ, पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने तीनों शवों को निकाला। तीनों मृतक पिथौरागढ़ जिले के रहने वाले थे। इनमें महेंद्र नगरकोटी (55) निवासी मखौलिया गांव, कैलाश कापड़ी (48) निवासी दौला, अनिल नगरकोटी (34) दौला गांव का निवासी था। जाजरदेवल थानाध्यक्ष प्रकाश पांडे के मुताबिक शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।



रेस्क्यू में जुटे फायर ब्रिगेड के जवान।

### प्रदेश में 9 नवंबर को ही लागू होगा यूसीसी

- एक हफ्ते में मुख्यमंत्री को रिपोर्ट सौंपेगी कमेटी

**देहरादून।** उत्तराखंड स्थापना दिवस पर नौ नवंबर को ही राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होगी। इसी के साथ उत्तराखंड देश में समान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला राज्य बन जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 9 नवंबर को समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा की थी। लेकिन संभव नहीं दिख रहा था। सोमवार को यूसीसी रूल्स एंड रेगुलेशन कमेटी ने नियमावली के पूरा होने पर मुहर लगा दी। जिससे यूसीसी लागू होने का रास्ता साफ हो गया। कमेटी इसकी रिपोर्ट एक हफ्ते में मुख्यमंत्री को सौंप देगी।

# पॉक्सो कोर्ट ने खारिज की मुकेश बोरा की जमानत याचिका

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- गिरफ्तारी स्टे का उल्लंघन कर फरार मुकेश को पुलिस ने रामपुर से पकड़ा था

**अमृत विचार :** जेल में बंद नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा की मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। गिरफ्तारी स्टे का उल्लंघन कर फरार हुए मुकेश बोरा को पुलिस ने रामपुर से पकड़ा था। सोमवार को मुकेश बोरा ने पॉक्सो कोर्ट में जमानत याचिका दायर की, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।

दुग्ध संघ में काम करने वाली एक महिला ने मुकेश बोरा पर दुष्कर्म और उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। एक सितंबर को मुकेश बोरा के खिलाफ लालकुआं में दुष्कर्म व पॉक्सो की धारा में मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा दर्ज होते ही बोरा फरार हो गया। किसी तरह वह हाईकोर्ट से गिरफ्तारी स्टे लाने में कामयाब हो गया, लेकिन सशर्त मिले स्टे में कोर्ट ने कहा कि स्टे की अंतिम तारीख तक उसे अल्मोड़ा कोतवाली में न सिर्फ हाजिरी देनी होगी, बल्कि जांच में पुलिस की मदद करनी होगी। इसके इतर मुकेश स्टे की तारीख खत्म होने से पहले ही फरार हो गया। सितंबर माह के अंतिम सप्ताह में पुलिस ने उसे रामपुर के चक्कू चौक से गिरफ्तार किया। तब से वह जेल में बंद है।

### 87 नशीले इंजेक्शनों के साथ दबोचा तस्कर

**रुद्रपुर :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने नशीले इंजेक्शनों के एक सौदागर को गिरफ्तार किया है, उसके कब्जे से बड़ी संख्या में प्रतिबंधित इंजेक्शन भी बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि 6 अक्टूबर की शाम को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स प्रभारी राजेश पांडेय टीम के साथ किच्छा हाईवे पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी बाइक सवार एक युवक भागने की कोशिश करने लगा। संदेह होने पर टीम ने घेराबंदी कर दूधियानगर निवासी आरोपी तस्लीम को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान 87 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन, एक मोबाइल व 170 रुपये बरामद हुए।



काशीपुर स्थित आईआईएम में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते राज्यपाल गुरमीत सिंह व अन्य। अमृत विचार

### उत्तराखंड सेल से होगा राज्य का समग्र विकास : राज्यपाल

**अमृत विचार, काशीपुर :** राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि महत्वाकांक्षी योजना उत्तराखंड सेल से राज्य का समग्र विकास होगा। उन्होंने उत्तराखंड प्रकोष्ठ (सेल) का फीता काटकर उद्घाटन किया। सोमवार को आईआईएम काशीपुर में आयोजित उत्तराखंड प्रकोष्ठ (उत्तराखंड सेल) के स्थापना के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे राज्यपाल ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित करके की। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक महाअभियान की शुरुआत 'उत्तराखंड सेल' के रूप में हो रही है। कहा कि जिस तरह गुरु द्रोणाचार्य ने शिक्षा के लिए काशीपुर को चुना था, ठीक उसी तरह भारत सरकार ने इस पावन भूमि को प्रबंध के क्षेत्र में ज्ञान की गंगा बहाने के लिए आईआईएम काशीपुर को स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान की स्थापना का उद्देश्य उत्तराखंड के लोगों की सोच में बदलाव लाकर प्रदेश को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाना है।

# युवक ने घर में घुसकर किशोरी को मारी गोली

संवाददाता, किच्छा



- बचाव के दौरान पीड़िता के हाथ में लगी गोली, रिपोर्ट दर्ज
- चिकित्सक ने पीड़िता को किया गया हल्द्वानी रेफर

**अमृत विचार :** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने घर में घुसकर बच्चों के साथ खेल रही 13 वर्षीय किशोरी को गोली मार दी। बचाव के दौरान गोली किशोरी के हाथ में लग गई। गोली की आवाज सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी बीच आरोपी युवक फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पुलभट्टा थाना अंतर्गत सिरौली कला, वार्ड नंबर 19 निवासी अशफाक अहमद की 13 वर्षीय पुत्री इलमा अपनी ताई एवं उनके दो बच्चों के साथ घर के आंगन में खेल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी युवक घर के अंदर पहुंचा और इलमा को जान से मारने की नीयत से गोली मार दी। अपने बचाव के चलते गोली इलमा के हाथ में लग गई। फायर की आवाज सुनकर मौके पर भीड़ जमा होने लगी। इसी बीच आरोपी मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

उधर, घायल अवस्था में बालिका को इलाज के लिए सरदार बल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। वार्ड नंबर 19 निवासी अशफाक हुसैन ने थाना पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए आरोपी पड़ोसी रिहान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इधर किशोरी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इसके लिए टीम का गठन कर दिया गया है।

## एक नजर

### शत्रु संपत्ति मामले में पेश हुए आजम और अब्दुल्ला

**रामपुर :** सीतापुर जेल में बंद सपा नेता आजम खां और हरदोई जेल में बंद उनके बेटे अब्दुल्ला आजम सोमवार को वीसी के जरिए कोर्ट में पेश हुए। जहां दोनों के रिमांड मंजूर हो गए। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। पिछले दिनों शत्रु संपत्ति को खुर्द-बुर्द करने के आरोप में घिरे सपा नेता आजम खां व अब्दुल्ला आजम को पुलिस ने क्लीन चिट दे दी थी। इस पर यह मामला शासन तक पहुंच गया था। इस मामले में शासन ने रामपुर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अशोक शुक्ला के खिलाफ जांच बैठा दी थी और दोबारा विवेचना के आदेश दिए थे।

### गाजियाबाद-वाराणसी स्पेशल ट्रेन निरस्त

**बरेली :** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल ने त्योहार के मौके पर स्पेशल ट्रेन 05047/05048 वाराणसी-गाजियाबाद स्पेशल का संचालन 8 अक्टूबर से 26 नवंबर तक संचालन करने का फैसला लिया था। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेन के संचालन को किसी कारण से निरस्त कर दिया गया है।

### 60 वर्ष बाद परिषदीय स्कूल से हटाया कब्जा

**बरेली :** ब्रह्मपुरा स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर में भवन को अवैध कब्जे से 60 वर्ष बाद मुक्त कराया गया। विभाग ने भवन पर ताला लगा दिया है। प्रधानाध्यापक तहसीन खां ने बताया कि विद्यालय परिसर में 600 गज से अधिक भूमि में बने भवन में लोग अवैध रूप से रह रहे थे। अधिकारियों के निर्देश पर रविवार को भवन को खाली कराया गया। उन्होंने बताया कि भवन के अभाव में स्कूल के बच्चों को बाहर बैठाकर पढ़ाना पड़ता था। अब भवन में जरूरी सुविधाएं की जाएंगी ताकि बच्चों की पढ़ाई आसानी से हो सके।

# तेज रफ्तार निजी बस चालक ने दो युवकों को रौंदा, मौत

## गुस्साए लोगों ने बस फूंकी, लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** लखनऊ से आ रही तेज रफ्तार निजी बस के चालक ने सोमवार की शाम एलआरपी चौकी क्षेत्र में बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साई भीड़ ने बस पर पथराव कर आग लगा दी। पुलिस ने लाठियां फटकार कर किसी तरह से भीड़ को खदेड़ा और फायर बिग्रेड ने आग बुझाई।

हादसा लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर जल भवन के निकट हुआ। गांव मुड़िया खेड़ा निवासी इंद्रेश (22) और अभिमन्यु (21) बाइक पर सवार होकर लखीमपुर से घर जा रहे थे। सीतापुर की तरफ से आ रही निजी बस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में इंद्रेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अभिमन्यु गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक बस में फंस गई और करीब 500 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे के बाद चालक और परिचालक बस मौके पर छोड़कर भाग निकले। घायल अभिमन्यु को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी भी मौत हो गई। दोनों युवकों की मौत से लोग आक्रोशित हो गए। पुलिस मौके पर पहुंचती इससे पहले ही आक्रोशित भीड़ ने बस में तोड़फोड़ और पथराव कर आग लगा दी।


लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर धू-धूकर जलती निजी बस। अमृत विचार

> व्यापारी के साथ ठगी करने बाइक पर दो युवक सवार थे, जिसमें इंद्रेश की मौके पर ही मौत हो गई थी। अभिमन्यु ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।
> **-गणेश प्रसाद साहा, एसपी**

बवाल की सूचना पर एसपी गणेश प्रसाद साहा, एएसपी पूर्वी पवन गौतम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अफसरों ने आक्रोशित भीड़ को किसी तरह से समझा बुझाकर शांत कराया। फायर बिग्रेड मौके पर पहुंचती। इससे पहले ही पूरी बस जल चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि बाइक सवार गलत तरीके से मार्ग को क्रॉस कर रहे थे। इससे यह हादसा हो गया।

### फोरलेन पर आधे घंटे तक हुआ हंगामा

फोरलेन पर आगजनी, पथराव होने पर वाहनों की कतार लग गई। ट्रैफिक पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। यातायात पुलिस ने वाहनों को उधर जाने से रोक लिया। करीब पौन घंटे तक फोरलेन पर हंगामा होता रहा। पुलिस के लाठी फटकार कर खदेड़ने के बाद हालात काबू में आए। तब जाकर आवागमन शुरू हो सका।

### शहर घूमने आए थे दोनों बाइक सवार

परिवार वालों ने बताया कि इंद्रेश (22) और अभिमन्यु (21) बाइक से शहर में घूमने आए थे और घर वापस जाते समय हादसा हो गया। हादसे के बाद से दोनों मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है।

# मोबाइल चोरी के आरोप में मजदूर को मार डाला

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**सीतापुर के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के पचदेउरा गांव की घटना, दो गिरफ्तार**

**अमृत विचार:** मजूदर पर मोबाइल चोरी का आरोप लगा, फिर उसे पीटकर मार डाला गया। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के पचदेवरा गांव में हुई घटना में पुलिस ने मुख्य आरोपी व उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के पुत्र के प्रार्थनापत्र पर हत्या समेत एससी-एसटी की धारा में मामला दर्ज कर लिया गया है।

सदरपुर थाना क्षेत्र के इनायतपुर गांव का राकेश (45) सोमवार को बेलौली चौराहे पर लगने वाली मजदूर मंडी आया था। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र का पचदेवरा निवासी शोभाराम 12 मजदूरों को लेकर अपने धान के खेत में पहुंचा। अन्य मजदूरों के मुताबिक, शोभाराम ने सिद्धेश्वर बाबा मंदिर के पीछे मौजूद अपने खेत पर धान की पिटाई करने के लिए सभी मजदूरों को लगा दिया। यहीं पर शोभाराम का मोबाइल कहीं गुम हो गया। राकेश के पुत्र इंद्रजीत ने बताया कि शोभाराम और उसके परिवार के लोग पिता पर मोबाइल का आरोप लगा कर अपने घर ले गये। जहां, लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ किये गए वार से राकेश की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद राकेश के शव को झाड़ी में ले जाकर डाल दिया।


आईएमसी के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान। अमृत विचार

### पैगंबर पर टिप्पणी का हिसाब दिल्ली के रामलीला मैदान में करेंगे

**अमृत विचार, बरेली :** इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने अब पैगंबर पर टिप्पणी के खिलाफ दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रदर्शन का एलान किया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस प्रदर्शन की तारीख घोषित कर दी जाएगी। मौलाना ने यह भी कहा कि महाकुंभ में मुसलमानों का कोई काम नहीं है। उन्हें दूसरे धर्म के आयोजनों से बचना चाहिए। आईएमसी के 24वें स्थापना दिवस पर सोमवार को शहामतगंज के एक मैरिज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मौलाना तौकीर ने कहा कि यति नरसिंहानंद जैसे लोगों के पैगंबर-ए-इस्लाम की शान में गुस्ताखी करने के खिलाफ अब कोई धरना या ज्ञापन नहीं दिया जाएगा। इसका हिसाब अब दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा। मौलाना ने कहा कि इस प्रदर्शन के दौरान बरेली और आसपास के जिलों के लोग ही नहीं बल्कि पूरा हिंदुस्तान दिल्ली की सड़कों पर होगा। अगर हिंदुस्तान भर के लोगों से दिल्ली की सड़कें जाम हुईं तो वह जो चाहते हैं, वह हो जाएगा।

## ई-स्टोर खुलवाने के नाम पर 52.54 लाख रुपये ठगे

**रामपुर :** महिला एवं आईडी धारकों से 52 लाख 54 हजार 400 रुपये की ठगी करने के मामले में सिविल लाइन पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला पक्का पुल घेर बख्शी निवासी शाईस्ता परवीन का कहना है कि ई-स्टोर इंडिया कंपनी एक रजिस्टर्ड ब्रांड कंपनी है। इस कंपनी के सीएमडी फैजान अहमद और 4 मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश कुमार त्यागी, शमशाद अहमद, उरूज खां और फैजान खां हैं। करीब चार वर्ष पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश कुमार त्यागी ने रामपुर में ई- स्टोर खोलने का आश्वासन दिया। जिनके झांसे में आकर महिला व उनके साथियों ने 21 अक्टूबर 2021 को कुल 52 लाख 54 हजार 400 रुपये ई-स्टोर खोलने के लिए दिए थे।

# लिव-इन पार्टनर के प्रति क्रूरता और दहेज-हत्या के आरोपों को खारिज करने से कोर्ट ने किया इनकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति के खिलाफ अपने लिव-इन पार्टनर के प्रति क्रूरता और दहेज हत्या के आरोपों को खारिज करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अगर यह मान भी लिया जाए कि पीड़िता कानूनी रूप से विवाहित पत्नी के दायरे में नहीं आती, तो भी रिकॉर्ड में यह दिखाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हैं कि आरोपी और पीड़िता घटना के समय 'पति-पत्नी' के रूप में एक साथ रह रहे थे।

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि अगर आरोपी और पीड़िता पति-पत्नी के रूप में रह रहे थे तो आईपीसी की धारा 498-ए और 304-बी के तहत पति पर आरोप लगाए जा सकते हैं। कोर्ट ने देखा कि प्राथमिकी में यह



**कोर्ट के सामने हुआ था पीड़िता और आरोपी का विवाह**

स्पष्ट रूप से बताया गया है कि पीड़िता और आरोपी का विवाह कोर्ट के सामने हुआ था, इसलिए आरोपी के खिलाफ आरोपों को खारिज नहीं किया जा सकता है।

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि मृतका याची की कानूनी रूप से विवाहित पत्नी थी या नहीं, इसे सीआरपीसी की धारा 482 के तहत कार्यवाहियों के दौरान नहीं तय किया जा सकता है। दोनों के विवाह की वैधता के प्रश्न को केवल मुकदमे के दौरान ही हल किया जा सकता है। आरोपी के खिलाफ आईपीसी और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत पुलिस स्टेशन कोतवाली, प्रयागराज में मामला दर्ज किया गया था। अतः कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखते हुए मुकदमा जारी रखने की अनुमति दी।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजवीर सिंह की एकलपीठ ने आपराधिक मामले से खुद को मुक्त करने की मांग लेकर ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली आदर्श यादव की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याचिका में तर्क दिया गया था कि पीड़िता के साथ उसका विवाह नहीं हुआ था। वह केवल महिला के साथ लिव-इन- रिलेशनशिप में रह रहा था। हालांकि कोर्ट ने कहा कि दहेज उत्पीड़न के आरोपों से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि महिला ने आरोपी के साथ रहते हुए ही दहेज उत्पीड़न के कारण आत्महत्या की।

## प्रेमी युगल की हत्या में पुत्री के पिता को उम्र कैद

**अमृत विचार, चन्दौसी :** न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रेमी युगल की हत्या के मामले में पुत्री के पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर 50 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। एडीसीजी राहुल दीक्षित ने बताया कि थाना गुन्नौर के मोहल्ला हीरापुर निवासी इस्लाम शाह ने थाने में तहरीर दी थी कि उनका पुत्र सलमान (19) 9 जुलाई 2017 की शाम 4 बजे से दिखाई नहीं दिया। 10 जुलाई की सुबह 9 बजे सलमान मोहल्ला टंकी निवासी अच्छन के घर में मृत मिला। पास ही अच्छन की पुत्री निशा (15) भी मृत मिली। मुझे पता चला कि मेरे पुत्र सलमान के अच्छन की पुत्री से संबंध थे। मेरा पुत्र किसी समय अच्छन की पुत्री से मिलने गया होगा। जिससे अच्छन व उसकी पत्नी नसरीन ने दोनों की हत्या कर दी। पुलिस ने थाने में अच्छन व उसकी पत्नी नसरीन के विरुद्ध धारा 302 में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी अच्छन को अपराधी माना और दंडित किया।

## धर्म दर्शन

### शक्ति स्वरूपा महादेवी दुर्गा

'नवरात्रों' या 'नवरात्रियों' में शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व है। शारदीय आश्विन (क्वार) शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। इसी प्रकार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाने वाला दूसरा नवरात्र (नौरात) कहलाता है। शारदीय नवरात्र में तो नवो दिन अत्यंत उत्तम फलदायक हैं। इनमें भी षष्ठी (कात्यायनी का), सप्तमी(कालरात्रि का) अष्टमी (महागौरी का) तथा नवम (सिद्धिदात्री का) का संबंधित देवी का पूजन विशेष फलदायी माना गया है। चैत्र नवरात्र में बहुत से भक्त प्रतिपदा और अष्टमी को ही व्रत, उपवास, विशेष पूजन करते हैं। बंगाल की दुर्गापूजा तो अंतर्राष्ट्रीय महत्व होता है। पुरुषरुप में जिस प्रकार भगवान शिव, श्रीहरिविष्णु, ब्रह्मा तथा प्रजापति आदि के रुप में परब्रह्म का ध्यान किया जाता है, उसी प्रकार स्त्री रुप में मां दुर्गा या उनके विभिन्न स्वरुपों की पूजा, उपासना और ध्यान किया जाता है। पुरुषरुप में माया और मायी को कभी एक ही तो कभी भिन्न, स्त्री-पुरूष दोनों रुपों में कल्पना की जाती है। प्रभा मंडल विहीन नटराज तथा कालिय नाग पर नृत्य करती हुई, श्रीकृष्ण मूर्ति में त्रिगुणात्मिका (सत्व, रज, तम) माया और ब्रह्म का प्रतीक परिकल्पित है। ये ही भाव अलग-अलग हर-गौरी, तथा राधा-कृष्ण आदि के रुपों में साकार किए जाते हैं। ललिता सहस्रनाम के सत्रहवें श्लोक में अंकित है,-"पुरूषं वा स्मरेर्द्देवि स्त्रीरुपं वा विचिन्तयेत्।

अथवा निष्कलं ध्यायेत् सच्चिदानन्दलक्षणम्।।"

अर्थात (परब्रह्म का) पुरुषरुप अथवा स्त्री रुप में ध्यान करे, या निराकार सत्-चित्त-आनन्द मात्र का ही ध्यान करे।) शक्ति मात्र होने के कारण ब्रह्म का कोई निश्चित रुप नहीं है। इसीलिए उसकी कोई लिंग या जाति



भी नहीं है। रुप तो निमित्त पर आश्रित है। इस संदर्भ में विद्युत (बिजली) का उदाहरण उपयुक्त प्रतीत होता है।


**डॉ. अजित कुमार सिंह**
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

हम इसके स्वरूप की निश्चित पहचान आज भी नहीं कर पाए हैं, किंतु निमित्त भेद से यह प्रकाश देती है, गर्मी देती है, ठंड प्रदान करती है, छोटे से लेकर अतिविशालकाय से लेकर छोटे यंत्रों का संचालन करती है। ब्रह्म के विषय में भी कुछ मनीषियों की धारणा कुछ ऐसी ही है। पिता का स्नेह एवं संरक्षण तथा माता का अगाध दुलार, प्यार और लालन-पालन के इच्छुक माता तथा पिता दोनों ही रुपों में ब्रह्म की उपासना कर सकते हैं।'ललिता सहस्रनाम'में ही अंयत्र कथित हैः-"न त्वमब पुरुषो न चाड़्गना चित्तस्वरुपिणी षंडतापि त्वं।/ नापि भर्तुरपि ते त्रिलिंगता त्वां बिना न तदपि स्फुरेवयम्।।" "हे अमब तुम न तो पुरुष हो, न स्त्री हो और न नपुंसक। तू तो केवल चित्त मात्र है। तुम्हारे पति में भी तीनों लिंग नहीं हैं। तुम्हारे बिना उनमें स्फुरण नहीं होता है।" नमामि भवभीतो हम संसारार्णवतारिणीम।।॥१९॥" "(दुर्गा) देवी मंत्रों की माता और शब्दों का ग्यान हैं। ग्यान में भी चेतना से आगे और शून्यों मैं भी शून्य की साक्षिणी हैं। जिनसे बढ़कर कोई भी नहीं है, उनका ही अभिधान (नाम) दुर्गा है।

### स्त्री जीवन के नौ रूप हैं नवरात्र

क्या खूब कहा है किसी ने कि हर स्त्री के जीवन के नौ रूप है जिनका प्रतीक माता के नवरात्र है और जब एक स्त्री इन नौ रूपों में अपना जीवन व्यतीत करती है तो वह देवी तुल्य मानी जाती है।


**ममता सोनी**
राष्ट्रीय अध्यक्ष, कला भारती फाउंडेशन नई दिल्ली

सबसे पहले स्त्री एक पुत्री के रूप में जन्म लेती है इसलिए पहले रोग मां दुर्गा का शैलपुत्री के रूप में आता है। स्त्री जीवन का दूसरा पड़ाव ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए कुछ सीखने का है। इसलिए उसे ब्रह्मचारिणी रूप में दिखाया जाता है जिसके हाथ में ना तो कोई शस्त्र है और न ही शेर की सवारी। स्त्री के जीवन का तीसरा पड़ाव उसका विवाह है इसलिए गौरी के तीसरे रूप को चंद्रघंटा के रूप में दिखाया जाता है जहां वह पति के माथे के चांद को अपने माथे पर धारण करती है। इसके बाद जय माता बनने के लिए तैयार होती है इसलिए इस रूप को कुष्मांडा कहा गया है कूष का मतलब कॉस्मिक और अंडा संतान की उत्पत्ति का प्रतीक है। तत्पश्चात एक स्त्री मां बनती है इसलिए मां गौरी का अगला रूप स्कंदमाता है। फिर शुरू होती है उसकी आंतरिक यात्रा और वह अपने बाहरी एवं भीतरी संघर्षों से लड़ती है तभी गोरी के रूप को कात्यायनी कहा गया है अर्थात महिषासुर को मारने वाली यह महिषासुर एक स्त्री के भीतर एवं बाहरी संघर्षों का प्रतीक है। और जब वह इन सब संघर्षों पर विजय पा लेती है और सामाजिक बंधनों को तोड़ देती है तो वह कालरात्रि बन जाती है। ऐसा करके जब वह अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनती है तो एक महान स्त्री होती है इसलिए गौरी के इस रूप को महागौरी कहा गया है। दूसरों को प्रेरणा के साथ-साथ जब वह समाज एवं अन्य स्त्रियों के उत्थान का कार्य करती है और अपने को सिद्ध कर देती है तो वह सिद्धिदात्री कहलाती है। यही है एक नारी के जीवन के रूप।

## वर्ग पहेली-215

**बाएं से दाएं**

3. 1. एक तरह की कस्तूरी 2. एक तरह का तरल गंध द्रव्य जो गंधमार्जार या मुश्कबिलाव के अंडकोश से निकलता है।

5. 1. जिसका अपमान हुआ हो, बेइज़्ज़त, तिरस्कृत 2. तुच्छ, नीच, अधम 3. जिसकी बेकद्री की गई हो।

7. ऐसा स्थान जहां कोई परिवार कई पीढ़ियों से रहता चला आ रहा हो, डीह।

8. 1. अंतिम, आख़िरी, चरम 2. निर्णायक

**ऊपर से नीचे**

1. 1. ज़मीन, भूमि 2. देश, मुल्क 3. पृथ्वी, धरा 4. पेशबंदी 5. ग़ज़ल की रदीफ़।

2. दोनों हथेलियों को ऊपर की ओर जोड़ने से बनने वाला गड्ढा जिसमें पानी या कोई वस्तु भरकर दी जाती है, करसंपुट, चुल्लू; ओक, अंजुरी, अंजलि।

4. वह स्थान जहां बच्चों के अनुसार खेलने-सीखने की चीज़ें रखी जाती हैं, बच्चों के लिए बना सार्वजनिक स्थल, बालभवन, बच्चों का उपवन, आंगनवाड़ी।

6. 1. बारूद या गंधक भरकर बनाए गए खिलौने

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | 3 | 4 | | ■ |
| ■ | 5 | | | ■ | 6 |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 7 | | | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| 8 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -214 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 द | ■ | ■ | 2 शु | 3 चि | ता |
| या | ■ | ■ | ■ | ड़ि | ■ |
| र | ■ | ■ | 4 द | हा | ना |
| ■ | 5 ए | का | हा | र | ■ |
| ■ | का | ■ | ड़ | ■ | 6 झाँ |
| ■ | धि | ■ | ■ | ■ | ई |
| ■ | 7 क | चा | यँ | ध | ■ |

## सुडोकू -128

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | 5 | | 9 | | |
| 7 | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| | | 6 | | | 1 | 5 | | 3 |
| | | 8 | | | 9 | | 3 | |
| | 2 | | | | | | 1 | |
| | 4 | | 7 | | | 6 | | |
| 9 | | 3 | 1 | | | 2 | | |
| | 5 | | | | 6 | | 7 | 4 |
| | | 7 | | 2 | 5 | | 8 | |

### सुडोकू - 127 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 |
| 1 | 3 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 3 | 9 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 |
| 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 1 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :8 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 11.17 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 9 अक्टूबर 04.08 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** - आज कार्यक्षेत्र में आपको नई-नई उलझनों का सामना करना पड़ सकता है। सरकारी कार्य रुक सकते हैं। समाज में आपको परेशानी उठानी पड़ेगी। मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। आपको ईर्ष्यालु व्यवहार से आपको बचना चाहिए।

**वृष** - आज आपकी दबी हुई प्रतिभा लोगों के सामने निखर कर आयेगी। आपको व्यवसाय में बड़ा लाभ मिल सकता है। परिवार के साथ आपके शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। घर में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। शेयर मार्केट में बहुत बड़ा निवेश करने से पहले सावधानी रखनी चाहिए।

**मिथुन** - आज जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। निम्न रक्तचाप के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। दूसरों के मन की बातें आप समझ लेंगे। किसी विशेष मुद्दे को लेकर मित्रों से झगड़ा हो सकता है। बदलते मौसम को लेकर अपना बचाव करें।

**कर्क** - आज आप अपने लक्ष्य को लेकर थोड़े कन्यूज़ हो सकते हैं। बच्चों की पढ़ाई को लेकर आप थोड़े चिन्तित रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को जॉब के नए ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**सिंह** - आज व्यापार में कर्ज न लें वरना चुकाने में थोड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। माता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। आज अत्यधिक काम के कारण आपको थकान हो सकती है। फेफड़ों में संक्रमण की समस्या हो सकती है।

**कन्या** - आज अधिकारियों के साथ आपके संबंध मधुर रहने वाले हैं। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। इन्टरव्यू आदि में सफलता मिलने की संभावना प्रबल है। कार्यक्षेत्र में आज आपको बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**तुला** - आज कार्यक्षेत्र में उच्च पद प्राप्त होगा। आपको आलस्य से बचना चाहिए। सामाजिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व करेंगे। आपको सबके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। संतान के भविष्य की चिंता हो सकती है।

**वृश्चिक** - आज आप हर कार्य आत्मविश्वास के साथ करेंगे। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का प्रमोशन हो सकता है। समाज में आपकी छवि काफी मजबूत होगी। आयात-निर्यात के व्यवसाय से आपको लाभ मिलेगा। जीवनसाथी की सलाह आपको काफी काम आने वाली है।

**धनु** - आज माइग्रेन के रोगियों को आज धूल और धूप से बचना चाहिए। योग और अध्यात्म के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। आपको पुराने संपर्को के कारण परेशानी उठानी पड़ सकती है। किसी की भी गारण्टी आपको नहीं लेनी चाहिए।

**मकर** - आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से शुभ है। प्रेमी जन को आप काफी समय देंगे। परिवार की समस्याओं का समाधान होगा। व्यापार में नई योजना बना सकते हैं। विवादित मामलों का निपटारा होगा। विदेश से शिक्षा और नौकरी के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ** - आज शोधकार्यों से जुड़े लोगों को बड़ी सफलता मिल सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी के साथ मूवी देखने जा सकते हैं। अनजान व्यक्तियों पर ज्यादा विश्वास न करें। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं।

**मीन** - आज परिजनों से आप विशेष महत्व की अपेक्षा रखेंगे। लेकिन दूसरों की भावनाओं को भी समझें। अधिकारियों का व्यवहार आपको दु:ख पहुंचा सकता है। धर्म-चिंतन और अनुष्ठानों में आपकी रुचि हो सकती है। नए कार्यों को लेकर आत्मविश्वास की कमी महसूस हो सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
इंसानियत - सुबह : 09.00
आग ही आग - शाम : 06.00

**&pictures**
परमाणु - सुबह :08.14
विवाह - रात : 07.30

**SONY PIX**
जर्नी 2 - सुबह :09.56
वेनम - शाम : 05.33

**ZEE CINEMA**
सिर्फ तुम - सुबह : 07.35
सिंघम - रात : 07.30

**ZEE ACTION**
किस्मत - सुबह : 10.38
एनकाउंटर सरकार - शाम : 04.45

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात :07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू ने अपनी पत्नी सोनी से पूछा :नवरात्रि का व्रत रखा है क्या?
पत्नी : हां जी!
सोने : फिर कुछ खाया की नहीं?
पत्नी :जी पर कुछ खास नहीं...
सोने :फिर भी क्या खाया, बताओ तो?
सोनी सुबह सुबह चाय ली थी, फिर अनार, आलू टिक्की, साबूदाने की खीर बस।

रमन यार चमन, जिस तरह इस बार नवरात्रि में बारिश हो रही है,
मुझे तो समझ नहीं आ रहा है कि,
इस बार दशहरे पर रावण जलेगा कैसे?
चमन-अरे यार, इस बार रावण जलकर नहीं डूबकर मरेगा... समझें।
हा...हा...हा...

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल, गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूं (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल प्रति कुन्तल, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, दाल दलहन, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-620, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूंग दाल 10500-11000, मूंग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000, दाल स्पेशल 13000-14000, राज्मा सफेद 13000-14000, राज्मा काला 11500-12500, मूंगफली का दाना 11000-12000, तेल तिलहन, अलसी 5310-5510, लाही 4800-5200, काली सरसों 4900-5300, पीली सरसों 5600-5800, तेल सरसों (प्रति 15 1475-1900, तेल अलसी 2600-2700, तेल तिल्ली 2600-2700, तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500, तेल नारियल 2700-2800, तेल सोयाबीन 1650-1700, वनस्पति , बावर्ची 1900, रथ 1950, चीनी (एम 30) 4250, चीनी (एस 30) 4100, गुड़ पंसेरा 5000, गुड लड्डू 5200, आटा मैदा, मैदा 3000-3100, आटा 2700-2900।

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 78,250 |
| सोना रवा | 78,100 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 94,600 |
| चांदी (999) | 94,500 |
| चांदी सिक्के (100 ग) | 80,000 |

# शेयर बाजार डेढ़ माह के निचले स्तर पर

## सेंसेक्स लुढ़ककर 638.45 अंक पर पहुंचा, चौतरफा बिकवाली से गिरा बाजार

**मुंबई, एजेंसी**

इजराइल-ईरान तनाव और चीन के प्रोत्साहन पैकेज के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार लगातार छठे दिन गिरता हुआ आज डेढ़ माह के निचले स्तर पर आ गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 638.45 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत का गोता लगाकर करीब डेढ़ माह के निचले स्तर 81,050.00 अंक पर आ गया।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 218.85 अंक यानी 0.87 प्रतिशत की गिरावट लेकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 24,795.75 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे



मिडकैप 1.85 प्रतिशत प्रतिशत लुढ़ककर 47,019.08 अंक और स्मॉलकैप 3.27 प्रतिशत कमजोर होकर 54,117.72 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4178 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3422 में गिरावट जबकि 636 में तेजी रही वहीं 120 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियों में बिकवाली जबकि 10 में लिवली हुई। विश्लेषकों के अनुसार, मध्य-पश्चिम में बढ़ते तनाव के बावजूद वैश्विक स्तर पर शेयर बाजार लचीले रहे हैं। इक्विटी बाजारों के लिए एक बड़ी सकारात्मक बात यह है कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था मजबूत है, जहां सितंबर में गैर-कृषि नौकरियों की संख्या आश्चर्यजनक रूप से 2.54 लाख रही। मजबूत अर्थव्यवस्था और अमेरिका के बाजार में घटती मुद्रास्फीति एक बड़ी सकारात्मक बात है। बीएसई में आईटी और टेक की 0.46 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 18 में गिरावट का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 2.54, सीडी 1.49, ऊर्जा 2.46, एफएमसीजी 0.73, वित्तीय सेवाएं 1.90, हेल्थकेयर 1.01, इंडस्ट्रियल्स 2.38, दूरसंचार 2.49, यूटिलिटीज 3.63, ऑटो 0.38, बैंकिंग 2.10, कैपिटल गुड्स 2.15, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.89, धातु 2.24, तेल एवं गैस 2.38, पावर 3.14, रियल्टी 1.15 और सर्विसेज समूह के शेयर 3.12 प्रतिशत टूट गए।

### विदेशी डैक्स में भी गिरावट की गई दर्ज

पिछले सप्ताह के अमेरिकी श्रम बाजार के आंकड़ों से मंदी की आशंका दूर होने, ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम होने तथा कम से कम शुरुआत में डॉलर और इक्विटी को समर्थन मिलने के बाद बेंचमार्क 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड सोमवार को चार प्रतिशत तक बढ़ गई। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.36, जापान का निक्केई 1.80, हांगकांग का हैंगसेंग 1.60 और चीन का शंघाई कंपोजिट 8.06 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.28 प्रतिशत की गिरावट रही।

### निवेशकों के 8.9 लाख करोड़ रुपये डूबे

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला सोमवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में भी जारी रहने से निवेशकों की संपत्ति 8.90 लाख करोड़ रुपये घट गई। शेयर बाजार में इस बड़ी गिरावट की वजह से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 8,90,153.84 करोड़ रुपये घटकर 4,51,99,444.70 करोड़ रुपये (5.38 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। सेंसेक्स में गिरावट का यह लगातार छठा कारोबारी सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 4,521.85 अंक यानी 5.28 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। इससे निवेशकों को कुल 25.16 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। बीएसई पर सूचीबद्ध शेयरों में से 3,493 नुकसान में रहे जबकि 568 शेयरों में तेजी रही और 117 अन्य अपरिवर्तित रहे।

# भारत, यूएई खाद्य गलियारे पर दो अरब डॉलर निवेश : गोयल

**मुंबई, एजेंसी**

- हजारों युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण में रोजगार देगा और सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) दो अरब डॉलर के अनुमानित निवेश से एक खाद्य गलियारा स्थापित करेंगे जो यूएई एवं अन्य खाड़ी बाजारों की जरूरतों को पूरा करेगा। इससे भारत के किसानों को अधिक आमदनी एवं अधिक रोजगार सृजन में भी मदद मिलेगी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भारत-यूएई उच्चस्तरीय कार्यबल की 12वीं बैठक के बारे में यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। दोनों देशों के बीच खाद्य गलियारे की स्थापना को मिशन के तौर पर आगे बढ़ाने के लिए एक छोटा कार्यसमूह भी गठित किया गया है जिसमें केंद्र सरकार, संबंधित राज्य सरकारें और यूएई शामिल हैं। गोयल ने कहा भारत में खाद्य पार्कों की स्थापना के बारे में बहुत विस्तार से चर्चा की गई। इससे जुड़ा बुनियादी काम काफी हद तक पूरा हो चुका है। यह एक और क्षेत्र है जो किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद करेगा, हमारे हजारों युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण में रोजगार देगा और यूएई की खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। यूएई ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और खाद्य पार्क लॉजिस्टिक में निवेश के लिए लगभग दो अरब डॉलर की शुरुआती प्रतिबद्धता जताई है। भारत से यूएई को खाद्य उत्पाद पहुंचाने के लिए लॉजिस्टिक सुविधाओं की जरूरत होगी। उन्होंने कहा हमने केंद्र एवं राज्य सरकारों और यूएई की भागीदारी वाले एक छोटे कार्यसमूह का गठन किया है, जो दोनों देशों के बीच एक खाद्य गलियारे की स्थापना को मिशन के तौर पर आगे बढ़ाएगा।

# केंद्र ने दिल्ली में 65 रुपये प्रति किलो के भाव पर टमाटर की बिक्री शुरू की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अच्छी मात्रा में आवक के बावजूद हाल के हफ्तों में टमाटर की खुदरा कीमत में हुई वृद्धि

केंद्र ने सोमवार को आम आदमी को राहत देने और बिचौलियों द्वारा असामान्य रूप से कमाये जाने वाले मुनाफे पर लगाम लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में 65 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर टमाटर बेचना शुरू किया। राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर औसतन 90 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है।

उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने 65 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से टमाटर बेचने वाली भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड की वैन को हरी झंडी दिखाई। खरे ने कहा हम टमाटर की कीमतों को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बाजार हस्तक्षेप से अगले 3-4 दिन में टमाटर की कीमतें कम हो जाएंगी। एनसीसीएफ ने मंडियों से सीधे टमाटर खरीदकर और उन्हें 65 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेचकर बाजार हस्तक्षेप शुरू किया है। मोबाइल वैन राष्ट्रीय राजधानी की 50 कॉलोनियों में टमाटर बेचेगी। बयान के अनुसार, यह हस्तक्षेप उपभोक्ताओं को टमाटर की कीमतों में हाल ही में हुई वृद्धि से बचाने और बिचौलियों को अप्रत्याशित लाभ कमाने से रोकने के लिए किया गया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने कहा मंडियों में लगातार अच्छी मात्रा में आवक के बावजूद हाल के हफ्तों में टमाटर की खुदरा कीमत में काफी वृद्धि हुई है।

# देश में सुस्त मांग के कारण वाहनों की खुदरा बिक्री में गिरावट

**नई दिल्ली।** देश में सुस्त मांग के कारण सितंबर में वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की गिरावट आई है। उद्योग संगठन फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी। सितंबर में कुल पंजीकरण घटकर 17,23,330 इकाई रह गया, जो पिछले साल इसी महीने 18,99,192 इकाई था। यात्री वाहनों और दोपहिया वाहनों सहित अधिकतर श्रेणियों में सालाना आधार पर गिरावट देखी गई।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष सी. एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा गणेश चतुर्थी और ओणम जैसे त्यौहारों के बावजूद डीलरों ने बताया कि प्रदर्शन काफी हद तक स्थिर रहा है। बड़े त्यौहारों के मद्देनजर फाडा ने ओईएम से वित्तीय झटके से बचने के लिए तत्काल सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह भी किया है। वाहनों की बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत घटकर 2,75,681 इकाई रह गई, जो एक वर्ष पूर्व इसी महीने 3,39,543 इकाई थी।

# ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का शेयर 8 प्रतिशत टूटा

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयर में सोमवार को दिन के कारोबार के दौरान 10 प्रतिशत तक की गिरावट आई और अंत में यह आठ प्रतिशत टूटकर बंद हुआ। इससे एक दिन पहले सोशल मीडिया पर ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर की सेवा गुणवत्ता के मुद्दे पर कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी भाविश अग्रवाल और स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के बीच तीखी बहस हुई थी।

बीएसई पर ओला इलेक्ट्रिक का शेयर 8.31 प्रतिशत गिरकर 90.82 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ। इसमें लगातार तीसरे दिन गिरावट हुई। दिन के कारोबार में शेयर 9.43 प्रतिशत गिरकर 89.71 रुपये के निचले स्तर पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का शेयर 8.38 प्रतिशत गिरकर 90.75 रुपये पर बंद हुआ।

# हिताची एनर्जी करेगी 2000 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** हिताची एनर्जी ने भारतीय कारोबार के 75 साल पूरे होने के अवसर पर देश में स्थायी ऊर्जा भविष्य को बढ़ावा देने के लिए अपनी क्षमता, प्रोडक्ट रेंज और टैलेंट बेस को विस्तार करने पर लगभग 2000 करोड़ का निवेश की योजना है।

पिछले 75 सालों में भारत की कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं में योगदान देते हुए हिंदुस्तान इलेक्ट्रिक से लेकर हिंदुस्तान ब्राउन बॉवेरी, एबीबी पावर ग्रिड्स, हिताची एबीबी पावर ग्रिड्स और अब हिताची एनर्जी बनने तक, कंपनी ने 1949 से ऊर्जा विकास में अहम भूमिका निभाई है।

## राष्ट्रीय

# बंगाल की कोयला खदान में विस्फोट, छह लोगों की मौत

## बीरभूम में हुआ हादसा, ट्रक पर रखे विस्फोटकों में हुआ था धमाका

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सोमवार को एक कोयला खदान में एक ट्रक पर रखे विस्फोटकों में धमाका हो जाने से छह लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड (डब्ल्यूबीपीडीसीएल) के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ, जब गंगारामचक और गंगारामचक-भदुलिया कोयला खदानों में विस्फोट करने के लिए ट्रक से डेटोनेटर ले जाए जा रहे थे। यह घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे भदुलिया गांव की एक कोयला खदान में हुई। बीरभूम के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राणा मुखर्जी ने बताया छह लोगों की मौत हुई है और तीन अन्य घायल हुए हैं। डब्ल्यूबीपीडीसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पी बी सलीम ने कहा, यह घटना कोयला ब्लॉक के डंप यार्ड में हुई। विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। विस्फोट में मारे गए लोग खदान का संचालन कर रही एजेंसी के कर्मचारी थे। हम प्रभावित श्रमिकों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। डब्ल्यूबीपीडीसीएल एक अन्य अधिकारी ने बताया कि संबंधित खान संचालक पीड़ित परिवारों को मुआवजा देगा। घटनास्थल का दौरा करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं स्थानीय विधायक अनूप साहा ने कहा घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। विस्फोटक सामग्री को पर्याप्त सावधानी बरते बिना ट्रक से उतारा गया था। पश्चिम बंगाल सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी डब्ल्यूबीपीडीसीएल के पास पांच बिजली संयंत्र हैं और इनकी स्थापित क्षमता 4,265 मेगावाट है। चालू वित्त वर्ष में, अतिरिक्त 660 मेगावाट क्षमता बढ़ाए जाने की संभावना है।



अचानक विस्फोट हो जाने के बाद शव को निकालने में जुटे लोग।

# जम्मू-कश्मीर में जनादेश पलटने का भाजपा का मंसूबा, हम सतर्क हैं: कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- महासचिव जयराम रमेश ने किया दावा- कांग्रेस-नेकां के पक्ष में फैसले को नकारने के लिए भाजपा उठा रही है कदम

कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने से एक दिन पहले, सोमवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मंसूबा इस केंद्र शासित प्रदेश में जनादेश पलटने का है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि कांग्रेस-नेकां गठबंधन के पक्ष में आने वाले लोगों के फैसले को नकारने के लिए दुर्भावनापूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को मतदान हुआ था। मतगणना मंगलवार को होनी है। जम्मू-कश्मीर में 10 साल के अंतराल पर तथा 2019 में राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों - जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित किये जाने के बाद ये चुनाव हुए हैं। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आसन्न हार को देखते हुए भाजपा बहुमत हासिल करने के लिए हताशापूर्ण खेल, खेल रही है और अपनी चाल में मदद मिल जाए, उसके लिए त्रिशंकु विधानसभा की उम्मीद कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा जानती है कि जम्मू कश्मीर के लोगों ने कांग्रेस-नेकां गठबंधन को स्पष्ट जनादेश दिया है।

कांग्रेस महासचिव ने दावा किया, इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया को खत्म करने के लिए, उन्होंने अपनी स्वयंभू फर्जी चाणक्य-नीति के पुराने तरीकों का सहारा लिया है। हमारे पास यह कहने के लिए स्पष्ट जानकारी और आधार है कि जम्मू कश्मीर में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन के पक्ष में जनादेश को नकारने के लिए दुर्भावनापूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। रमेश ने कहा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक्स पर पोस्ट किया, जम्मू-कश्मीर में जनादेश को स्पष्ट खतरा है। कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन ऐतिहासिक जीत की ओर अग्रसर है, लेकिन भाजपा लोकतांत्रिक जनादेश को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है और उसका मंसूबा किसी भी तरीके से इसे पलटने का है।

# अधिकारी जब तक शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात का समय नहीं बताते लद्दाख भवन में डटे हैं : वांगचुक



जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक नई दिल्ली के लद्दाख भवन में अपनी भूख हड़ताल के दौरान अन्य प्रदर्शनकारियों के साथ।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सोमवार को कहा कि वह और उनके समर्थक तब तक लद्दाख भवन में रहेंगे जब तक अधिकारी यह नहीं बता देते कि कब वे देश के शीर्ष नेतृत्व से मिल सकते हैं। वांगचुक ने कहा कि प्रदर्शनकारी लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं और यह असामान्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि वे यहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को यह याद दिलाने आए हैं जिसका वादा उसने चुनाव के दौरान किया था। मौजूदा समय में छठी अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों के जनजातीय क्षेत्रों को 'स्वायत्त जिलों और स्वायत्त क्षेत्रों के रूप में प्रशासन से संबंधित है। वांगचुक और उनके समर्थकों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने पर रविवार को लद्दाख भवन में ही अपना अनिश्चितकालील अनशन शुरू कर दिया। वांगचुक ने कहा, हम तब तक यहां बैठेंगे जब तक हमें जवाब नहीं मिल जाता कि हम अपने नेताओं से कब मिल पाएंगे। हमने 30-32 दिन तक पैदल यात्रा की है, हम कम से कम एक मुलाकात के तो हकदार हैं।

जलवायु कार्यकर्ता ने कहा कि लद्दाख के लोगों ने इसे केंद्र शासित प्रदेश बनाने के सरकार के फैसले का स्वागत किया था क्योंकि उन्हें विधानसभा और छठी अनुसूची में शामिल करने का वादा किया गया था। उन्होंने कहा हम कोई असामान्य मांग नहीं कर रहे हैं, हम यहां भाजपा को उसके घोषणापत्र में किए गए वादों की याद दिलाने आए हैं।

# नक्सली मानवाधिकारों के सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं : अमित शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों को मानवाधिकार का सबसे बड़ा उल्लंघनकर्ता करार देते हुए सोमवार को कहा कि सुरक्षा बल अब नक्सलियों के खिलाफ रक्षात्मक कार्रवाई के बजाय आक्रामक अभियान चला रहे हैं और हाल के समय में उन्होंने बड़ी सफलता हासिल की है। नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और शीर्ष अधिकारियों को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि नक्सलवाद प्रभावित सभी राज्य मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

शाह ने कहा कि नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति में सुधार के कारण पिछले लोकसभा चुनाव में 70 प्रतिशत तक मतदान हुआ। इससे पहले इस क्षेत्र में एक भी मत नहीं पड़ा था। शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर, कश्मीर और नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों के 13,000 से अधिक



लोग हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने नक्सली गिरोहों से जुड़े युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी राज्यों ने उनके लिए लाभकारी पुनर्वास योजनाएं तैयार की हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में नक्सल-विरोधी अभियानों और प्रभावित क्षेत्रों में की गई विकास पहल पर चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा कम से कम 31 नक्सलियों को मार गिराए जाने के कुछ दिनों बाद नक्सल-प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ केंद्रीय गृहमंत्री की यह बैठक हुई है।

# कांग्रेस ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को मुस्लिम कार्य मंत्रालय बना दिया : रिजिजू

**पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को मुस्लिम कार्य मंत्रालय बना दिया और इसके नेता राहुल गांधी अब यह झूठा विमर्श फैला रहे हैं कि देश में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं।

रिजिजू ने कहा कि मुसलमानों को कांग्रेस का वोट बैंक नहीं बनना चाहिए क्योंकि इससे राष्ट्र और समुदाय को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का प्रभारी होने के नाते, मैं कुछ चीजें स्पष्ट करना चाहता हूं। अपने शासनकाल में, कांग्रेस ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को मुस्लिम कार्य मंत्रालय बना दिया। हम इस धारणा को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी सरकार देश में सभी अल्पसंख्यकों के लिए समान रूप से काम कर रही है। यह राष्ट्रीय हित के प्रति प्रतिबद्ध है।



रिजिजू ने कहा, नरेन्द्र मोदी सरकार की योजनाएं मुसलमानों को अन्य समुदायों की तरह ही फायदा पहुंचा रही हैं। फिर, क्यों मुसलमानों को कांग्रेस का वोट बैंक बने रहना चाहिए? यह न राष्ट्र के लिए बल्कि मुसलमानों के लिए भी नुकसानदेह है। उन्होंने कहा, जब वे एक राजनीतिक दल और उसके सहयोगियों का वोट बैंक बन जाएंगे तो यह उनके कल्याण की तुलना में कहीं अधिक नुकसान पहुंचाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश में सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों को एकजुट रखेगी और लोगों को इस बात से अवगत कराएगी कि राहुल गांधी और उनके सहयोगियों द्वारा यह गलत विमर्श फैलाया जा रहा है कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि गांधी विदेशी धरती पर देश के बारे में बुरा-भला बोल रहे हैं और विरोधी ताकतों से हाथ मिला रहे हैं।

### विदेश में देश को बदनाम कर रहे

रिजिजू ने कहा, देखिए, किस तरह की राजनीति की जा रही है? क्या आपने कभी सुना था कि विदेश जाकर किसी नेता ने देश की छवि धूमिल की... जनता ने उन्हें 10 साल के लिए खारिज कर दिया और अब वह विदेश में देश को बदनाम कर रहे हैं और भारत-विरोधी ताकतों से हाथ मिला रहे हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि अमेरिका में, गांधी ने आरक्षण के बारे में अपने विचार व्यक्त किये और बाद में इसकी लीपापोती करने की कोशिश की। अमेरिका की अपनी हालिया यात्रा के दौरान गांधी ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी, जब भारत में आरक्षण के लिहाज से निष्पक्षता होगी और अभी ऐसा नहीं है।

# डीजीसीए ने बोइंग-737 के प्रति किया आगाह

**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने अपने बेड़े में बोइंग-737 विमानों का इस्तेमाल करने वाली भारतीय एयरलाइंस को दिशा नियंत्रण प्रणाली (रडार) के जाम होने के संभावित जोखिम के बारे में सोमवार को सलाह जारी की। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) की हालिया जांच रिपोर्ट के बाद उठाया गया है। उस रिपोर्ट में कोलिंस एयरोस्पेस एसवीओ-730 दिशा नियंत्रण प्रणाली से लैस बोइंग-737 विमानों से जुड़ी सुरक्षा चिंताएं जताई गई हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने रडार नियंत्रण प्रणाली के जाम होने के संभावित जोखिम को देखते हुए घरेलू एयरलाइन कंपनियों के लिए सुरक्षा सिफारिशें जारी की हैं। इस समय बोइंग-737 विमानों का इस्तेमाल एयर इंडिया एक्सप्रेस, अकासा एयर और स्पाइसजेट एयरलाइन कर रही हैं।

# नीट-यूजी के लीक प्रश्नपत्र पाने के लिए 144 अभ्यर्थियों ने रकम अदा की थी : सीबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सीबीआई ने 144 अभ्यर्थियों की पहचान की है जिन्होंने मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए परीक्षा देने से कुछ घंटे पहले नीट-यूजी के लीक और हल प्रश्नपत्र पाने के लिए कथित तौर पर पैसे दिए थे।

अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने पिछले सप्ताह दाखिल अपने तीसरे आरोप पत्र में पंकज कुमार का नाम दर्ज किया है जिसने झारखंड के हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्राचार्य अहसानुल हक और उप प्राचार्य मोहम्मद इम्तियाज आलम के साथ मिलीभगत करके स्कूल से प्रश्नपत्र चुराए थे। उन्होंने बताया कि अपराध कथित रूप से उस समय किया गया जब बैंक वॉल्ट से प्रश्नपत्र लेकर ट्रंक पांच मई को सुबह आठ बजे के बाद स्कूल पहुंचे थे जिस दिन परीक्षा होनी थी। हक हजारीबाग के शहर समन्वयक थे और आलम को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट यूजी) 2024 आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा केंद्र अधीक्षक नियुक्त किया गया था। आरोप पत्र में 5,500 पन्ने हैं जिसमें 298 गवाहों, 290 दस्तावेजों और 45 भौतिक वस्तुओं के आधार पर निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए हैं, तथा पेपर लीक करने वाले गिरोह के काम करने के तरीके का विस्तृत विवरण दिया गया है। उन्होंने बताया कि हक और आलम ने जमशेदपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 2017 बैच के सिविल इंजीनियर कुमार को कथित तौर पर उस कमरे में प्रवेश करने की इजाजत दी, जहां ट्रंक रखे हुए थे। सीबीआई ने आरोप लगाया कि कुमार ने प्रश्नपत्र वाले ट्रंक के कब्जों से छेड़छाड़ की, एक प्रश्नपत्र निकाला और इसके सभी पन्नों की तस्वीर ली।

# बेहतर हो गई है श्रीलंका : शेफाली

दुबई, एजेंसी

- महिला टी-20 विश्व कप में कल श्रीलंका से भिड़ेगी टीम इंडिया

भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का मानना है कि श्रीलंका की टीम पहले से बेहतर हो गई है और उसे किसी भी तरह से हल्के से नहीं लिया जा सकता क्योंकि वह अब केवल चमारी अटापट्टू पर ही निर्भर नहीं है। भारत को महिला टी-20 विश्व कप के अपने अगले मैच में बुधवार को श्रीलंका का सामना करना है जिसने उसे एशिया कप के फाइनल में हराया था। भारतीय टीम को इसके बाद 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है।

शेफाली ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत में 32 रन का योगदान देने के बाद कहा इससे पहले उनकी तरफ से चमारी ही अधिक रन बनाती थी और विकेट लेती थी लेकिन एशिया कप में उनकी पूरी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। उनकी टीम में काफी सुधार हुआ है और इसलिए वह एशिया कप जीतने में सफल रही। भारतीय टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच काफी महत्वपूर्ण है जिसमें टीम को छोटी-छोटी गलतियों को करने से भी बचना होगा। मंधाना ने कहा एक खिलाड़ी के लिए प्रत्येक मैच महत्वपूर्ण होता है। जब आप विश्व कप में खेल रहे हों तो आपको अपना शत प्रतिशत देना होता है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ आप गलतियां नहीं कर सकते हैं। उसे हराने के लिए आपको उस दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज रेणुका ने कहा चमारी अटापट्टू बेहद दिलचस्प खिलाड़ी है। वह श्रीलंका में एकमात्र ऐसी खिलाड़ी है जो अपने दम पर मैच का पासा पलट सकती है।

# दिग्गज जिम्नास्ट दीपा कर्माकर ने की संन्यास की घोषणा

- रियो ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य से चूक गईं थी दीपा



**नई दिल्ली।** भारत की दिग्गज जिम्नास्ट दीपा कर्माकर ने सोमवार को खेल से संन्यास लेने की घोषणा की। दीपा 2016 रियो ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गईं थी।

ओलंपिक में शिरकत करने वाली भारत की पहली महिला जिम्नास्ट बनी 31 साल की दीपा रियो ओलंपिक की वॉल्ट स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं थी और सिर्फ 0.15 अंक से कांस्य पदक जीतने से चूक गईं थी। दीपा ने कहा बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी जिम्नास्टिक से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह आसान फैसला नहीं है लेकिन मुझे लगता है कि यह सही समय है। जब से मुझे याद है तब से जिम्नास्टिक मेरे जीवन का केंद्र रहा है और मैं उतार-चढ़ाव और बीच के हर लम्हे के लिए आभारी हूं।

# मोहन बागान को एसीएल दो से हटा हुआ माना जाएगा : एएफसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने ईरान की यात्रा करने के खिलाफ फैसला करने पर लिया फैसला

एशियाई फुटबॉल की संचालन संस्था एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने सोमवार को कहा कि ट्रेक्टर एफसी का सामना करने के लिए ईरान की यात्रा करने के खिलाफ फैसला करने के लिए मोहन बागान सुपर जाइंट को एएफसी चैंपियन्स लीग (एसीएल) दो से हटा हुआ माना जाएगा।

खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मोहन बागान सुपर जाइंट ने उस समय ईरान में अस्थिर स्थिति को ध्यान में रखते हुए दो अक्टूबर को होने वाले मुकाबले के लिए इस पश्चिम एशियाई देश की यात्रा नहीं करने का फैसला किया था। एएफसी ने कहा एएफसी लीग दो 2024/25 प्रतियोगिता नियमों के नियम 5.2 के अनुसार एशियाई फुटबॉल परिसंघ पुष्टि करता है कि मोहन बागान सुपर जाइंट को दो अक्टूबर को ट्रेक्टर एफसी के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए तबरीज पहुंचने में नाकाम रहने के बाद एसीएल दो प्रतियोगिता से हटा माना जाएगा। परिणामस्वरूप मोहन बागान सुपर जाइंट द्वारा खेले गए सभी मैच प्रतियोगिता के नियम 5.6 के अनुसार रद्द कर दिए गए हैं और उन्हें अमान्य माना है। संदेह से बचने के लिए प्रतियोगिता के नियम 8.3 के अनुसार ग्रुप ए में अंतिम रैंकिंग निर्धारित करते समय क्लब के मैचों से जुड़े किसी अंक और गोल को ध्यान में नहीं रखा जाएगा।

## खेल डायरी

### भारत ने 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में टीम स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** दीपक दलाल (545), कमलजीत (543) और राज चंद्रा (528) की भारतीय टीम ने पेरू की राजधानी लीमा में विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने अजरबैजान को एक अंक से हराकर कुल 1616 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। आर्मेनिया की टीम तीसरे स्थान पर रही। भारत ने इस तरह से 13 स्वर्ण, तीन रजत और आठ कांस्य पदक सहित कुल 24 पदकों के साथ चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल किया। इटली पांच स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदकों के साथ दूसरे जबकि नॉर्वे चार स्वर्ण सहित कुल 10 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत के मुकेश नेलवल्ली ने 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता, जो प्रतियोगिता में उनका छठा पदक है। उन्होंने 548 अंक बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। अजरबैजान के इमरान गारायेव ने 552 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### नकवी को चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में होने का भरोसा

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने सोमवार को भरोसा जताया कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन देश में होगा और चिर प्रतिद्वंद्वी भारत सहित सभी टीमें टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 19 फरवरी को शुरू होने का कार्यक्रम है जबकि इसका फाइनल नौ मार्च को खेला जाना है। आयोजन स्थल के रूप में लाहौर, कराची और रावलपिंडी को चुना है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक रिश्तों के कारण भारत ने जुलाई 2008 के बाद से अपनी टीम को पाकिस्तान नहीं भेजा है। भारतीय टीम को आना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि वे यहां आना रद्द या स्थगित करेंगे और हमें पूरा भरोसा है कि हम चैंपियंस ट्रॉफी में सभी टीमों की मेजबानी पाकिस्तान में करेंगे। पाकिस्तान भारत सहित सभी टीमों की मेजबानी के लिए तैयार है और तैयारियां तय समय पर चल रही हैं।

### एशियाई क्रॉस कंट्री के लिए भारतीय टीम में गुलवीर

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह को 20 अक्टूबर को हांगकांग में होने वाली एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के लिए सोमवार को आठ सदस्यीय भारतीय सीनियर टीम में शामिल किया गया। सेना के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता था। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की चयन समिति ने 24 नवंबर को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में होने वाली दक्षिण एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के लिए राष्ट्रीय सीनियर और जूनियर टीमों की भी घोषणा कर दी है। एशियाई क्रॉस कंट्री में भाग लेने वाली राष्ट्रीय टीम को नवंबर में पाकिस्तान में दक्षिण एशियाई क्रॉस कंट्री में खेलने का भी मौका मिलेगा। एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा पाकिस्तान में होने वाली दक्षिण एशियाई क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप में एथलीटों की भागीदारी फिटनेस पर निर्भर करेगी। जो भी एथलीट अनफिट होगा उसे राष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया जाएगा। एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के लिए टीम में सीनियर पुरुष : गुलवीर सिंह, कार्तिक कुमार, अभिषेक पाल, अरुण राठौड़।

### सनत जयसूर्या श्रीलंका के प्रमुख कोच बने

**कोलंबो।** सनत जयसूर्या को 2026 टी-20 विश्व कप तक श्रीलंकाई पुरुष टीम का प्रमुख कोच बनाया गया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने अंतरिम कोच जयसूर्या की अगवाई में टीम के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें स्थाई कोच बनाने का फैसला किया है। एसएलसी की ओर से कहा गया है श्रीलंका क्रिकेट की एग्ज़ेक्यूटिव कमेटी ने टीम के बेहतरीन प्रदर्शन को आधार मानते हुए ये निर्णय लिया है। जयसूर्या के अंतरिम कोच रहते हुए टीम ने भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की है। पिछले कुछ महीने में जयसूर्या की कोचिंग में श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत के एकदिवसीय सीरीज जीती, उसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ इंग्लैंड में 10 साल बाद टेस्ट में जीत हासिल की और फिर अभी भी न्यूजीलैंड को टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराते हुए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। जयसूर्या का ये पहला कोचिंग अनुभव है। इससे पहले जयसूर्या श्रीलंकाई टीम के साथ मुख्य चयनकर्ता के तौर भी कार्यभार संभाल चुके हैं। प्रमुख कोच के तौर पर जयसूर्या का पहली परीक्षा दंबुला और पल्लेकेले में होने वाले वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सफेद गेंद सीरीज में होगा।

# वापसी को तैयार लक्ष्य और सिंधू

## पेरिस ओलंपिक की निराशा के बाद आर्कटिक ओपन सुपर 500 में उतरेंगे दोनों दिग्गज



वंता (फिनलैंड), एजेंसी

पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में नाकाम रहे भारत के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू होने वाले आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगे। सिंधू और सेन का ओलंपिक के बाद यह पहला टूर्नामेंट होगा। इन दोनों ने इस बीच अपने खेल का मूल्यांकन करने और उसमें आवश्यक सुधार करने पर ध्यान दिया।

सिंधू ने इस बीच अपने पिछले कोच इंडोनेशिया के एगस ड्वी सैंटोसो से नाता तोड़कर भारत के अनूप श्रीधर और कोरियाई दिग्गज ली स्यून इल को अपने नए कोच के रूप में नियुक्त किया। दूसरी तरफ सेन ने अपनी फिटनेस पर ध्यान दिया। उन्होंने इस दौरान अपना अधिकतर समय ऑस्ट्रिया के रेड बुल एरेना में बिताया। आर्कटिक ओपन में सिंधू का पहला मुकाबला कनाडा की मिशेल ली से जबकि ओलंपिक में कांस्य पदक के मुकाबले में हारने वाले सेन का डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू अगर पहली बाधा पर कर लेती हैं तो अगले दौर में



उनका सामना 2022 की जूनियर विश्व चैंपियन 18 वर्षीय जापानी खिलाड़ी टोमाको मियाजाकी से हो सकता है जिससे वह इस साल की शुरुआत में स्विस ओपन में हार गई थी। सेन के लिए भी यह गेम्के से बदला लेने का मौका होगा। वह 2023 में इंडिया ओपन में उनसे हार गए थे। अगर वह इस मैच को जीतने में सफल रहते हैं तो उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के सातवीं वरीयता प्राप्त चोउ टीएन चेन से हो सकता है।

चोट के कारण चार महीने तक बाहर रहने के बाद मकाऊ ओपन में वापसी करने वाले किदांबी श्रीकांत भी आर्कटिक ओपन में अपनी चुनौती पेश करेंगे। वह हमवतन किरण जॉर्ज और सतीश कुमार करुणाकरण के साथ क्वालीफायर से अपना अभियान आगे बढ़ाएंगे। क्वालीफायर में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत का मुकाबला जॉर्ज से होगा, जबकि सतीश फ्रांस के अरनॉड मर्कले से भिड़ेंगे। महिला एकल में सिंधू के अलावा फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। चीन ओपन सुपर 1000 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली मालविका पहले दौर में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन से भिड़ेंगी, जबकि आकर्षी का मुकाबला जर्मनी की यवोन ली से होगा। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुडा क्वालीफायर में इज़राइल की हेली नीमन से भिड़ेंगी। पुरुष युगल में कोई भारतीय भाग नहीं ले रहा है लेकिन रितुपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा महिला युगल में जबकि सतीश और आद्या वरियाथ मिश्रित युगल में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

# फ्रिट्ज-दिमित्रोव जीत के साथ शंघाई मास्टर्स में आगे बढ़े



**शंघाई।** विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज टेलर फ्रिट्ज और 10वीं रैंकिंग के खिलाड़ी ग्रिगो दिमित्रोव बारिश से प्रभावित शंघाई मास्टर्स के दूसरे दौर के अपने-अपने मैच को जीतकर अगले दौर में पहुंच गए। इन दोनों खिलाड़ियों का मैच शनिवार को शुरू हुआ था लेकिन बारिश की बाधा के कारण यह सोमवार को पूरा हुआ।

अमेरिकी ओपन के उपविजेता फ्रिट्ज ने शनिवार को बारिश के कारण खेल रोके जाते समय फ्रांस के टेरेंस एटमाने के खिलाफ शुरुआती सेट में 4-3 की बढ़त बना ली थी। इस 26 साल के अमेरिका के खिलाड़ी ने 122 मिनट के मैच में विश्व रैंकिंग में 161वें स्थान पर काबिज एटमाने को 7-6 (4), 7-6 (5) हराया। अपने 100वें मास्टर्स टूर्नामेंट में खेल रहे 33 साल के दिमित्रोव ने जिजौ बर्ग्स पर सोमवार को एक सेट की बढ़त के साथ फिर से शुरुआत की। दिमित्रोव ने 6-3, 3-6, 6-2 से अपने नाम किया।

# लेवांडोव्स्की की हैट्रिक से बार्सिलोना शीर्ष पर पहुंचा

मैड्रिड, एजेंसी

- स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में अलावेस को 3-0 से चखाया हार का स्वाद

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां खेले गए मैच में 25 मिनट के अंतराल में हैट्रिक बनाई, जिससे बार्सिलोना ने अलावेस को 3-0 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में अंतरराष्ट्रीय ब्रेक से पहले शीर्ष पर पहुंच गया।

लेवांडोव्स्की ने सातवें, 22वें और 32वें मिनट में गोल करके लीग में नौ मैचों में अपने गोल की संख्या 10 पर पहुंचा दी। वह अभी तक वर्तमान सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में 11 मैच में 12 गोल कर चुके हैं। उन्होंने अपने पिछले पांच मैचों में आठ गोल किए हैं। पोलैंड के स्ट्राइकर ने मंगलवार को चैंपियंस लीग में बार्सिलोना की यंग बॉयज़ पर 5-0 से जीत में भी दो गोल किए थे। इस जीत से बार्सिलोना दूसरे स्थान पर काबिज रियाल मैड्रिड से तीन अंक आगे हो गया है। रियाल मैड्रिड शनिवार को चौथे स्थान पर मौजूद विलारियाल को 2-0 से पराजित करके बार्सिलोना की बराबरी पर पहुंच गया था।

इस बीच एटलेटिको मैड्रिड रियल सोसिदाद से 1-1 से ड्रा खेलकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया। अन्य मैचों में डोडी ल्यूकबाकियो ने 50वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर सेविला को रियल बेटिस पर 1-0 से जीत दिलाई जबकि गिरोना ने एथलेटिक बिलबाओ को हराया।

# ब्रूनो विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में

**रियो डी जेनेरियो।** फ्लैमेंगो डिफेंडर फैब्रिसियो ब्रूनो को चिली और पेरू के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है।

ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने बताया कि 28 वर्षीय खिलाड़ी रियल मैड्रिड के सेंटर-बैक एडर मिलिटाओ की जगह लेंगे जिन्हें मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैचों बहार होना पड़ा है। मिलिटाओ चोट के कारण ब्राजील की टीम से बाहर किए जाने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं। इससे पहले रविवार को सीबीएफ ने घोषणा की थी कि गर्दन की समस्या के कारण रियल मैड्रिड के फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर के हटने के बाद फुलहम के मिडफील्डर एंड्रियास परेरा को टीम में शामिल किया।

# भारत अंडर-19 ने बनाए 316 रन

चेन्नई, एजेंसी

- दूसरे टेस्ट के पहले दिन नित्या, कार्तिकेय, निखिल और कप्तान सोहम ने लगाए अर्धशतक

नित्या पांडे (94), केपी कार्तिकेय (71), निखिल कुमार (61) और कप्तान सोहम पटवर्धन (नाबाद 61) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत अंडर-19 टीम ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा दूसरे चार दिवसीय टेस्ट मैच में पहले दिन पांच विकेट पर 316 स्कोर खड़ा कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

आज यहां चेपक स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल चार रन के स्कोर पर वैभव सूर्यवंशी (3) आउट होकर वापस पैवेलियन लौट गए। वैभव को होकेस्ट्रा ने ली यंग के हाथों आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता



172 रनों की साझेदारी के दौरान नित्या और केपी कार्तिकेय ● एजेंसी

दिलाई। इसके बाद विहान मल्होत्रा एवं नित्या पांड्या ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। मल्होत्रा (10) को रामकुमार ने बोल्ड आउट कर दिया। इसके बाद नित्या पंड्या और केपी कार्तिकेय ने तीसरे विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी की। इस दौरान नित्या पंड्या (94) शतक से चूक गए। पांड्या को होकेस्ट्रा ने रानाल्डो के हाथों कैच आउट कराया। केपी कार्तिकेय ने 71 रन बनाए। उन्हें होवे ने ओ कॉनर के हाथों कैच आउट कराया। पांचवें विकेट के रुप में निखिल कुमार (61) रन बनाकर आउट हुए। निखिल को पैटरसन ने होवे के हाथों कैच आउट कराया। दो मैचों की इस श्रृंखला में भारतीय टीम 1-0 की बढ़त बनाए हुए हैञ दिन का खेल समाप्त होने पर कप्तान सोहम पटवर्धन (नाबाद 61) और हरवंश पंगालिया (सात) रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर हेरी होकेस्ट्रा ने दो विकेट लिए जबकि पैटरसन, होवे तथा रामकुमार को एक-एक विकेट मिला।

## बॉलीवुड हलचल



# शर्वरी ने दिखाया फिटनेस का जलवा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी ने सोशल मीडिया पर अपनी फिटनेस का जलवा दिखाया है। शर्वरी इस साल अपने शानदार प्रदर्शन के कारण सुर्खियों में हैं। मुंजा, महाराज और वेदा जैसी फिल्मों में उनकी दमदार अदाकारी ने लोगों का दिल जीत लिया है। शर्वरी अपनी आगामी फिल्म अल्फा के एक और शेड्यूल के लिए तैयार हो रही हैं, उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने वॉश बोर्ड एब्स दिखाकर सभी को बड़ा फिटनेस मोटिवेशन दिया है। शर्वरी ने अपने ग्लैमरस फिटनेस फोटोज को कैप्शन दिया इन माय फिट पूकी एरा। यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा के तीसरे शेड्यूल की शुरुआत होने जा रही है, और शर्वरी अपने फिटनेस के चरम पर हैं। इस फिल्म में वह आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी, और यह फिल्म 25 दिसंबर 2025 को रिलीज होगी।

# अजय की फिल्म सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में अजय देवगन, करीना कपूर, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, रवि किशन, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, रणवीर सिंह, श्वेता तिवारी और जैकी श्रॉफ की झलक देखने को मिली है और कई दमदार डायलॉग्स सुनने को मिले हैं। इस फिल्म के ट्रेलर को हिन्दी फिल्मों के इतिहास का सबसे लंबा ट्रेलर बताया जा रहा है। फिल्म के 4 :58 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत अजय देवगन के सीन से होती है, जो देश की सीमा पर बर्फ से लदे पहाड़ों की तरफ देख रहे हैं।करीना कपूर अजय देवगन की पत्नी की भूमिका में हैं, जो रामलीला आयोजित कर रही हैं। अब अजय देवगन इतिहास दोहराने जा रहे हैं और अपने वचन के लिए एक और लंका जलाने की तैयारी में हैं। यहां से कहानी एक अलग ट्रैक पर है। फिल्म में जैकी श्रॉफ से अजय देवगन पड़ताल करते दिख रहे हैं और बात हो रही हैं अर्जुन कपूर की। अर्जुन इस फिल्म में नेगेटिव भूमिका में शानदार जंच रहे हैं। और फि एंट्री होती है पुलिस ऑफिसर शक्ति की यानी दीपिका पादुकोण की। रोहित शेट्टी की निर्देशित सिंघम अगेनमें अजय देवगन, सिंघम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार, रणवीर सिंह,दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ जैसे कई सितारे नजर आयेंगे। यह फिल्म 01 नवंबर को दीवाली के अवसर पर रिलीज होगी।



### मणिरत्नम की फिल्म में फिर से काम करेंगे रजनीकांत

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत, सुप्रसिद्ध फिल्मकार मणिरत्नम के साथ फिर से काम करते नजर आ सकते हैं। रजनीकांत ने वर्ष 1991 में प्रदर्शित मणिरत्नम निर्देशित फिल्म थलपति में काम किया था। इस फिल्म में ममूटी, अरविंद स्वामी, अमरीश पुरी, श्रीविद्या, भानुप्रिया और शोभना ने भी अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म की कहानी महाभारत के कर्ण और दुर्योधन की दोस्ती से प्रेरित थी। इस फिल्म में रजनीकांत ने कर्ण से प्रेरित सूर्य की भूमिका निभाई थी जबकि ममूटी ने दुर्योधन से प्रेरित देवराज की भूमिका निभाई थी। चर्चा है कि रजनीकांत 33 साल के बाद फिर से मणिरत्नम की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। रजनीकांत के जन्मदिन 12 दिसंबर को इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा की जा सकती है।मणिरत्नम इन दिनों कमल हासन के साथ ठग लाइफ की शूटिंग कर रहे हैं। वहीं रजनीकांत अपनी फिल्म वेट्टैयन की रिलीज के लिए तैयार हैं, जो 10 अक्टूबर को आनी है।

# अलास्कन नाइट्स ने एसजी पाइपर्स को हराकर दर्ज की पांचवी जीत

लंदन, एजेंसी

- जीसीएल ग्लोबल शतरंज लीग में कार्लसन से हारने के बावजूद अनीश गिरी शीर्ष पर

पीबीजी अलास्कन नाइट्स ने यहां चल रही टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में रविवार चौथे दिन के दूसरे मैच में अल्पाइन एसजी पाइपर्स को 9-7 के करीबी अंतर से हराकर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। अलास्कन नाइट्स ने इस टूर्नामेंट के आधे चरण तक हुए कुल 15 मैचों के बाद अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं।

अलास्कन के शीर्ष खिलाड़ी अनीश गिरी के मैग्नस कार्लसन से हारने के बावजूद उनकी टीम 58 गेम अंक हासिल करके शीर्ष पर है। वहीं गत चैंपियन त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स ने अपग्रेड मुंबा मास्टर्स को पराजित कर दूसरा स्थान हासिल किया और टीम शीर्ष स्थान पर काबिज अलास्कन से केवल तीन गेम अंक पीछे है। कॉन्टिनेंटल किंग्स के तेजतर्रार खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा ने फ्रांस के शीर्ष रेटिंग वाले खिलाड़ी मैक्सिम वैचियर-लाग्रेव को हराकर प्रतियोगिता में अपना विजय क्रम बरकरार रखा। दिन के आखिरी मैच में दुनिया के नंबर एक कार्लसन (अल्पाइन एसजी पाइपर्स) और नंबर दो खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा (अमेरिकन गैम्बिट्स) के बीच खेला गया शानदार मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

जूनियर खिलाड़ियों के बोर्ड पर डैनियल डार्डा ने जोनास बजेर को शिकस्त देकर अल्पाइन एसजी पाइपर्स को अमेरिकन गैम्बिट्स के खिलाफ 9-7 से जीत दिलाई, जिससे वह 43 गेम अंक के साथ तीसरे स्थान पर आ गए। रविवार के मुकाबलों में एक जीत और एक हार से अमेरिकन गैम्बिट्स 33 गेम अंक लेकर चौथे स्थान पर है। अपग्रेड मुंबा मास्टर्स पांचवें जबकि गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स तालिका में अंतिम स्थान पर हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## हरियाली को बढ़ावा



कोलकाता में दुर्गा पूजा उत्सव से पहले हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधों का उपयोग करके एक कलाकार के द्वारा बनाया गया पूजा पंडाल। •एजेंसी

## हसीना के सहयोगी हिरासत में, पूर्व प्रधान सचिव भी गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रधान सचिव अबुल कलाम आजाद और ढाका मेट्रोपॉलिटन अवामी लीग के कोषाध्यक्ष हुमायूं कबीर को जुबो दल के नेता शमीम की हत्या के मामले में सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने रविवार को यह आदेश जारी किया। इससे पहले, इस मामले के जांच अधिकारी, पल्टन पुलिस स्टेशन के उप-निरीक्षक (एसआई) नजमुल हसन ने दोनों आरोपियों के लिए 10 दिन की पुलिस रिमांड की मांग की थी। जवाब में, बचाव पक्ष के वकील ने रिमांड रद्द करने की मांग करते हुए जमानत याचिका दायर की थी।

# हमले का साल पूरा, जान गंवाने वालों को किया याद

- इजराइल पर हमास के हमले को लेकर दुनिया भर के कई देशों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**बुडापेस्ट, एजेंसी**

इजराइल पर हमास के हमले का एक वर्ष पूरा होने को लेकर सोमवार को दुनिया भर के कई देशों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। वैश्विक स्तर पर कई नेताओं ने यहूदी-विरोध को समाप्त करने तथा इजराइली बंधकों की रिहाई का आह्वान किया। पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास के लड़ाकों ने इजराइल की सीमा में घुसकर सैकड़ों लोगों को बंधक बना लिया था।

हमास के हमले में 1,200 लोग मारे गए थे। इसके बाद से इजराइल के गाजा पर हमले जारी हैं। रूस व यूक्रेन के बीच लंबे समय से जारी युद्ध के बीच इजराइल-हमास जंग से पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया।



हमलों के एक साल पूरे होने पर अपनों को याद कर पत्नी को गले लगाता पति।

### हमास ने कहा, इजराइल ने संघर्ष विराम पर लगाई रोक

**गाजा।** हमास के मुख्य वार्ताकार और उप गाजा प्रमुख खलील अल-हय्या ने कहा है कि गाजा में बमबारी शुरू होने के एक साल बाद और हमास के नवीनतम के बावजूद इजराइल अब भी संघर्ष विराम समझौते को रोक रहा है। अल हय्या ने एक भाषण में कहा हम पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि फिलिस्तीन का मुद्दा दुनिया में प्रमुख विषय बन चुका है।

### हमलों में लेबनान के 10 दमकल कर्मी मारे गए

**बेरूत।** लेबनान के दक्षिणी हिस्से में इजराइल के हमलों में कम से कम 10 दमकल कर्मी मारे गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अग्निशमन कर्मी बाराचित कस्बे में एक नगरपालिका भवन में थे, जहां उस समय हमला हुआ, जब वे बचाव अभियान शुरू करने की तैयारी कर रहे थे।

### फिलिस्तीन ने इजराइल पर दागे रॉकेट

**यरुशलम।** गाजा में हमले की बरसी पर शोक मनाए जाने के दौरान सोमवार को फिलिस्तीनी उग्रवादियों ने इजराइल पर चार रॉकेट दाग दिए। हालांकि, शोक समारोह में कोई बाधा नहीं पहुंची। हमास ने यह भी कहा कि उसने गाजा के विभिन्न हिस्सों में इजराइली सेना पर हमला किया।

## एक नजर

### मेक्सिको में मेयर एलेजांद्रो आर्कोस की हत्या

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के मेक्सिकन सिटी के मेयर एलेजांद्रो आर्कोस की पदभार ग्रहण करने के एक सप्ताह से भी कम समय में हत्या कर दी गई। बीबीसी की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिवंगत आर्कोस रविवार को चिलपेंसिंगो में मृत पाए गए। वह दक्षिण-पश्चिमी राज्य गुएरेरो के छह दिनों तक मेयर रहे थे।

### परिवार के 13 लोगों को जहर देने वाली लड़की गिरफ्तार

**सुक्कुर (सिंध)।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक लड़की और उसके प्रेमी को अपने परिवार के 13 सदस्यों को जहर देकर मारने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पाकिस्तानी समाचारपत्र डॉन ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने कहा कि शाइस्ता अमीर बख्श से प्यार करती थी लेकिन उसका परिवार उनकी शादी के लिए सहमत नहीं था, जिसके कारण उसने प्रेमी के साथ मिलकर 19 अगस्त को खैरपुर के पास हैबत खान ब्रोही गांव में सामूहिक हत्या करने की योजना बनाई।

### म्यांमा : पूर्व सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेता की जेल में मौत

**म्यांमा।** पूर्व सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेता की जेल में मौत बैंकॉक, सात अक्टूबर (एपी) म्यांमा की पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) के वरिष्ठ नेता जॉ मिंट मौंग की सोमवार को जेल में मौत हो गई। वह 72 साल के थे। मौंग को 2021 में सेना द्वारा तख्ता पलट किए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था। माना जाता है कि उन पर लगे आरोप राजनीति से प्रेरित थे।

### सिंगापुर में भारतीय मूल के पूर्व मंत्री को एक साल जेल

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस ईश्वरन ने भ्रष्टाचार के एक मामले में सोमवार को अपनी एक साल कारावास की सजा शुरू की। उन्होंने अपनी दोषसिद्धि को चुनौती नहीं दी और देश से माफी मांगी। ईश्वरन (62) को दो उद्योगपतियों से सात साल की अवधि में करीब 3,13,200 डॉलर के अवैध उपहार हासिल करने और न्याय को अवरुद्ध करने के मामले में पिछले सप्ताह बृहस्पतिवार को कारावास की सजा सुनाई गई थी।

### सूडान में जारी संघर्ष में 13 बच्चों की गई जान

**काहिरा।** सूडान के उत्तरी दारफुर में सूडानी सेना और उसके प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल के बीच जारी संघर्ष में कम से कम 13 बच्चों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यूनिसेफ ने कहा कि बच्चों की उम्र छह से 17 वर्ष के बीच थी। सूडानी सेना ने उत्तरी दारफुर की राजधानी अल फाशिर से 70 किलोमीटर पूर्व में स्थित अल कुमा शहर के एक बाजार को निशाना बनाकर हवाई हमले किए।

### इराकी सैन्य अभियान में शीर्ष आईएस आतंकवादी ढेर

**बगदाद।** बगदाद के दक्षिणी प्रांत बाबिल में रविवार को एक सैन्य अभियान में चरमपंथी आईएस समूह का एक शीर्ष आतंकवादी मारा गया। इराकी अर्धसैनिक बल हश्द शाबी बलों ने सोमवार को एक बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर, पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज के नाम से जाने जाने वाले एक अर्धसैनिक बल ने बगदाद के दक्षिण में जुर्फ अल-नस्र इलाके में एक अभियान चलाया।

# भारत-मालदीव में मुद्रा समझौता


## प्रधानमंत्री मोदी ने मुइज्जू से द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा, मुक्त व्यापार समझौता जल्द

- भारत, मालदीव को 40 करोड़ डॉलर की देगा सहायता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने सोमवार को कहा कि मालदीव के साथ उसके दोस्ताना संबंध बने रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने व्यापक आर्थिक और समुद्री सहयोग के लिए एक खाका पेश किया। यह दोनों देशों के बीच पिछले साल आई कुछ खटास के बाद रिश्तों के फिर से बेहतर होने का संकेत है। मोदी और मुइज्जू ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और मुद्रा अदला-बदली समझौते पर सहमति जताई। इसके तहत भारत, मालदीव को 40 करोड़ डॉलर की सहायता देगा।

साथ ही 3,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता प्रदान करेगा। यहां प्रधानमंत्री मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में बातचीत के बाद मुइज्जू ने कहा, मैं 40 करोड़ डॉलर के द्विपक्षीय मुद्रा अदला-बदली समझौते के अलावा 30 अरब रुपये (3,000 करोड़ रुपये) के रूप में सहायता प्रदान करने के लिए भारत सरकार का आभारी हूं। यह विदेशी मुद्रा से जुड़े मुद्दों का हल करने में सहायक होगा। मोदी ने कहा, हमने द्विपक्षीय संबंधों में रणनीतिक आयाम जोड़ने के लिए व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी को अपनाया है। दोनों नेताओं ने मालदीव में रुपे कार्ड जारी किया। इसके अलावा डिजिटल रूप से हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नये रनवे का उद्घाटन किया और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति जताई। उल्लेखनीय है कि पिछले साल दोनों देशों के बीच रिश्तों में खटास आई थी। मोदी ने कहा आने वाले समय में हम भारत और मालदीव को यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) से जोड़ने की दिशा में काम करेंगे।



मालदीव के राष्ट्रपति से मिलते प्रधानमंत्री मोदी।

### जलवायु परिवर्तन है बड़ी चुनौती

मोदी ने कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव में संस्थापक सदस्य के रूप में जुड़ने पर मालदीव का स्वागत किया और कहा कि जलवायु परिवर्तन दोनों देशों के लिए बड़ी चुनौती है। इस संबंध में सौर ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता में भारत अपने अनुभव मालदीव के साथ साझा करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने मुइज्जू का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी यात्रा से संबंध मजबूत होंगे।

### हमें उम्मीद है कि मालदीव में और अधिक भारतीय पर्यटक आएंगे: मुइज्जू

**नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि भारत मालदीव के लिए सबसे बड़े पर्यटन स्रोत बाजारों में से एक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अधिक भारतीय पर्यटक इस द्वीपसमूह राष्ट्र का दौरा करेंगे। यहां हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद एक प्रेस वार्ता में, मुइज्जू ने यह भी कहा कि मालदीव और भारत के बीच संबंध सदियों पुराने हैं, जैसा कि हमारे पूरे इतिहास में स्पष्ट रहा है। कई मालदीववासी पर्यटन, चिकित्सा उद्देश्यों, शिक्षा और कई अन्य कारणों से भारत आते हैं। साथ ही, मालदीव में बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं, जो मालदीव के विकास में योगदान देते हैं। मुइज्जू ने कहा, भारत हमारे सबसे बड़े पर्यटन स्रोत बाजारों में से एक है, और हम मालदीव में अधिक भारतीय पर्यटकों का स्वागत करने की उम्मीद करते हैं, जिससे हमारे लोगों के बीच साझा विकास और समझ को बढ़ावा मिलेगा।

# इमरान के 18 तक मिलने-जुलने पर प्रतिबंध

**लाहौर, एजेंसी**

- कई शहरों में सरकार-विरोधी प्रदर्शन के बीच लगाया प्रतिबंध



पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सुरक्षा चिंताओं के कारण 18 अक्टूबर तक उनके परिवार के सदस्यों, वकीलों और पार्टी नेताओं से मिलने पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिया। यह प्रतिबंध खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा कई शहरों में सरकार-विरोधी प्रदर्शन किये जाने के बीच लगाया गया है। पीटीआई के संस्थापक खान अगस्त 2023 से कई मामलों में रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने पीटीआई पर 15 और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन को बाधित करने के प्रयास का आरोप लगाया है और यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया है कि ये साजिशें नाकाम हों। पंजाब सरकार के एक अधिकारी ने बताया पीटीआई के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को रावलपिंडी की अदियाला जेल में अपने परिवार, वकीलों और पार्टी नेताओं से 18 अक्टूबर तक मिलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर यह फैसला लिया है। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने आगामी एससीओ शिखर सम्मेलन की प्रत्याशा में यह फैसला लिया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने आरोप लगाया है कि शिखर सम्मेलन को विफल करने के लिए पीटीआई इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शन कर रही है।

## हैरिस के पाकिस्तानी-अमेरिकी नागरिक से संबंधों को लेकर सवाल

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में एक हिंदू राजनीतिक समूह ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के यूएस कमीशन फॉर इंटरनेशनल रिलिजियस फ्रीडम (यूएससीआईआरएफ) के पाकिस्तानी-अमेरिकी सदस्य से संबंधों पर सवाल उठाए व संवेदनशील कश्मीर मुद्दों पर उनके प्रशासन के रुख को लेकर चिंता व्यक्त की है।

हिंदूज फॉर अमेरिका फर्स्ट के संस्थापक और अध्यक्ष उत्सव संदूजा ने यूएससीआईआरएफ की पिछले सप्ताह जारी एक रिपोर्ट के बाद यह टिप्पणी की है जिसमें आरोप लगाया गया है कि भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थितियां 2024 में भी बदतर रहीं, खासतौर से देश के आम चुनावों से पहले और तुरंत बाद के महीनों में। भारत ने इस रिपोर्ट को दुर्भावनापूर्ण बताया है। ट्रंप के समर्थक संदूजा ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें हैरिस को प्रचार का समर्थन करने के लिए पाकिस्तानी अमेरिकी और यूएससीआईआरएफ के आयुक्त आसिफ महमूद की तारीफ करते हुए देखा गया।

## दुनिया की नदियों के लिए 2023 गत तीन दशक में सबसे अधिक सूखा

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मौसम एजेंसी ने सोमवार को बताया कि 2023 विश्व की नदियों के लिए, तीन दशकों से अधिक समय में सबसे सूखा वर्ष रहा, क्योंकि रिकॉर्ड गर्मी की वजह से जल प्रवाह घट गया और कुछ स्थानों पर लंबे समय तक सूखे की स्थिति बनी रही। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि कई देशों में स्थित ग्लेशियर को गत पांच दशक में भारी नुकसान हुआ है जो इन नदियों में जल के स्रोत हैं।

# रूस के तेल टर्मिनल को बनाया निशाना

**कीव, एजेंसी**

- राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा- युद्ध अपने अहम चरण में

यूक्रेन की सेना ने दावा किया कि उसने क्रीमिया में रूस के अहम तेल टर्मिनल को निशाना बनाया है जहां से रूसी सेना को युद्ध में तेल की आपूर्ति की जाती है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध अहम चरण में प्रवेश कर गया है।

यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि रूस की सैन्य और आर्थिक संभावनाओं पर चोट पहुंचाने के इरादे' से उसके कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप के दक्षिण में स्थित फियोदोसिया तेल टर्मिनल पर हमला किया गया क्योंकि वहां से रूसी सेना को युद्ध के लिए तेल की आपूर्ति की जा रही थी।

### यूक्रेन की ओर से युद्ध लड़ रहे रूसी विपक्षी कार्यकर्ता की मौत

**मॉस्को।** यूक्रेन और रूस में बीच लंबे समय से चल रहे संघर्ष के बीच कीव की ओर से लड़ रहे रूस के एक प्रमुख विपक्षी कार्यकर्ता इल्दर दादिन की लड़ाई में मौत हो गई है। इस संबंध में सोमवार को जारी मीडिया रिपोर्टों में उसे भर्ती करने वाले समूह के हवाले से यह जानकारी दी गयी।

## हमला



बेंगलुरु के पास बन्नेरघट्टा नेशनल पार्क में रविवार को एक तेंदुआ सफारी बस पर कूद गया। •एजेंसी

## ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति सईद के दूसरी बार चुनाव जीतने के संकेत

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया में आम चुनाव के बाद हुए सर्वेक्षणों (एग्जिट पोल) में निवर्तमान राष्ट्रपति कैस सईद को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए जीत मिलने की संभावना जताई गई है। बहरहाल, सईद ने 'एग्जिट पोल' के नतीजों को स्वीकार करते हुए रविवार देर रात कहा की कि वह अपनी जीत की घोषणा करने से पहले आधिकारिक परिणामों की प्रतीक्षा करेंगे। 'एग्जिट पोल' में सईद की भारी अंतर से जीत की संभावना जताई गई है। सईद के कई विरोधियों को गिरफ्तार किए जाने से चुनाव पर असर पड़ा है। सईद ने चुनाव के बाद कहा, हम देश से सभी भ्रष्ट लोगों और षड्यंत्रकारियों का सफाया कर देंगे।

## पाकिस्तान का द्विपक्षीय मुद्दों पर वार्ता की संभावना से इनकार

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान ने सोमवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर की आगामी इस्लामाबाद यात्रा के दौरान द्विपक्षीय मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत की संभावना से इनकार किया।

भारत ने शुक्रवार को घोषणा की कि जयशंकर इस्लामाबाद में एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। हालांकि, जयशंकर ने पाकिस्तान की अपनी यात्रा के दौरान द्विपक्षीय वार्ता की संभावना से इनकार किया। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि पाकिस्तान 15 से 16 अक्टूबर तक इस्लामाबाद में एससीओ सदस्य देशों के शासनाध्यक्षों की 23वीं परिषद की मेजबानी करेगा। जयशंकर की यात्रा और भारत-पाकिस्तान संबंधों के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को इस यात्रा के संबंध में आधिकारिक तौर पर सूचना' मिल गई है और वह सभी सदस्यों का स्वागत करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा उनकी यात्रा एक बहुपक्षीय कार्यक्रम के लिए है, न कि पाकिस्तान-भारत संबंधों पर चर्चा करने के लिए। ये टिप्पणियां स्व-व्याख्यात्मक हैं।

# पाकिस्तान में आत्मघाती हमला, दो चीनी नागरिकों व आतंकी की मौत

**कराची, एजेंसी**

- जिन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास देर रात हुआ विस्फोट

पाकिस्तान के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे के पास देर रात चीनी श्रमिकों के काफिले को निशाना बनाकर किए गए बलूच विद्रोही समूह के आत्मघाती हमले में दो चीनी नागरिकों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास देर रात हुए विस्फोट में एक संदिग्ध आत्मघाती हमलावर की भी मौत हो गई।

यह हमला पाकिस्तान में चीनी श्रमिकों के खिलाफ हिंसा की श्रृंखला में नवीनतम घटना है। यह हमला राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से दो सप्ताह से भी कम समय पहले हुआ है।



प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह विस्फोट एक आत्मघाती हमला था, जिसमें जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से निकल रहे चीनी इंजीनियरों और निवेशकों के काफिले को निशाना बनाया गया। यह हमला हवाई अड्डे के मुख्य टर्मिनल से एक मील से भी कम दूरी पर हुआ। अधिकारियों ने हवाई अड्डे की तरफ जाने वाले सभी यातायात को कुछ समय के लिए रोक दिया। हमले में एक इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के चीनी कर्मचारियों को ले जा रहे काफिले को निशाना बनाया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक आसिफ शेख ने बताया प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आत्मघाती हमले को अंजाम देने के लिए, एक छोटे वाहन का तब इस्तेमाल किया गया, जब चीनी नागरिकों को ले जा रहा वाहन कराची हवाई अड्डे के पास मुख्य सिग्नल पर पहुंचा था। उन्होंने कहा कि आत्मघाती हमलावर द्वारा इस्तेमाल किए गए वाहन में विस्फोटक थे और निशाने से टकराने के बाद उसमें विस्फोट हो गया।

## ज्ञान-विज्ञान

सेंटौर पिंडों की उत्पत्ति व बनावट का रहस्य खोलेगी यह खोज

# गैस की धारा छोड़ रहे बर्फीले पिंड की खोज

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** सुदूर अंतरिक्ष में गैस की तीव्र धारा छोड़ रहे बर्फीले पिंड की खोज की है। जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप द्वारा यह खोज की गई है। इन्हें सेंटौर कहा जाता है। हमारे सौरमंडल की उत्पत्ति व विकास को समझने में यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही है। साथ ही सेंटौर पिंडों की उत्पत्ति व बनावट के रहस्य को जानने में भी मददगार होगी।

सौरमंडल के सभी पिंडों से हम परिचित हैं। मगर सेंटौर जैसे बर्फीले पिंड आज भी रहस्य बने हुए हैं। इन पिंडों से निकलने वाली गैस की धारा कुछ उसी तरह की होती है, जैसे पृथ्वी में ज्वालामुखी फटा करते हैं। इस पिंड का नाम सेंटौर 29पी/श्वासमैन-वाचमैन है। पिंड के चट्टान के भीतर से गैस के विस्फोट होते हैं और कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड के जेट जैसी तेज धारा छोड़ते हैं। विस्फोट हर छह से आठ सप्ताह में होते हैं, जिस कारण यह बाहरी सौर मंडल में सबसे गतिशील वस्तुओं में माने जाते हैं। इस पिंड का आकार मूंगफली जैसा है। यह बर्फीले पिंड बृहस्पति और नेपच्यून के बीच से सूर्य की परिक्रमा करते हैं। यह खोज सौर मंडल के गठन और विकास में नई अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, ऐसा वैज्ञानिकों का मानना है। वैज्ञानिक इन पिंडों की संरचना को समझने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही उनकी गैस-उत्सर्जन गतिविधि के कारण को समझने का प्रयास कर रहे हैं। पिंडों की सतह के नीचे मौजूद बर्फ के लुप्त होने का कारण भी तलाश करेंगे।



खोजे गए सेंटौर की तस्वीर।

### प्राचीन पिंडों व धूमकेतुओं के बीच की कड़ी हैं ये पिंड

**नैनीताल :** सेंटौर के संदर्भ में अधिक जानकारी नहीं है। यह पूर्व ट्रांस-नेप्च्यूनियन वस्तुएं हैं जो पिछले कुछ मिलियन वर्षों में ग्रहों के सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रभाव से नेप्च्यून की कक्षा के अंदर चली गई हैं। ये पिंड बाहरी सौर मंडल में आदिकालीन बर्फीले पिंडों और विकसित धूमकेतुओं के बीच की कड़ी हैं। नासा ग्रीनबेल्ट, मैरीलैंड के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर और वाशिंगटन डी.सी., अमेरिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है।